संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज    समूह संपादक : रवि भारद्वाज    ऊना, सोमवार, 20 मार्च 2023 ₹ 2    www.actionindialive.com    facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्षः 12 अंकः 77 पृष्ठः 12    RNI : HPHIN/2012/48072
actionindiauna@gmail.com    हिमाचल संस्करण    दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को श्रीराम जन्मभूमि में अशर्फी भवन मन्दिर के अंतर्गत नवनिर्मित श्रीरामकेतु स्तंभ व श्रीरामलला भवन का दौरा किया।

# 'अमृतपाल का आईएसआई कनेक्शन'

## आनंदपुर खालसा फोर्स नाम से प्राइवेट आर्मी बना रहे थे, घर और हथियारों पर एकेएफ लिखा मिलाः डीआईजी, एनआईए की होगी मामले में एंट्री

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**
**पंजाब में** खालिस्तान समर्थक और वारिस पंजाब दे संगठन के प्रमुख अमृतपाल की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दूसरे दिन भी राज्य में अभियान छेड़े हुए है। इधर, जालंधर रेंज के डीआईजी स्वप्न शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमृतपाल के पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से कनेक्शन का खुलासा किया है। ऐसे में अब इस केस में एनआईए की एंट्री हो सकती है। इधर, पुलिस ने एक और खुलासा किया है। पुलिस के मुताबिक, अमृतपाल ने आनंदपुर खालसा फोर्स (एकेएफ) बनाने की तैयारी कर ली थी। उनके घर और साथियों से बरामद हथियारों पर एके-एफ लिखा मिला है। अमृतसर रूरल के एसएसपी सतिंदर सिंह ने कहा कि अमृतपाल के एक करीबी से 100 से ज्यादा अवैध कारतूस मिले। पूछताछ में उसने बताया कि अमृतपाल ने उसे ये कारतूस दिलाए थे।

### मोबाइल इंटरनेट बंद, कई जिलों में धारा 144 लगाई

**पूरे** पंजाब में पुलिस-प्रशासन अलर्ट मोड पर है। अमृतसर, फाजिल्का, मोगा, मुक्तसर समेत कई जिलों में धारा 144 लागू है। इसकी वजह अमृतसर में हो रहा जी20 देशों का सम्मेलन बताया जा रहा है। पंजाब में सोमवार दोपहर 12 बजे तक मोबाइल इंटरनेट और बल्क एसएमएस सेवाएं बंद रहेंगी। 12 बजे के बाद इंटरनेट सेवाएं चालू होंगी या नहीं, फिलहाल इसे लेकर कोई जानकारी नहीं है।



**अमृतपाल समेत 8 पर आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्जः** अमृतसर पुलिस ने वारिस पंजाब दे के प्रमुख अमृतपाल और उनके 7 साथियों पर आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। शनिवार को अमृतपाल के 7 साथियों को जालंधर के मैहतपुर से पकड़ा था।

**अमृतपाल पर एनएसए लगाया जा सकता है, फाइनेंसर गिरफ्तारः** अमृतपाल की गिरफ्तारी की सूचना शनिवार दोपहर में आई थी मगर देर रात पुलिस ने बताया कि वह फरार हैं। उनकी गाड़ी नकोदर में खड़ी मिली। सूत्रों के मुताबिक, उस पर एनएसए लगाया जा सकता है।

### पुलिस अमृतपाल को कहीं ले गईः मां

**अमृतपाल** सिंह की मां बलविंदर कौर का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें उन्होंने कहा कि अमृतपाल सिंह को जालंधर के शाहकोट थाने से पुलिस कहीं ले गई है। यह वीडियो पहले अपलोड हुआ था, लेकिन पुलिस ने उसे डिलीट करवा दिया। अमृतपाल को ढूंढने के लिए पूरी संगत शाहकोट पहुंचे। पता करो कि अमृतपाल सिंह अब कहां है। अमृतपाल के परिवार ने लोगों से इकट्ठा होकर शाहकोट थाने का घेराव करने को कहा है। अमृतपाल के आईएसआई के साथ जुड़े होने के प्रारंभिक सबूत मिलने के बाद केंद्र अलर्ट हुआ है। अमृतपाल को विदेश से भी फंडिंग का शक है। महंगी गाड़ियों में सवार होने को भी इसी से जोड़ा जा रहा है।

### कुछ गलत ना हो जाएः अमृतपाल के पिता

**अमृतपाल** के पिता ने बताया कि पुलिस के अधिकारी बेटे को आत्मसमर्पण करने के लिए कह रहे हैं। आशंका है कि कहीं पुलिस अमृतपाल के साथ कुछ गलत न कर दे। अमृतपाल ने क्या गुनाह किया है, वह तो युवाओं का नशा छुड़वा रहा है।
**जालंधर में पुलिस ने घेरा था, अमृतपाल को पकड़ नहीं पाएः** अमृतपाल जालंधर और बठिंडा में प्रोग्राम थे। जालंधर के मैहतपुर में वह प्रोग्राम में जा रहे थे कि पुलिस ने उन्हें पकड़ने के लिए घेराबंदी शुरू कर दी। अमृतपाल का काफिला मैहतपुर के पास पहुंचा तो पुलिस ने घेरा डाल लिया। काफिले में आगे चल रही 2 गाड़ियों में सवार 7 लोग पकड़ लिए गए। अमृतपाल की कार काफिले में तीसरे नंबर पर थी।

## दिल्ली पुलिस ने रेप पीड़ितों पर दिए बयान पर राहुल से जवाब मांगा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**रेप** पीड़ितों पर दिए बयान के बारे में पूछताछ करने के लिए दिल्ली पुलिस रविवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के घर पहुंची। करीब 2 घंटे बाद स्पेशल सीपी (लॉ एंड ऑर्डर) सागर प्रीत हुड्डा से राहुल मिले। स्पेशल सीपी ने बताया कि हमने राहुल गांधी से उनके बयान के संबंध में जानकारी मांगी है। राहुल गांधी ने कुछ वक्त मांगा है और कहा कि वो जानकारी देंगे। स्पेशल सीपी हुड्डा ने कहा कि राहुल बोले कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान वे बहुत सारे लोगों से मिले हैं। सारी कड़ियां जोड़ने में थोड़ा वक्त लगेगा। जरूरत पड़ी तो राहुल गांधी से आगे भी उनसे पूछताछ की जाएगी। राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान रेप पीड़ित पर बयान दिया था।

## पंजाब में इंटरनेट बंद, जेलों में गैंगस्टर चला रहेः बलकौर



**टीम एक्शन इंडिया/लुधियाना**
**पंजाबी** सिंगर सिद्धू मूसेवाला की मानसा में मनाई गई पहले बरसी के दौरान पिता बलकौर सिंह ने कहा कि जिस दिन लॉरेंस का इंटरव्यू जेल से चलता देखा तो दोबारा ऐसा महसूस हुआ कि एक बार फिर से बेटे का कत्ल हो गया है। सरकार ने पंजाब की जनता का इंटरनेट बंद कर दिया, लेकिन गैंगस्टरों का इंटरनेट जेलों में सरेआम चल रहा है।
अब हालात ये आ गए है कि इंसाफ लेने के लिए विधानसभा के दरवाजे पर पत्नी को साथ लेकर बैठना पड़ेगा। बलकौर सिंह ने पंजाब सरकार और केंद्र सरकार मुर्दाबाद का पहली बार नारा लगाया। उन्होंने कहा कि गैंगस्टर खुद सिद्धू की मौत की जिम्मेवारी ले रहा है और पुलिस उसके सामने घुटने टेक रही है। मैंने चाइना बार्डर पर -30 डिग्री में ड्यूटी करके देश के लिए सेवा की है तो उसका ये सिला मिल रहा है।





भारत को वनडे इतिहास की सबसे बड़ी हार मिली है। टीम को दूसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया ने दस विकेट से हरा दिया। टीम 234 बॉल रहते हार गई। इस लिहाज से यह हमारी वनडे इतिहास की सबसे बड़ी हार है।

## जंग के बीच पुतिन मारियुपोल पहुंचे

**मास्को:** रूस और यूक्रेन की जंग के बीच ही रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अचानक यूक्रेन के डोनेट्स्क क्षेत्र के कब्जे वाले क्षेत्र मारियुपोल में पहुंचे हैं। वह हेलीकॉप्टर से यहां पहुंचे और कार ड्राइव करके कई जगहों का दौरा किया है। इस दौरान पुतिन ने कार रोककर यहां के नागरिकों से भी बात की है। पुतिन के मारियुपोल दौरे की खबरें ऐसे समय में आई हैं, जब पिछले दिनों उनके खिलाफ इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट (आईसीसी) की तरफ से एक वारंट जारी किया गया है।

## राहुल गांधी ने कैम्ब्रिज स्पीच पर सफाई दी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**विदेश** मंत्रालय की कमेटी की मीटिंग में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ब्रिटेन में दिए बयान पर सफाई दी। उन्होंने कहा कि मेरा बयान किसी देश या सरकार को लेकर नहीं था। राहुल बोले मेरा बयान एक व्यक्ति को लेकर था। मैंने भारत के लोकतंत्र के संबंध बात कही। इस मुद्दे पर किसी भी दूसरे देश को दखलंदाजी के लिए नहीं कहा है। राहुल ने यह भी कहा कि केवल भारतीय लोकतंत्र पर सवाल उठाया, इसके लिए मुझे एंटी



नेशनल नहीं कह सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, विदेश मंत्रालय ने पार्लियामेंट्री कंसल्टेटिव कमेटी की मीटिंग बुलाई थी। इसमें जी-20 में भारत की प्रेसीडेंसी को लेकर चर्चा हुई थी। शुरूआत में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस पर प्रेजेंटेशन भी दिया। इसी बैठक के दौरान राहुल गांधी ने यह बयान दिए हैं। एक भाजपा सांसद ने यह सवाल उठाया कि कुछ नेता विदेशों में भारतीय लोकतंत्र के बारे में बोलकर राजनीतिक फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं।

## मिलकर चुनाव लड़ेंगे और सरकार बनाएंगेः गहलोत



**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
**राजस्थान** में मंत्रिमंडल विस्तार और संगठन में नियुक्तियों को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मल्लिकार्जुन खड़गे से नई दिल्ली में शनिवार को मुलाकात की है। खड़गे से मुलाकात के बाद सीएम गहलोत ने पत्रकारों से बातचीत में पूरी साफगोई से पार्टी में मतभेद को स्वीकार करते हुए कहा छोटे-मोटे मतभेद हैं, जो हर पार्टी में और हर राज्य में होते हैं। मतभेद और मनभेद तो राजस्थान बीजेपी में हैं। गहलोत ने कहा कि इन छोटे-मोटे मतभेदों के बावजूद राजस्थान में कांग्रेस पार्टी के नेता मिलकर चुनाव लड़ेंगे और 2023 में सरकार रिपीट करवाएंगे। जहां तक मुख्यमंत्री की बात है तो हमेशा इसका फैसला हाईकमान करता है।

## ज्यूडिशियरी पर सरकार का कोई दबाव नहींः चंद्रचूड़

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सीजेआई** डीवाई चंद्रचूड़ बतौर जज 23 साल का समय पूरा करने वाले हैं, लेकिन इतने लंबे करियर के दौरान उन्होंने कभी भी किसी दबाव का सामना नहीं किया। यह



बता उन्होंने एक इवेंट में कही है। चीफ जस्टिस बोले- दबाव होता है, लेकिन दिमाग पर ताकि किसी केस का सही समाधान खोजा जा सके। उसका सही फैसला लिया जा सके। इस इवेंट में चीफ जस्टिस ने अपनी पसंद, कॉलेजियम सिस्टम, जजों की ऑनलाइन ट्रोलिंग पर भी बात की। उन्होंने बताया कि अगर वे क्रिकेटर होते तो राहुल द्रविड़ की तरह होते। उनकी एक धारणा है। मेरी एक धारणा है और इनमें अंतर होना तय है। आखिर धारणाओं में अंतर होने में क्या गलत है?

## राहतः उप्र में बिजली कर्मचारियों की हड़ताल खत्म



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**उत्तर** प्रदेश में बिजली कर्मचारियों की हड़ताल रविवार को खत्म हो गयी। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा और समिति के बीच हुए समझौते के बाद विद्युत संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने इसकी घोषणा की। मंत्री ने आश्वस्त किया कि हड़ताल के दौरान कर्मचारियों के खिलाफ की गई संपूर्ण कार्रवाई को वापस लिया जाएगा। मंत्री ने यूपीपीसीएल के चेयरमैन को निर्देशित भी किया कि अब तक कर्मचारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई में चाहे एफआईआर हो, निलंबन हो या अन्य किसी प्रकार की कार्रवाई की गई हो, इसे शीघ्र ही वापस लिया जाएगा। संघर्ष के अन्य मुद्दों पर विचार करने के लिए आने वाले समय में वार्ता के माध्यम से हल किया जायेगा। ऊर्जा मंत्री ने संघर्ष समिति के पदाधिकारियों से भी कहा है कि प्रदेश में जहां कहीं भी विद्युत आपूर्ति बाधित हो, उसे शीघ्र संचालित किया जाए और जो भी कर्मचारी कार्यस्थल पर न हो, वह कार्यस्थल पर जाकर अपनी ड्यूटी करें।

## 'एक वर्ष में दिखेगा अयोध्या का सुंदर स्वरूप'

**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**
**श्रीराम** जन्मभूमि पर रामलला के विराजमान होने के पूर्व यहां श्रीरामकेतु स्तंभ के भव्य लोकार्पण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह मेरे लिए प्रफुल्लित करने वाला क्षण है। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस पवित्र स्थल पर नाम और नामी दोनों विराजमान हैं। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अशर्फी भवन मन्दिर के अंतर्गत नवनिर्मित श्रीरामकेतु स्तंभ व श्रीरामलला भवन का लोकार्पण समारोह में कही। उन्होंने कहा कि रामचरित मानस में कलियुग केवल



नाम अधारा, सुमरि-सुमरि नर उतरहिं पारा यानी कलियुग में नाम का महत्व है। उसके बारे में भी कहा गया है कि जप से सौ गुना अधिक पुण्य नाम लिखने से मिलता है। यहां 28 करोड़ नाम रामकेतु स्तंभ में संरक्षित किए गए हैं। इसमें निरंतर वृद्धि होती दिखाई देगी। इसका पुण्य अनंत काल तक हमें न केवल सन्मार्ग पर ले चलने, बल्कि जीवन के समृद्धि के मार्ग पर अग्रसर करने की प्रेरणा प्रदान करेगा। श्रीरामकेतु स्तंभ में प्रभु का नाम है। लेखन के माध्यम से प्रभु के 28 करोड़ नाम को संरक्षित कर हम पुण्य के भागी बन सकते हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जगद्गुरु रामानुजाचार्य पूज्य स्वामी श्रीधराचार्य जी महाराज को बधाई दूंगा कि राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के पूर्व अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए उन्होंने भव्य धर्मशाला व अतिथिशाला का निर्माण कराया।

**विरोधियों को जवाब**    मजबूत विपक्ष लोकतंत्र की निशानी, पर हमें बोलने नहीं दिया जाताः जयराम

## कांग्रेस के बिना कोई अपोजिशन फ्रंट संभव नहींः जयराम

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस** नेता जयराम रमेश ने एक इंटरव्यू में संसद में कांग्रेस के मुद्दों और टीएमसी-समाजवादी पार्टी के थर्ड फ्रंट को लेकर अपनी राय दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के बिना कोई अपोजिशन फ्रंट दमदार नहीं है। आप कितने भी फ्रंट बना लीजिए, उनमें कांग्रेस का होना जरूरी है। वहीं, संसदीय कार्यवाही को लेकर जयराम ने कहा कि संसद में विपक्ष को बोलने की इजाजत होनी चाहिए। ये लोकतंत्र की बुनियाद है, पर हमें बोलने ही नहीं दिया जाता है।
**लोग मिलते रहते हैं, फ्रंट बनते रहते हैंः** जयराम ने कहा कि टीएमसी, समाजवादी का मिलना कोई बड़ी



बात नहीं है। ऐसे तो लोग मिलते रहते हैं, फ्रंट बनते रहते हैं। थर्ड फ्रंट, फोर्थ फ्रंट, फिफ्थ फ्रंट बनता रहेगा पर विपक्ष में कांग्रेस का होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि अगर विपक्ष का संगठन बनता है तो उसमें कांग्रेस की भूमिका अहम होगी। कांग्रेस के बिना कोई अपोजिशन फ्रंट संभव ही नहीं है। और 2024 के चुनावों के लिए

**दो टूक**
**= टीएमसी, सपा का मिलना बड़ी बात नहीं है। थर्ड फ्रंट, फोर्थ फ्रंट, फिफ्थ फ्रंट बनता रहेगा पर विपक्ष में कांग्रेस का होना जरूरी है**

फ्रंट बनाना बहुत जल्दीबाजी है। अभी कर्नाटक में चुनाव हैं, फिर तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, मिजोरम में चुनाव होंगे। 2023 में हम राज्यों के चुनाव में व्यस्त रहेंगे। 2024 के बारे में बाद में देखेंगे। अभी तो बैठकें होती रहेंगी।
**विपक्ष को बोलने नहीं दिया जाएगा, तो डेमोक्रेसी कैसी बचेगी?:** अगर अपोजिशन को बोलने ही नहीं दिया जाएगा तो डेमोक्रेसी कैसी बचेगी? अगर कम अवधि की बैठकें नहीं होंगी, अगर मोशन अडजर्नमेंट का नोटिस देने की इजाजत नहीं होगी, अगर हमें अडाणी मुद्दे पर, चीन पर, आर्थिक मुद्दों पर चर्चा नहीं करने दी जाएगी तो डेमोक्रेसी कैसी कह सकते हैं आप? संसदीय लोकतंत्र का पहला नियम होता है कि विपक्ष अपना मत रखेगा और सत्ता पक्ष अपने हिसाब से काम करेगा। हम ये अच्छी तरह जानते हैं कि हमारे परा सदन में बहुत कम सांसद हैं, लेकिन हमें परेशानी इस बात की है कि सरकार हमें हमारी बात कहने भी नहीं देती है।



# नड्डा, खन्ना, टंडन, कश्यप, जयराम ने मुस्कान को दी ढेर सारी शुभकामनाएं

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/ चमन शर्मा**
**भाजपा** राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, भाजपा प्रभारी अविनाश राय खन्ना, सह प्रभारी संजय टंडन, प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, राज्य सभा सांसद इंदू गोस्वामी, सिकंदर कुमार, पूर्व भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल, सतपाल सत्ती ने हिमाचल प्रदेश चुनाव आयोग की ब्रांड एंबेसडर रह चुकी मुस्कान नेगी का असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर चयन होने पर उनको बधाई एवं शुभकामनाएं दी।भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा






कि दिव्यांगजन का सशक्तीकरण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट है।
प्रत्येक दिव्यांग सशक्त, स्वाभिमानी और समर्थ बने, इसके लिये केन्द्र सरकार द्वारा अनेकों प्रयास किए गए है। उन्होंने कहा की मुझे बहुत प्रसन्नता हुई है जब इस प्रकार से कड़ी मेहनत और परिश्रम के बाद मुस्कान ने इस उपलब्धि को हासिल किया है। सुरेश कश्यप ने मुस्कान को शुभकामनाएं देते हुए कहा की मुस्कान हमारे युवाओं के लिए एक यूथ आइकन है और जिस प्रकार से मुस्कान ने कठिन परिस्थितियों में कड़ी मेहनत से अपने लक्ष्य को हासिल किया है वह सभी के लिए प्रेरणादाई है। जयराम ठाकुर ने भी मुस्कान को शुभकामनाएं देते हुए कहा मुझे बहुत प्रसन्नता हुई जब पता चला कि मुस्कान को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर म्यूजिक के बाद के लिए सिलेक्शन हुआ। लोक सेवा आयोग की ओर से घोषित परिणाम में 100 फीसदी दृष्टिबाधित मुस्कान नेगी का सिलेक्शन हुआ है। अब मुस्कान कॉलेज में म्यूजिक पढ़ाएंगी, फि लहाल मुस्कान हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी में पीएचडी कर रही है वे रोहडू चीडगांव की रहने वाली है।भारत के मुख्य चुनाव आयोग द्वारा मुस्कान नेगी को हिमाचल प्रदेश

# ग्राम स्तर तक फोर-जी नेटवर्क को पहुंचाने के कार्य में लाएं तेजी

**8 उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को इस कार्य से सम्बन्धित प्रक्रियाओं को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए**

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/ श्याम कुल्वी**
बीएसएनएल के फ ोर-जी नेटवर्क को ग्राम स्तर तक पहुंचाने के लिए प्रस्तावित परियोजना के लिए समस्त संबंधित विभाग शीघ्रता से प्रक्रिया को अमलीजामा पहनाएं। यह बात गत दिवस को उपायुक्त आशुतोष गर्ग ने बीएसएनएल, राजस्व एवं वन विभाग के अधिकारियों के साथ आयोजित एक बैठक में कही।उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रत्येक गांव को बीएसएनल के फ ोर-जी नेटवर्क से निर्धारित समय अवधि



के भीतर जोड़ा जाना प्रस्तावित है। उन्होंने बीएसएनल को स्थानीय ग्राम सभाओं, राजस्व तथा वन विभाग के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि यह परियोजना निर्धारित समय अवधि के भीतर पूर्ण की जा सके। उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को इस कार्य से सम्बन्धित प्रक्रियाओं को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए तथा कहा कि एफ आरसी व स्थानीय ग्राम सभाओं के अनुमोदन को शीघ्र अंजाम दिया जाए ताकि आधुनिक सूचना तकनीक का लाभ आमजन को पहुंच सके।

## पुलिस ने तारूवाला में कार से पकड़ी शराब की 23 पेटियां, 2 गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
पांवटा साहिब-शिलाई नैशनल हाईवे पर तारूवाला के समीप पुलिस टीम ने एक कार से शराब व बीयर की 23 पेटियां बरामद की हैं। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि बद्रीपुर की तरफ से गाड़ी नंबर एचआर26-एए -4649 में शराब की तस्करी की जा रही है। सूचना मिलने पर पुलिस ने तारूवाला के पास नाका लगाकर एक कार से 15 पेटी अंग्रेजी शराब व 8 पेटी बीयर की बरामद की। पुलिस ने रवींद्र कुमार 42 पुत्र ओम प्रकाश निवासी शादीपुर, तहसील जगाधरी, यमुनानगर व बलिंद्र पुत्र रणपाल निवासी समालखा कुरुक्षेत्र हरियाणा को गिरफ्तार कर लिया है।

# कुल्लू जिला को पर्यटन विकास के लिए मिला 246 करोड़ : सुंदर ठाकुर

**8 सीपीएस सुंदर ठाकुर ने कहा है कि सूक्खु सरकार का ग्रीन बजट दुनिया भर के लिए आकर्षित होगा**

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/ श्याम कुल्वी**
सीपीएस सुंदर ठाकुर ने कहा है कि सूक्खु सरकार का ग्रीन बजट दुनिया भर के लिए आकर्षित होगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल देश का ही नहीं दुनिया का ग्रीन राज्य बनने जा रहा है। हिमाचल में प्रदूषण रहित एनर्जी प्रयोग में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल में 53 हजार 400 करोड़ का बजट है। हिमाचल ग्रीन राज्य होगा। भारत वर्ष में पहला



स्टेट होगा। उन्होंने कहा कि जिला कुल्लू कोपर्यटन विकास में प्राथमिकता दी गई है। जिला को पर्यटन के क्षेत्र में 246 करोड़ का बजट को दिया गया है। जिससे यहां के पर्यटन में बड़ा बदलाव आने बाला है। उन्होंने कहा कि विजली महादेव रोप वे भी शीघ्र बनेगा। उन्होंने कहा कि पिरडी में 50 करोड़ की लागत से राजीव गांधी प्री बोर्डिंग एक बड़ा स्कूल खोला जा रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष कहता था कभी ओपीएस बहाल नहीं हो सकती लेकिन हमारी सरकार ने यह लागू कर दी है। महिलाओं को1500 देने की शुरआत कर दी है और प्रथम चरण में 2लाख से अधिक महिलाओं को 1500 रुपए दिए जाएंगे। सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रथम चरण में 6 राष्ट्रीय एवं राज्य उच्च मार्ग का इलेक्ट्रिक वाहनों के माध्यम से ग्रीन कॉरिडोर के रूप में विकसीत करने का प्रस्ताव सराहनीय है साथ ही निजी बस ऑपरेटरो को ई बस तथा प्राइवेट ट्रक ऑपरेटरो ई ट्रक खरीद के लिए 50 प्रतिशत की दर से अधिकतम 50 लाख रुपए तक का उपदान का प्रस्ताव सराहनीय है।इसी प्रकार चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए भी 50 प्रतिशत का उपदान का प्रस्ताव किया क्या है। प्रदेश पथ परिवहन निगम के 1500 डीजल बसों को ई बसों में चरणबद्ध ढंग से बदलने के लिए बजट में 1000 करोड़ का प्रावधान किया गया है। उन्होंने 20000 मेधावी छात्राओं को इलेक्ट्रिक स्कूट खरीद पर 25000 तक का उपदान देने के प्रस्ताव की भी सराहना की है। उन्होंने प्रत्येक जिले में 2 पंचायतों को पायलट आधार पर ग्रीन पंचायतों के रूप में विकसित करने के प्रस्ताव को भी सरहा है।मुख्य संसदीय सचिव ने कुल्लू में हेलीपोर्ट स्थापित करने के बजटीय प्रस्ताव की भी सहना की है उन्होंने कहा कि इस से जिले में पर्यटन गतिविधियों को और बढ़ावा मिलेगा।
उन्होंने मनाली में आईस स्केटिंग रिंक व रोलर स्केटिंग रिंक स्थापित करने के प्रस्ताव का भी स्वागत किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### सिरमौर का हर्ष खुद मरकर चार लोगों को जीवन दे गया

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
देवभूमि हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर के नाहन का 19 वर्षीय हर्ष पंवार असमय निधन के बाद जाते-जाते चार लोगों को जीवन दे गया। सडक. दुर्घटना में घायल होने के कारण उसे ब्रेन डेड घोषित करने के बाद पीजीआई चंडीगढ़ की रोटो की टीम ने हर्ष के परिवार को ऑर्गन डोनेट करने के लिए अपील की थी। इस पर मरहूम हर्ष के पिता इस बारे में अपने परिवार के सदस्यों से विचार के बाद अपने जिगर के टुकड़े के अंग दान करने को तैयार हो गए। पिता ने कहा कि अब जब उनका जिगर का टुकड़ा इस दुनिया में नहीं रहा, तो उसके अंगों को डोनेट कर हम अपने बच्चे को उन लोगों में देख सकेंगेए जिन्हें उसके ऑर्गन ट्रांसप्लांट किए गए हैं। हर्ष की दोनों किडनी और दोनों ही कॉर्निया पीजीआई में ट्रांसप्लांट हुए। जानकारी अनुसार इस महीने आठ मार्च को रोज की तरह हर्ष घर से निकला और एक हादसे में उसके सिर में गंभीर चोटें आईं। इसके चलते वह घटना स्थल पर ही बेहोश हो गया। उसे स्थानीय प्राइवेट हॉस्पिटल में ले जाया गया, लेकिन हालत में सुधार न होने पर उसे उसी दिन पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया था। पीजीआई में डॉक्टरों ने उसे बचाने के भरसक प्रयास किएए लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। 10 मार्च को पीजीआई ब्रेन डेथ सर्टिफि केशन कमेटी की बैठक में उसे ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया। उसके बाद टीम ने हर्ष के परिवार के उसके ऑर्गन डोनेट करने के लिए प्रेरित कियाए जिस पर वे तैयार हो गए। पीजीआई के डायरेक्टर प्रो. विवेक लाल ने उसके परिवार के इस साहसिक फैसले की सराहना की। साथ रोटो के नोडल ऑफि सर और एमएमस प्रो. विपिन कौशल ने कहा कि इस तरह से लोग आगे आएंगे तो डोनर का इंतजार कर रहे लोगों को नया जीवन मिलेगा। उन्होंने कहा कि लोगों को ऑर्गन डोनेट करने चाहिएं। इससे गई लोगों को नया जीवन मिल सकता है। उन्होंने हर्ष के पिता और परिवार के अन्य सदस्यों को इस नेक कार्य को लेकर सराहना की।

### डीएवी पब्लिक स्कूल हमीरपुर के रोहन पटियाल का एनडीए में चयन

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**



डीएवी पब्लिक स्कूल हमीरपुर के छात्र रोहन पटियाल ने एनडीए नेशनल डिफेंस एकेडमी की अंतिम चयन सूची में स्थान प्राप्त किया है। उसका चयन एनडीए की टेक्निकल एंट्री स्कीम के तहत हुआ है।
रोहन की सफ लता से पूरा डीएवी परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है। इस परीक्षा में सफलता प्राप्त कर रोहन ने विद्यालय के साथ-साथ अपने क्षेत्र, जिले व प्रदेश का भी नाम रोशन किया है। रोहन ने एनडीए के लिए अलग से कोई कोचिंग नहीं ली। वह सफलता का श्रेय माता-पिता, विद्यालय के शिक्षकों को देते हैं। उनकी मां रजनी पटियाल गृहणी और पिता संजय सिंह पटियाल बिजनेस हैं। रोहन पटियाल की उपलब्धि पर चेयरमैन प्रबंधन कमेटी हमीरपुर आनंद स्वरूप ने विद्यालय प्रधानाचार्य व शिक्षकों को बधाई दी है। विद्यालय के प्रधानाचार्य विश्वास शर्मा ने बधाई देते हुए कहा कि संस्थान में प्रयुक्त होने वाली अध्ययन सामग्री, अध्यापकगण और अनुभवी सपोर्टिंग टीम के साथ रोहन की मेहनत को इसका श्रेय जाता है और कहा कि डीएवी हमीरपुर के लिए यह गौरव का क्षण है व बधाई संदेश मे रोहन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।अपने विद्यालय के छात्र की इस सफलता पर आशा चौहान, मनोज पटियाल, वेद मित्रा, राकेश ठाकुर, दारा सिंह, प्रोमिला पटियाल, स्नेह कंवर, सुरेश राना, सविता शर्मा, रविन्द्र कुमार आदि सभी अध्यापकों ने रोहन व उसके अभिभावको को हार्दिक बधाई दी।

### कंटेनर की टक्कर से स्कूटर चालक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
थाना चिंतपूर्णी के तहत धर्मशाला महंता के समीप कंटेनर की टक्कर से स्कूटर चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान पवन कुमार पुत्र मनोहर निवासी स्वाणा, जिला कांगड़ा के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना भेज दिया है। वहीं कंटेनर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक पवन कुमार शनिवार शाम को स्कूटर पर सवार होकर चिंतपूर्णी से स्वाणा अपने घर जा रहा था।

## हिमाचल के वास्तुकार नंद लाल चंदेल पुणे में सम्मानित



**टीम टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग के निवर्तमान आर्किटेक्ट इन चीफ नंद लाल चंदेल को उनकी उल्लेखनीय सेवाओं के लिए शनिवार को पुणे में शुरू हुए दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में सम्मानित किया गया है। देश भर के वास्तुकारों का यह सेमीनार हुआ इसका आयोजन हर साल दि इस्टीच्यूशन आफ इंजीनियरज द्वारा किया जाता है। नंद लाल चंदेल को यह सम्मान हिमाचल प्रदेश में आर्किटेक्ट इन चीफ के पद पर रहते हुए किए गए कामों के उपलक्ष में दिया गया। चंदेल ने यह सम्मान पीएमआरडीए के मेटेपोलिटन कमीशनर एंड चीफ कार्यकारी अधिकारी डॉ. राहुल मेहवाल आईएएस के हाथों प्राप्त हुआ जबकि इस मौके पर डॉ. अमरनाथ सीबी बीआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा प्रिंसिपल आर्किटेक्ट भारती विद्यापीठ कालेज आफ आर्किटेक्ट की प्रिंसिपल डॉ. मुरूगकर समेत इंजीनियर जगत की जानी मानी हस्तियां की मौजूदगी में मिला। पुणे में 18 व 19 मार्च को 37 वां अखिल भारतीय आर्किटेक्ट इंजीनियरज का सम्मेलन हो रहा है जिसके शुभारंभ में नंद लाल चंदेल को सम्मानित किया गया। सम्मान मिलने के बाद हुए संपर्क में नंद लाल चंदेल ने बताया कि हिमाचल प्रदेश के किसी भी आर्किटेक्ट या इंजीनियर को पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर इस तरह का सम्मान व सेवाओं को मान्यता मिली है। उन्होंने इसके लिए हिमाचल प्रदेश के लोगों, सरकार व एसोसिएशन का आभार जताया है। नंद लाल चंदेल प्रदेश में आर्किटेक्ट इन चीफ के पद से दो महीने पहले ही सेवानिवृत हुए हैं। उन्होंने पूरे प्रदेश में पहाड़ी शैली के निर्माण व यहां की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप भवन बनाने में बड़ा योगदान दिया है। प्रदेश में उनके निर्देशन में बने कुछ भवन अपनी शैली को लेकर बेहद आकर्षक व चर्चित रहे हैं। मूल रूप से बिलासपुर जिले के रहने वाले नंद लाल चंदेल अब मंडी में ही रहते हैं तथा उन्हें इससे पहले कई सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। उन्हें पहाड़ी शैली संरक्षण संवर्धन सम्मान से भी नवाजा जा चुका हैं।

## पिकअप गाड़ी गहरी खाई में गिरी, चालक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
जिला मंडी के उपमंडल सुंदर नगर में एक पिकअप गाड़ी के गहरी खाई में गिर जाने से जहां चालक की मौत हो गई वहीं एक अन्य घायल हो गया पुलिस द्वारा दी गई। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पिकअप गाड़ी घंघल के समीप सलोनी सलवाना सडक मार्ग पर जा रही थी कि अचानक अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में देशराज 24 पुत्र साधु राम निवासी सुंदरनगर और राजेश कुमार 24 निवासी सुंदरनगर सवार थे। दुर्घटना में चालक और उसके साथ बैठा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

# निदेशक मंडल एनएचपीसी लिमिटेड का पार्बती जल विद्युत परियोजना चरण-2 दौरा

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**
निदेशक मंडल एनएचपीसी लिमिटेड ने पार्बती जल विद्युत परियोजना चरण-2 का चार दिवसीय दौरा किया। नगवाई परिसर अगमान पर अशोक कुमार ग्रोवर, कार्यपालक निदेशक चंडीगढ़ तथा निर्मल सिंह, परियोजना प्रमुख ने यमुना कुमार चौबे निदेशक तकनीकी और निदेशक कार्मिकों, राजेंद्र प्रसाद गोयल, निदेशक वित्त, बिश्वजीत बासु, निदेशक परियोजनाएं, डॉ उदय सखाराम निर्गुडकर, स्वतंत्र निदेशक, प्रो. डॉ. अमित कंसल,



स्वतंत्र निदेशक, जीजी जोसफ , स्वतंत्र निदेशक, प्रेम कुमार गोवर्थनन, स्वतंत्र निदेशक को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत करते हुए कुल्लवी शाल व टोपी पहनाकर सम्मानित किया। निदेशक मंडल ने पार्बती-2 जलविद्युत परियोजना के मणिकरण कार्यालय, बांध बरशेणी तथा एडिट-1 पर चल रहे कार्यो का निरक्षण किया एवं कार्यों को पूरा करने हेतु आवश्यक सुझाव व दिशानिर्देश दिए। निदेशक मंडल ने सेरी नाला के कार्यो का जायजा लिया तथा शिलागढ़ स्थित एचआरटी-टीबीएम साइट पर चल रहे कार्यो का भी निरक्षण किया। पार्वती परियोजना में टनलिंग बेहद चुनौतीपूर्ण भूगर्भीय परिस्थितियों में की जा रही है। एचआरटी-टीबीएम साइट पर कुल 31.5 किलोमीटर में से केवल 250 मीटर डे लाइटिंग के लिए शेष है।

# चंबा जिला की 11 आबकारी इकाइयां हुई नीलाम

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**
चंबा जिला की 11 आबकारी इकाईयों की नीलामी को लेकर उपायुक्त डीसी राणा की अध्यक्षता में आज आवंटन कमेटी द्वारा निविदा और बोली प्रक्रिया को पूर्ण किया गया। बचत भवन में आयोजित नीलामी प्रक्रिया में कुल 27 निविदाएं प्राप्त हुई। नीलामी प्रक्रिया में 11 आबकारी इकाईयों के निर्धारित कुल आरक्षित मूल्य 88,93,93,725 रुपये की तुलना में 108,79,96,288 रुपयों की निविदाएं एवं बोली प्राप्त हुई। यह राशि आरक्षित मूल्य से 22.27 प्रतिशत अधिक है।
जिला में आबकारी यूनिट के तहत भरमौर, सुलतानपुर, चंबा, कियाणी, लूणा, डलहौजी,



बनीखेत, चुवाड़ी, सिहूंता, तीसा व सलूणी के तहत कुल 137 बिक्री दुकानें हैं। आबकारी यूनिट भरमौर के तहत कुल 2 निविदाएं प्राप्त हुई। इसमें बलबीर सिंह को 10 करोड़ 50 लाख रुपये की उच्चतम निविदा प्रक्रिया और बोली के बाद आवंटित किया गया। इसके पश्चात आबकारी यूनिट सुलतानपुर के लिए कुल 2 निविदाएं प्राप्त हुई। इसमें ध्रूव सिंह को 13 करोड़ 10 लाख रुपये की उच्चतम निविदा प्रक्रिया और बोली के बाद आवंटित किया गया। इसी तरह चंबा आबकारी यूनिट के लिए कुल एक निविदा प्राप्त हुई। इसे एसपी ढल को 10 करोड़ 08 लाख रुपये की उच्चतम निविदा प्रक्रिया और बोली के बाद आवंटित किया गया।
कियाणी आबकारी यूनिट के लिए एक आवेदन प्राप्त हुआ। इसे प्रदीप बड़ोत्रा को 8 करोड़ 51 लाख रुपये की उच्चतम निविदा प्रक्रिया और बोली के बाद आवंटित किया गया। लूणा आबकारी यूनिट के लिए कुल 4 आवेदन प्राप्त हुए। इसे महेंद्र सिंह को 5 करोड़ 36 लाख रुपये की उच्चतम निविदा प्रक्रिया और बोली के बाद आवंटित किया गया। डलहौजी आबकारी यूनिट शेरे पंजाब वाइन कंपनी को आवंटित किया गया। इसके लिए कुल 2 निविदाएं प्राप्त हुई।

# सूक्खु का बजट दिशाहीन, बजट में कुछ नजर नहीं आता : गोविंद सिंह ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/ श्याम कुल्वी**
सूक्खु सरकार का बजट दिशाहीन है और बजट में कुछ नजर नहीं आता। यह बात पूर्व शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने यहां प्रेस क्लब कुल्लू में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कह रही है कि ओपीएस लागू हो गया। लेकिन अभी तक कोई भी कर्मचारी ओपीएस के दायरे आते नजर नहीं आ रही है। उन्होंने कहा कि 1500 रुपए देने की ग्रांटी को भी कह रहे हैं हमने पूरी की लेकिन अभी तक 35 लाख महिलाएं 1500 का इंतजार कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेताओं ने चीख-चीख कर कहा है कि घर




की सभी महिलाओं को 1500 मिलेंगे। लेकिन अब बजट में सिर्फ 2 लाख 31 हजार महिलाओं को 1500 देने की बात कही जा रही है और यह भी क्लियर नहीं है कि इस दायरे में कौन सी महिलाएं आएगी। उन्होंने कहा कि ओपीएस देने के लिए हिमाचल में मंहगाई बढ़ाई जा रही है। शराब की कीमतें बढ़ाई है। उन्होंने कहा कि हिमाचल पर्यटन डेस्टिनेशन है और यहां पर्यटकों के लिए टोल टैक्स बढ़ाए गए हैं और कह रहा हैं कि हम पर्यटन को बढ़ा रहे हैं। प्रदेश सरकार बताए कि क्या पर्यटकों को टैक्स बढ़ा कर पर्यटन बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि हमारी ही योजनाओं का नाम बदलकर कार्य किए जा रहे हैं और जिस ग्रीन हिमाचल योजना की बात की जा रही है वोह तो केंद्र सरकार की योजना है, आप बताएं कि आपने क्या योजना शुरू की। उन्होंने बताया कि हिमाचल में कांग्रेस सरकार कह रही हैं कि वो राज नही व्यवस्था परिवर्तन के लिए आई हैं लेकिन बजट में जो बाते कही गई हैं। उससे पता चलता है कि यह कैसा व्यवस्था परिवर्तन है। यह बजट पूरी तरह से दिशाहीन हैं और प्रदेश के कल्याण के लिए कोई बात नजर नहीं आती हैं। पूर्व शिक्षा मंत्री गोविंद ठाकुर ने कहा कि विधानसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस ने 10 गारंटी दी थी जिसमे कहा गया था पहली केबिनेट में ओपीएस दी जाएगी। लेकिन अभी तक उस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया हैं और कर्मचारियों का एन पी एस का पैसा काटा जा रहा है। तो कांग्रेस केसे कह सकती हैं कि पहली गारंटी पूरी हो गई हैं। जब तक इसका प्रारूप तैयार नहीं होगा तब तक कोई भी बात को पूरा नहीं कहा जा सकता है। वही, सोशल मीडिया में कुल्लू के कांग्रेस के नेता का वीडियो चल रहा है कि हर घर में सभी महिलाओ को 15-15 सौ रुपए दिए जाएंगे। वो दूसरी गारंटी भी पूरी होती नजर नहीं आ रही।

# मोच दंगल कमेटी की पहल, हिमाचली पहलवानों को दी एहमियत बीडीसी ने की सराहना

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहपुर/ विजय समयाल**
उपमण्डल फ तेहपुर की पँचायत सुनेट के मोच में लखदाता पीर बाबा जी के दंगल का आयोजन करबाया गया। जिसमें दंगल कमेटी ने अनूठी पहल करते हुए दंगल दौरान हिमाचल के पहलबानो को ज्यादा एहमियत दी गई। जिसकी काफी सराहना हुई। दंगल कमेटी की तरफ से समाजसेबी रघुबीर पठानिया व इंजिनियर संजय धीमान ने बताया हिमाचल के पहलबानो को ही दंगल में बुलाया गया था। कहा हिमाचल के पहलबानो का



मनोबल बढाने के लिए ही दंगल कमेटी द्वारा सिर्फ उन्हें ही आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया की बड़ी माली के विजेता सोनू लम्बानाल तो उपविजेता किन्द्र ललियां रहे। बही छोड़ी माली मे सुरजीत हजीपुर व संदीप जजर बरावरी मुकाबले पर छुटे।
दंगल मे लगभग तीन लाख की राशी वितरित की गयी। वहीं बीडीसी हरपाल सिंह उर्फ छोटू ने कमेटी के निर्णय की सराहना की कहा इससे हिमाचली पहलबानो को अपनी-अपनी कुश्ती का जौहर दिखाने का बेहतर अबसर मिलेगा। वहीं उन्होंने हिमाचल केसरी का खिताब जीत चुके हिमाचल के पहलबान सोनू का भी दंगल में पहुँचने पर आभार जताया ।

# प्रदेश को वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनाकर सर्वांगीण विकास सुनिश्चित बनाना सरकार का उद्देश्य: संजय अवस्थी

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**

मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग ने कहा कि वर्तमान सरकार का मुख्य उद्देश्य हिमाचल प्रदेश को वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनाकर राज्य का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित बनाना है। संजय अवस्थी गत सांय अर्की विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत सरली और चिल्लड़ में जन समस्याओं के निवारण के उपरान्त उपस्थित जन समूह को सम्बोधित कर रहे थे।संजय अवस्थी ने इससे पूर्व ग्राम पंचायत सरली में स्थानीय युवक मण्डल द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया।उन्होंने इससे पूर्व ग्राम पंचायत सरली में मां नैना देवी माता मन्दिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने ग्राम पंचायत चिल्लड़ में माता शेरां वाली माता मन्दिर में झण्डा अर्पित किया और सभी के सुखए समृद्धि और स्वास्थ्य की कामना की।संजय अवस्थी ने इस



अवसर पर कहा कि मुख्यमन्त्री सुखविन्दर सिंह ठाकुर के संवेदनशील नेतृत्व में राज्य सरकार वित्तीय अनुशासन अपनाकर प्रदेश को आर्थिक संकट से उबारने के लिए कार्यरत है। उन्होंने कहा कि हिमाचल को हरित ऊर्जा से परिपूर्ण राज्य बनाना इस दिशा में अत्यन्त महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ग्रीन एनर्जी से युक्त हिमाचल भविष्य में इस दिशा में देश को राह दिखाएगा।

मुख्य संसदीय सचिव ने कहा कि युवाओं को उनके घरद्वार के समीप गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करन के लिए वर्तमान राज्य कृत संकल्प है। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए ग्राम स्तर पर योजनाबद्ध प्रयास आरम्भ किए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार सभी 68 विधानसभा क्षेत्र में चरणबद्ध तरीके से राजीव गांधी राजकीय आदर्श डे-बोर्डिंग विद्यालय स्थापित करेगी। उन्होंने कहा कि इन विद्यालयों में प्री प्राईमरी स्तर से 12 वीं कक्षा तक बेहतर शिक्षा के साथ-साथ समुचित आऊटडोर एवं इण्डोर खेल सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस योजना के कार्यान्वयन पर प्रदेश सरकार 300 करोड़ रुपए व्यय करेगी।उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि हिमाचल को आत्मनिर्भर एवं खुशहाल बनाने में प्रदेश सरकार को सहयोग प्रदान करें और राज्य सरकार की योजनाओं से लाभ उठाएं।संजय अवस्थी ने युवाओं से आग्रह किया कि खेल एवं व्यायाम के माध्यम से स्वयं को अनुशासित और ऊर्जावन बनाएं तथा सदैव नशे से दूर रहें। उन्होंने सरली युवक मण्डल को क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए बधाई दी और आशा जताई कि युवक मण्डल भविष्य में और वृहद स्तर पर प्रतियोगिता को आयोजित करेगा। उन्होंने विजेताओं को सम्मानित भी किया।मुख्य संसदीय सचिव ने इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरली और चिल्लड़ में जन समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को इनके शीघ्र निवारण के निर्देश दिए।खण्ड कांग्रेस अर्की के अध्यक्ष सतीश कश्यप, जिला कांग्रेस समिति सोलन के सचिव प्यारे लाल, खण्ड कांगेस समिति अर्की महासचिव कमलेश शर्मा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष विमला ठाकुर, अन्य गणमान्य व्यक्ति तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित थे।

## छतराड़ी गांव से सम्बन्ध रखने वाले छात्र नेता ने शिक्षा मंत्री के समक्ष रखी अपनी मांगे

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

ग्राम पंचायत छतराड़ी से संबंध रखने वाले भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष अविनाश गोगु शर्मा ने अपनी ग्राम पंचायत के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छतराड़ी में खाली पड़े रिक्त पदों को भरने की मांग शिक्षा मंत्री के समक्ष रखी। उन्होंने कहा कि ये एक स्कूल 5-6 पंचायतों का एकमात्र वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल है। स्कूल में साइंस व अन्य विषय के अध्यापकों व अन्य कर्मचारी के पद काफ ी लंबे समय से रिक्त चल रहे हैं, रिक्त पड़े पदों के कारण कुछ बच्चों को मजबूरन गांव से 50 किलोमीटर दूर जाकर किराये पर कमरे ले कर पढ ?ा पढ़ रहा है और कुछ बच्चों की घर की आर्थिक



स्थिति सही न होने के कारण अन्य विषय में दाखिला ले कर नापसंद के विषय को पड ?ा पढ़ रहा हैं।

उन्होंने शिक्षा मंत्री से आग्रह किया कि इन सभी रिक्त पड़े पदों को जल्द से जल्द भरा जाए, ताकि बच्चों की पढ़ाई सुचारू रूप से चल सके ।

## मिड-डे मील वर्कर यूनियन गरोला ब्लॉक की बैठक संपन्न हुई



**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

सीटू से संबंधित मिड डे मील वर्कर यूनियन गोला ब्लॉक की बैठक रविवार को होली में संपन्न हुई। इस बैठक में सीटू जिला सचिव सुदेश विशेष रुप से शामिल रहे। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बजट में की गयी बढ़ौतरी नाम मात्र है। यूनियन ने न्यूनतम वेतन की मांग की थी। महंगाई के इस दौर में इतने कम वेतन में परिवार का पालन संकट में है। मगर सरकारें बड़े पूंजीपतियों की सेवा में उन्हें मुनाफा बढ़ाने में लगी हैं। दूसरी तरफ केंद्र सरकार ने मिड डे मील के बजट में 30 प्रतिशत की कटौती की है सरकार इस योजना को अपंग करके वेदांता, पेप्सीको, पतंजलि जैसी निजी कंपनियों के हवाले करना चाहती है। जिस से 15 सालों से काम कर रहे मिड डे मील वर्कर के भविष्य पर खतरा है। इस के अंतर्गत काम करने वाले मिड डे मील वर्कर को कोई भी पेंशन और सामाजिक सुरक्षा लाभ नहीं है। 45वें श्रम सम्मेलन की सिफ ारिश के तहत स्कीम वर्कर को नियमित करना था लेकिन नहीं किया गया है। वर्ष 2023 के बजट में हिमाचल सरकार ने केवल 500 रुपए बढ़ाए हैं। मिड डे मील वर्कर को केवल 4000 रुपए मानदेय मिलेगा। जोकि इस महंगाई के जमाने उंट के मुंह में जीरा के समान है। मानदेय भी 3 महीने बाद मिलता है इतने में परिवार को पालना मुश्किल है।छुट्टियों का कोई प्रावधान नहीं है। 26 बच्चों की शर्त की वजह से आज 15 साल से सेवाएं दे रहे मिड डे मील वर्कर को नौकरी छोड़नी पड़ रही है।

शिक्षण संस्थान में काम कर रहे एक तरफ 12 महीने का वेतन मिलता है तो दूसरी तरफ मिड डे मील वर्कर को केवल 10 महीने का ही वेतन मिलता है। यूनियन मांग करती है कि हर महीने वेतन दिया जाए, वेतन पूरे, 12 महीने का दिया जाए। 25 बच्चों की शर्त हटाई जाए, किसी भी वर्कर की छंटनी न की जाए। निजीकरण पर रोक लगाएं, श्रम कोड रद्द करो, सामाजिक सुरक्षा दो आदि इन्हीं मांगों को लेकर मिड डे मील वर्कर यूनियन 5 अप्रैल को भारी संख्या में दिल्ली जाएगी और आने वाले समय में एक व्यापक आंदोलन पर जायेगी। बैठक में नई कमेटी का गठन किया गया। जिसमें आशा देवी को प्रधान सुकन्या को उप प्रधान रविंद्र को सचिव लज्या को कोषाध्यक्ष बनाया गया जबकि कार्यकारिणी में सरोज कुमारी, सुनीता, साहनी, रेनू, बीना, गोरजा, चुही देवी को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया।

## पीरनिगाह में बाइक स्किड़ होने से श्रद्धालु जखमी

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

जिला मुख्यालय के साथ लगते पीरनिगाह में बाइक स्किड़ होने से पंजाब के दो श्रद्धालु जख्मी हुए है। दोनों घायलों को उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में भर्ती करवाया गया है। वहीं पुलिस ने भी मामले को लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक गोल्डी निवासी लुधियाण अपने साथ कुलदीप कुमार के साथ शनिवार देर शाम को बाइक पर सवार होकर धार्मिल स्थल पीरनिगाह मंदिर माथा टेकने जा रहे थे। मंदिर पहुंचने से कुछ दूरी पहले ही बाइक स्किड़ हो गए।

## केमिस्ट हितों के बारे में भी सोचे सरकार : पवन कुमार

**टीम टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

सरकाघाट केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन सरकाघाट का प्रतिनिधिमंडल धर्मपुर मंडी से विधायकचंद्रशेखर से प्रधान पवन कुमार की अध्यक्षता में मिला। जानकारी देते हुए प्रधान पवन ने कहा कि हाल ही में न्यायाधीश मंडी द्वारा आदेश पारित किए गए थे कि हर केमिस्ट की दुकान पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं ताकि नशे पर कुछ लगाम लगाई जा सके एसोसिएशन के महासचिव धर्मपाल शर्मा ने कहा कि केमिस्ट एसोसिएशन पहले ही नशे के खिलाफ वचनबद्ध है और निर्धारित नियमों के अनुसार हर कैमिस्ट अपना कार्य कर रहा है। इस तरह के आदेशों के



बाद हमारे सैंकड़ों ऐसे केमिस्ट हैं जो इस व्यवसाय को बंद करने की कगार पर हैं क्योंकि एक तो पहले यह व्यवसाय दिन प्रतिदिन कमजोर हो रहा है और ग्रामीण क्षेत्रों में जहां उनकी बिक्री लगभग रू 400 से रू 500 प्रति दिन होती है उनके लिए 18000 से 20000 का अतिरिक्त बोझ है जिससे उनकी आर्थिकी पर विपरीत असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह व्यवसाय पढ़ा-लिखा व्यवसाय है जिसमें पहले तो प्रशिक्षण के लिए लाखों रुपए खर्च करना पड़ता है और फि र बड़ी मुश्किल से दुकान के लिए जगह का चयन करना पड़ता है अगर वह भी हो गया तो उसके बाद लाखों रुपए दवाइयों का स्टॉक रखना पड़ता है। परिणाम स्वरूप फिर इस तरह की परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि अगर हर केमिस्ट की दुकान पर सीसीटीवी कैमरा लगने से अगर नशा पूर्ण रुप से बंद हो जाता है तो वे 2 दिनों में अपने पूरे क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगवा देंगे परंतु ऐसा नहीं है क्योंकि कोई भी केमिस्ट इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त नहीं होता है फिर भी अगर कोई इस तरह की गतिविधि में शामिल होता है तो वह क्या कैमरे के सामने करेगा अर्थात नहीं। उन्होंने कहा कि अगर सरकार इतना जरूरी ही समझती है कि हर दवा की दुकान पर सीसीटीवी कैमरे लगाने अनिवार्य हैं तो इसके लिए सरकार अपनी तरफ से प्रावधान करे।

## आभार समारोह की तैयारियों हेतु हुई जिला एनपीएस कर्मचारी महासंघ चंबा की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

जिला एनपीएस कर्मचारी महासंघ ने आभार समारोह की तैयारियों हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुनील जरियाल ने की इस अवसर पर उन्होंने बताया कि यह अभार समारोह सेल्फ ी एट धर्मशाला मैं होगा। जिला अध्यक्ष सुनील जरयाल ने बताया कि जितने भी कर्मचारी धर्मशाला में आभार समारोह में जाएंगे वो सभी एक आभार सेल्फी लेकर उसको पोस्ट करेंगे साथ ही उसका फोटो



प्रिंट लेकर अपने अपने घर में फ्रेम करवा कर रखेंगे जो उनके इस आंदोलन को जीवन भर के लिए एक अमिट यादगार के रूप मे रखेगा आभार समारोह हरेक खंड में चलाया जायेगा तथा इस कंपनी में जुड़ने वाले सभी विभागों के कर्मचारियों को डोर टू डोर कैंपेन हेतु साथ चलने का न्योता दिया जाएगा। बैठक में राज्य उपाध्यक्ष उत्तम चंद, सुषमा चौहान आदि उपस्थित रहे।

## तीन पंचायतों के दर्जनों किसानों ने खेतों से निकाल आवारा पशुओं को पहुंचाया गौसदन



**टीम टीम एक्शन इंडिया/गोहर/ सुभाग सचदेवा**

गोहर के शटखन गांव में सालों से बन रहे बांके बिहारी गौसदन का रविवार को जिला परिषद मंडी के उपाध्यक्ष मुकेश चंदेल व बांके बिहारी गौसदन के संयोजक विशाल ठाकुर ने स्थानीय पंचायत प्रधानों की देखरेख में पूजा अर्चना कर पूरे विधिविधान से गौसदन की शुरूआत की। जिसमें चैल चौक, चच्योट व नेहरा स्थित गणई पंचायत के लोगों ने कुछ दिनों पूर्व बेसहारा पशुओं से निजात पाने के लिए पंचायत स्तर पर एक बैठक का आयोजन किया था। बैठक में आसपास के किसानों द्वारा बेसहारा पशुओं से दुःखी किसानों ने पशुओं को गौसदन में रखने के लिए उनके उचित प्रबंध के लिए किसानों से धनराशि एकत्र की थी। जिससे बेसहारा पशुओं के चारे के लिए कोई कठिनाई पेश न आए। रविवार सुबह से ही आसपास के सभी किसानों ने मिलकर सभी पशुओं को इक्ट्ठा कर बांके बिहारी गौसदन चौगान पहुँचाया व क्रमबद्ध तरीके से किसानों ने भारी कसरत कर बेसहारा पशुओं को गौसदन में बने शेड में बांधा। उनके बेहतर रखरखाव को लेकर उनके चारे का भी इंतजाम किया गया है। बांके बिहारी गौसदन के संयोजक विशाल ठाकुर ने बताया कि करीब 6 महीने पहले से गौसदन में आ रही कठिनाइयों को लेकर कार्य करने के उपरांत स्थानीय किसानों की मदद से लगभग 50 पशुओं को शेड में ठिकाना मिला है। क्षेत्र के लोगों ने सरकार और प्रशासन से मांग की है कि इस गौसदन में पशु चारे की सुविधा समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं का प्रबंध किया जाए। इस मौके पर बांके बिहारी गौसदन के संयोजक विशाल ठाकुरए चच्योट पंचायत के प्रधान महेंद्र वर्माएचैल चौक पंचायत की प्रधान इंद्रा ठाकुर व तीनों पंचायत के दर्जनों किसानों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।

## कुठेड़ा जसवालां में विवाहिता ने निगला विषाक्त

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

उपमंडल गगरेट के कुठेड़ा जसवालां गांव में 30 वर्षीय विवाहिता ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। महिला को गंभीर हालात में पीजीआई रेफर किया गया है। पुलिस ने इस संदर्भ में केस दर्ज कर मामले की जाँच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के कुठेड़ा जसवालां निवासी सुधा पत्नी अश्वनी ने शनिवार रात करीब 11 बजे कोई जहरीला पदार्थ निगल लिया, जिसके बाद उसके परिजन उसे ईलाज के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना ले गए।

## 20 मार्च से 3 अप्रैल तक किया जाएगा पोषण पखवाड़े का आयोजन: उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

उपायुक्त डीसी राणा ने कहा कि जिला में पोषण अभियान के तहत 20 मार्च से 3 अप्रैल तक पोषण पखवाड़े का आयोजन किया जाएगा।यह जानकारी उन्होंने बचत भवन चंबा में पोषण पखवाड़े के आयोजन की तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक के दौरान दी।उपायुक्त ने पोषण पखवाड़ा की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए कहा कि मोटे अनाज जैसे बाजरा, कोदरा, रागी, कांगणी कौंणी, कुटकी इत्यादि के पोषक तत्वों के प्रति जागरूकता, स्वास्थ्य बालक स्पर्धा व सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों के प्रति जागरूकता लाने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की



जाएंगी। उन्होंने कहा कि गतिविधियों में मोटे अनाज पर आधारित व्यंजनों की प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा ताकि लोगों में इस अनाज के प्रति जागरूकता लाई जा सके।उन्होंने कहा कि वर्तमान परिदृश्य के दृष्टिगत स्वस्थ आहार में पोषक तत्वों का होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि मोटे अनाज में पर्याप्त मात्रा में पोषक तत्व पाए जाते हैं इसलिए मोटे अनाज को बच्चों के आहार में अपनाने की आदत बनानी चाहिए।उन्होंने सभी विभागों को मोटे अनाज की जागरूकता के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर पोषण पखवाड़ा की विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करना भी सुनिश्चित बनाएं।उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को एकलव्य मॉडल विद्यालयों में एनीमिया कैंप आयोजित करने के निर्देश भी जारी किए है।उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकताओं को पंचायत स्तर पर जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने को कहा ताकि लोग अधिक से अधिक मोटे अनाज के प्रति जागरुक हों।उन्होंने पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग को वृत्त स्तर पर स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता आयोजित करवाने के लिए भी कहा।

# 2023-24 का बजट हिमाचल के विकास को पीछे ले जाने वाला है: डा. राजीव बिंदल

**टीम एक्शन इंडिया/नाह/एसपी जैरथ**

हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू की सरकार का पहला बजट चुनावों के 100 दिन के अन्दर प्रस्तुत किया गया। यह बजट चुनावी वायदों की उम्मीदों के पूर्णतया विपरीत बजट था। यह बात नाहन के पूर्व विधायक डॉ. राजीव बिंदल ने कही। उन्होंने कहा कि चुनावी वायदों में आशाओं के महल खड़े किए गए, आम जन मानस को स्वप्न लोक के नजारों में पहुंचाया गया और कांग्रेस पार्टी इन सुनहरी वायदों की सीढ़ी पर चढ़ कर सत्ता में आई और आज बजट में क्या मिला जरा आंकलन करें।

डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि बजट 53,000 करोड़ रुपए का है जिसमें विकास कार्यों के लिए केवल 100 रुपए में से 29 रुपए ही उपलब्ध है। शेष राशि स्थाई खर्चों पर ही व्यय होंगे। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार ने वायदा किया था कि 20 लाख महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह भत्ता मिलेगा लेकिन बजट में आया 2 लाख महिलाओं को मिलेगा।उन्होंने कहा कि वायदा किया था 1 लाख नौकरियां प्रतिवर्ष मिलेगी बजट में नौकरियां तो केवल 10 हजार के आस.पास भी प्रावधान नहीं है, स्वरोजगार भी 10 हजार से कम ही बनेंगे। किसान को बहुत कुछ देगे-केन्द्र की मोदी



सरकार ने 2023 के बजट में किसान के लिए जो कुछ दिया है उसे भी पूरा लिख देते तो भी ज्यादा होता प्रदेश सरकार की ओर से कुछ भी नहीं। उन्होंने कहा कि बजट में आउट सोंस कर्मचारी के लिए कुछ नहीं मिला और करूणामूलक कर्मचारी के लिए कुछ नहीं। उन्होंने कहा कि पर्यटन की योजना एबीडी के माध्यम से पूर्व सरकार द्वारा स्वीकृत हैए जिसमें नाहन के 72 करोड़ रुपए शामिल है उसी का वर्णन है कुछ नया नहीं किया।सीवरेज योजना फ्रांस की सहायता से पूर्व सरकार में स्वीकृत हुई, जिसमें नाहन शामिल है जिसके लिए हमने जी तोड़ मेहनत की और बार-बार मीडिया के माध्यम से भी बताया गया नया कुछ नहीं। उन्होंने कहा कि हिमकेयर योजना में लाखों लोगों का इलाज हो रहा है उसके लिए कितना धन रखा गया है उसका वर्णन बजट में नहीं है।अटल आदर्श विद्यालय का नाम बदलकर राजीव गान्धी आदर्श विद्यालय रखा है व नाहन का कोलर की जगह कहीं और खोला जाएगा नया कुछ भी नहीं। उन्होंने कहा कि मनरेगा में शहरी मनरेगा का कोई जिक्र नहीं है। उन्होंने कहा कि नाहन के प्रकल्प हमने पहले ही स्वीकृत कराए है जिसमें जमटा से बिरला व सुरला से खैरी व कोलर से हरिपुरखोल तीनों शामिल हैं नया कुछ भी नहीं ये भी केन्द्र की मोदी सरकार की देन है।कालाअंब की निर्माण हमारी पूर्व सरकार की देन है पूर्ण हो चुका है शुरू करना बाकि है नया कुछ नहीं। मैडिकल कालेज नाहन, हमीरपुर एवं चम्बा को 100 करोड रुपए देना काफी है। 260 करोड रुपए की लागत से चल रहा काम बंद पडा है। नर्सिंग कालेज की घोषणा माननीय मोदी पहले से कर चुके है जिसका सम्पूर्ण पैसा केन्द्र सरकार से आना है उसमें वर्तमान सरकार का कोई योगदान नहीं नया कुछ भी नहीं।उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार नया क्या देगें नाहन को बजट में दिखाई नहीं दिया। छोटी सडकों के रख रखाव के लिए उन्हें पक्का करने के लिए कोई प्रावधान नहीं। पेयजल सुधार में केवल और केन्द्र की जल जीवन मिशन योजना जो पहले से ही चल रही है, वह चलेगी नया कुछ भी नहीं। उन्होंने कहा कि जो संस्थान तहसीलें पटवार सर्कल, पीएचसी सीएचसी वैटनेरी अस्पताल, स्कूल कालेज बंद कर दिए है उन्हें खोलने का कोई जिक्र बजट भाषण में नहीं। नाबार्ड से होने वाले कार्यों की धन राशि में कोई बढ़ोतरी नहीं है जबकि पूर्व सरकार में 60 करोड़ रुपए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए बढ़ाए गए थे। इस प्रकार कांग्रेस की सरकार जो सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में चल रही है, उसके द्वारा प्रस्तुत 2023-24 का बजट हिमाचल प्रदेश के विकास को पीछे ले जाने वाला बजट है। इस बजट में जिला सिरमौर व नाहन विधानसभा क्षेत्र पूरी तरह पिछड़ गया है।

# पंजाब में चल रहे तनाव के बाद हिमाचल में अलर्ट पर पुलिस

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

पंजाब में चल रहे हैं अमृतपाल प्रकरण के चलते पुलिस ने हिमाचल प्रदेश में पंजाब से सटी सीमाओं पर पहरे को और भी कड़ा कर दिया है। हिमाचल प्रदेश के सभी प्रवेश द्वारों पर बाहर से आने वाले हर वाहन की सघन जांच करने के अतिरिक्त लोगों पर भी पैनी निगाह रखी जा रही है। हालांकि पंजाब पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही के दौरान अमृतपाल के फरार होने की बातें सामने आई है, इसके चलते भी हिमाचल प्रदेश



पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड पर आ गई है। जिला के पंजाब से सटे सभी बैरियर पर शनिवार देर शाम को ही पुलिस का पहरा कड़ा कर दिया गया था। इसी के बाद से पंजाब से आ रहे हैं सभी वाहनों की सघन जांच शुरू कर दी गई। जबकि रविवार को भी पुलिस विभाग के कई अधिकारी अपनी टीमों के साथ विभिन्न नाकों पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लेते रहे। पंजाब पुलिस की कार्रवाई के चंद घंटों के भीतर ही जिला पुलिस द्वारा शनिवार देर शाम पंजाब से सटे सभी टोल बैरियर्स पर पहरे को और भी कड़ा कर दिया गया। इतना ही नहीं पुलिस विभाग के अधिकारी भी लगातार गश्त करते हुए अपनी टीमों के साथ पंजाब से सटी सीमाओं पर स्थिति का जायजा लेते रहे। जबकि पंजाब और अन्य राज्यों से हिमाचल प्रदेश में प्रवेश करने वाले सभी वाहनों की सघन जांच शुरू कर दी गई। अभी तक किसी भी वाहन से पुलिस को कोई भी आपत्तिजनक वस्तु या हथियार आदि बरामद होने की कोई सूचना नहीं है। केवल मात्र वाहनों की ही नहीं अपितु आने जाने वाले लोगों पर भी पुलिस द्वारा कड़ी निगाह रखी जा रही है। एएसपी ऊना प्रवीण धीमान ने कहा कि पुलिस तमाम सीमांत क्षेत्रों में हर परिस्थिति पर नजर रखे हुए हैं। वाहनों की जांच का काम लगातार जारी है और इसके अतिरिक्त लोगों से भी जरूरत पड़ने पर पूछताछ की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिला के भीतर परिस्थिति बेहद सौहार्दपूर्ण और शांतिमय है।

# जिला स्तरीय अंडर-16 क्रिकेट टीम के चयन को हुआ ट्रायल

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा 7 अप्रैल से शुरू की जा रही अंतर जिला अंडर 16 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए जिला स्तरीय टीम के गठन को लेकर ट्रायल आयोजित किए गए। जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष मदन पुरी की अध्यक्षता में लिए गए ट्रायल के दौरान जिला भर से करीब 60 क्रिकेट खिलाडि?ों ने भाग लेकर टीम में जगह पाने को पसीना बहाया। जिला क्रिकेट संघ के कोच और प्रशिक्षक खिलाडि?ों की प्रतिभा को परखने में लगे थे। जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष मदन पुरी ने बताया कि इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 16 क्रिकेट प्रतियोगिता 7 अप्रैल से शुरू होगी



और प्रदेश के चार खेल मैदानों बिलासपुर नादौन, ऊना और पेखूबेला में खेली जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रतिभा के आधार पर खिलाड़ियों का टीम में चयन किया जाएगा। रविवार को लिए गए ट्रायल के बाद 25 संभावित खिलाडियों को आगामी दिनों में आयोजित होने वाले कैंप के लिए चुना गया है। कैंप के समापन के बाद ही अंतिम टीम का चयन करते हुए प्रदेश स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए टीम को रवाना किया जाएगा।

# अंबेडकर संयुक्त मोर्चा ने जाति आधारित जनगणना करवाने की उठाई मांग

**8 हिमाचल प्रदेश अंबेडकर संयुक्त मोर्चा की बैठक बहड़ाला में इंजीनियर बलवीर चौधरी की अध्यक्षता में हुई**

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

हिमाचल प्रदेश अंबेडकर संयुक्त मोर्चा की बैठक बहड़ाला में इंजीनियर बलवीर चौधरी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जाति आधारित जनगणना करवाने वाले मंथन किया गया। बैठक में सभी सदस्यों ने कहा कि सामाजिक न्याय देने के लिए आरक्षण का आधार सामाजिक होना बेहद जरूरी है। बलवीर चौधरी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में



राजपूत समुदाय की आबादी 32 प्रतिशत तथा ब्राह्मण समुदाय की आबादी 18 प्रतिशत है, लेकिन ओबीसी एवं एससी वर्ग की जातियों की जनसंख्या कितनी है, यह आज तक किसी को नहीं पता। यही कारण है कि हिमाचल प्रदेश में जनगणना करवाने में भी जाति के आधार पर भेदभाव हो रहा है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में एससी व ओबीसी की जनसंख्या 50 प्रतिशत से अधिक है। आबादी के हिसाब से एससी व ओबीसी को 68 में से 34 सीटें मिल जानी चाहिए थी। जनगणना नहीं होने से उपरोक्त वर्ग को 68 में से मात्र 20 सीटें मिली। सामान्य वर्ग से निकालकर काफी जातियां प्रदेश सरकार द्वारा ओबीसी वर्ग तथा एससी वर्ग में शामिल कर दी गई हैं। ऐसे में हिमाचल प्रदेश में सामाजिक न्याय देने के लिए जाति आधारित जनगणना करवाना बहुत जरुरी हो गया है। हिमाचल सरकार जानबुझकर जाति आधारित जनगणना नहीं करवा रही है। यही नहीं भर्ती नियमों के अनुसार नियमित कर्मचारियों की भर्ती या तो कमीशन से होनी चाहिए या बैचवाईज। सभी विभागों में बैकडोर से भर्तीयां की जा रही हैं, जिससे एससी और ओबीसी वर्ग को नियमानुसार सामाजिक न्याय नहीं मिल रहा है। उदाहरण के तौर पर पीटीए, पैट तथा पैरा शिक्षकों की भर्तीयों में ओबीसी तथा एससी वर्ग को 40 प्रतिशत के स्थान पर मात्र 12 प्रतिशत नौकरियां मिलीं, जो कि कमजोर वर्गों के साथ बहुत बड़ा अन्याय है। इस मौके पर महासचिव रोशन लाल, राम सिंह शुक्ला, चंचल सिंह, रामदास संधू, त्रिलोचन सिंह, सरवन सिंह, कुलवरन सिंह, बलदेव सिंह, हजारा सिंह, मोहिंदर, अमित वाल्मीकि, बलदेव चौधरी, यशपाल, प्रकाश सिंह, सतनाम सिंह व हरपाल सिंह मौजूद रहे।

## सुक्खू के कड़े निर्णय प्रदेश में नए युग का करेंगे आगाज: राजकुमार

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू के कड़े निर्णय प्रदेश के लिए नए युग का आगाज करेंगे। यह बात कांगड़ा बैंक के डेलीगेट राज कुमार ने कही। रविवार को जारी ब्यान में राज कुमार ने कहा कि सुखविंदर सिंह सुक्खू ने जो फैसले लिए हैं, इनकी विपक्ष को सराहना करनी चाहिए क्योंकि प्रदेश के जिन स्कूलों में 5, 10 व 15 बच्चे पढ़ रहे हैं, उन स्कूलों को बंद करना प्रदेश के हित में है। राज कुमार ने कहा कि इसी प्रकार कई ऐसे कॉलेज पूर्व भाजपा सरकार ने खोल दिए हैं, जहां पर 15 से 23 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### हिमाचल एक पसंदीदा पर्यटन गन्तव्य स्थल

### पर्यटन से प्रदेश की अर्थव्यवस्था और रोजगार सृजन को मिलेगा संबल

**टीम टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

वर्तमान प्रदेश सरकार ने अपने पहले बजट में राज्य में पर्यटन अधोसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए पर्याप्त धनराशि का प्रावधान किया है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में प्रस्तुत किए गए बजट में कांगड़ा जिला को पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित करने के लिए 390 करोड़ रुपये की राशि की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने कांगड़ा में अंतरराष्ट्रीय मापदंडों के अनुरूप एक गोल्फ कोर्स स्थापित करने तथा बनखंडी देहरा में एक चिड़ियाघर बनाने की घोषणा भी की है। इनके लिए भूमि पहले से ही चिन्हित की जा चुकी है।मुख्यमंत्री ने बजट प्रस्ताव में 300 करोड़ रुपये की लागत के चिड़ियाघर के लिए प्रथम चरण में 60 करोड़ रुपये प्रदान करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि एशियाई विकास बैंक एडीबी की मदद से राज्य में पर्यटन संबंधी अधोसंरचना के विकास पर 1311 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे। सरकार द्वारा पर्यटकों को सभी बुनियादी सुविधाएं प्रदान की जाएगी। प्रदेश सरकार राज्य में प्रस्तावित अधोसंरचना विकास निवेश कार्यक्रम के प्रथम चरण में एशियन डेवलपमेंट बैंक से 1311.20 करोड़ रुपये की सैद्धान्तिक स्वीकृति प्राप्त करने में भी सफल रही है।

इसके अन्तर्गत प्रदेश के हमीरपुर जिला को 257 करोड़ रुपयेए कुल्लू जिला को 229 करोड़ रुपये, शिमला को 123 करोड़ रुपये तथा मंडी जिला को 138 करोड़ रुपये व्यय कर पर्यटन की दृष्टि से विकसित किए जाएगा। इसके तहत मंडी के शिव धाम का विकास, मनाली में आइस स्केटिंग और रोलर स्केटिंग रिंक, शिमला में आइस स्केटिंग और रोलर स्केटिंग रिंक का उन्नयन किया जाएगा। प्रदेश में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा प्रदान करने के लिए पर्यटकों को हवाई सुविधा के बेहतर विकल्प उपलब्ध करवाए जाएंगे। इसके तहत सभी जिला मुख्यालयों के निकट हेलीपोर्ट खोलने का निर्णय लिया गया है। इस फ्लैगशिप योजना को लागू करने के लिए सभी उपायुक्तों को अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में हेलीपोर्ट निर्माण संबंधी कार्य करने के लिए प्राथमिकता के आधार पर भूमि चिन्हित करने को कहा गया है।

### मवाकोहलां में श्रीमद भागवत कथा कल से

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

दीनदयाल महेश दरबार मवाकोहलां में परमपूजनीय ब्रह्मलीन संत बाबा फकीर चंद जी महाराज जी के प्रकाश उत्सव के उपलक्ष्य में श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन 21 से 29 मार्च तक किया जा रहा है, जिसमें कथावाचक परमपूजनीय आचार्य श्री नड्डा जी श्रीमद देवी भागवत कथा का गुणगान करेंगे।

### मवैशी प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेला बिलासपुर के तहत पशु पालन विभाग द्वारा गाय एवं भैंसों की विभिन्न श्रेणियों में प्रतियोगिता करवाई गयी। इस प्रतियोगिता में विभिन्न श्रेणियों में कुल 83 प्रविष्टियां हुई। प्रतियोगिता में सर्वप्रथम कॉफ रैली का आयोजन किया गया जिसमे 13 प्रविष्टियां थी।

कॉफ रैली में गाय कॉफ की प्रतिस्पर्धा में प्रथम स्थान अखिलेश शर्मा गांव साई फ र्डा, द्वितीय स्थान सुरजीत चन्देल गांव खैरियां तथा तृतीय स्थान रतन लाल गांव प्लास्ला ने हासिल किया जबकी भैंसे कॉफ की प्रतिस्पर्धा में प्रथम स्थान इमरान गांव बल्लू, द्वितीय स्थान बिटू जाट गांव सुन्दरनगर एवं तीसरा स्थान गौरव शर्मा, गांव दनोह ने हासिल किया दुधारू गाय की विभिन्न नस्लों की श्रेणियों में प्रथम जर्सी नस्ल साहीवाल नस्ल तथा हालिस्टीन प्रिसियन नस्ल में क्रमशः सुरजीत गांव खैरियां, रतन लान गांव प्लास्ला तथा गोपाल दास गांव जंगल सुंगल ने हासिल किया। दुधारू भैंसों की विभिन्न नस्लों की श्रेणियों में प्रथम स्थान मुर्राह नस्ल, नीली रावी तथा पहाड़ी नस्ल में कमशः बिट्ढू जाट सुन्दरनगर, भण्डारी दीन गांव बेनला ब्राहम्णा तथा बलदेव गांव सीहड़ा ने हासिल किया।

# दृष्टिबाधित मुस्कान बनी सहायक प्रोफेसर

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से संगीत में पीएचडी कर रही पूर्णतः दृष्टिबाधित छात्रा और बेहतरीन गायिका मुस्कान नेगी ने एक बार फिर साबित किया है प्रतिभा, मेहनत और लगन के सहारे दिव्यांग बेटियां भी ऊंची उड़ान भर सकती हैं।

राज्य लोक सेवा आयोग ने मुस्कान का चयन कॉलेज कैडर में संगीत विषय के सहायक प्रोफेसर पद के लिए किया है। वह अपनी सफलता का श्रेय माता पिता और शिक्षकों के अलावा उमंग फाउंडेशन को भी देती हैं। उमंग फाउंडेशन के अध्यक्ष और हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के विकलांगता मामलों के नोडल अधिकारी प्रो. अजय श्रीवास्तव ने बताया कि शनिवार को राज्य लोक सेवा आयोग ने संगीत गायन के असिस्टेंट प्रोफेसर पद का साक्षात्कार लिया। उसी शाम परिणाम भी घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि मुस्कान बचपन से उमंग फ ाउंडेशन के साथ जुड़ी हैं और उस के सहयोग से उन्होंने अनेक सफलताएं प्राप्त कीं। भारत के अलावा अमेरिका में भी मुस्कान ने अपने कार्यक्रम प्रस्तुत कर गायन प्रतिभा का लोहा मनवाया। भारतीय चुनाव आयोग ने उन्हें वर्ष 2017 एवं 2022 के विधानसभा चुनाव और 2019 के लोकसभा चुनावों के लिए अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर के अनेक पुरस्कार प्राप्त किए जिनमें गोल्डन वॉइस



अवार्ड और उड़ान आइडल अवार्ड शामिल है। मुस्कान शिमला जिले के दूरदराज क्षेत्र के चिडगांव के ग्राम सिन्दासली के जयसिंह एवं अंबिका देवी की गौरवशाली बेटी हैं। शिमला के पोर्टमोर स्कूल से 12वीं और उसके बाद उमंग फाउंडेशन की स्कॉलरशिप पर उन्होंने आरकेएमवी कॉलेज से बीए की परीक्षा प्रथम श्रेणी में पास की। प्रदेश विश्वविद्यालय से एमए और एमफिल करने के बाद आजकल वह पीएचडी स्कॉलर हैं। मुस्कान के अनुसार उनकी सफलता के पीछे उमंग फाउंडेशन के सदस्यों का भी बड़ा योगदान है जो कदम कदम पर उनके साथ निस्वार्थ भाव से सहयोग करते रहे। उन्होंने कहा कि उनका सपना एक उत्कृष्ट गायिका बनने के साथ-साथ विश्वविद्यालय में प्रोफेसर बनाना था। कॉलेज में सहायक प्रोफेसर बनना उस लक्ष्य का एक पड़ाव है। उन्होंने कहा कि वे कॉलेज में पढ़ाने के साथ-साथ दृष्टिबाधित एवं अन्य दिव्यांग बच्चों की सहायताए रक्तदान एवं सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूकता पैदा करने का काम उमंग फाउंडेशन के माध्यम से करती रहेंगी।

## 33केवी सब स्टेशन थानाकलां की बिजली आज बंद

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

विद्युत उपमंडल थानाकलां के तहत विद्युत लाइनों की मरम्मत व रखरखाव के चलते 20 मार्च दिन सोमवार को विद्युत सप्लाई ठप रहेगी। जानकारी देते हुए थानाकलां उपमंडल विद्युत बोर्ड के एसडीओ जेएस कौशल ने बताया कि सोमवार सुबह 9 बजे लेकर 4 बजे तक 33 केवी सब स्टेशन थानाकलां के चारों फीडर की विधुत सप्लाई ठप्प रहेगी। जिसके चलते क्षेत्र के गांव थानाकलां, अंबेहड़ा, बीहड़ू, लमलेहडी, त्यार, सकोंन, अंदरोली, खुरवाई व तलाई सहित अन्यों गांव में विद्युत सप्लाई प्रभावित रहेंगी।

# जूनियर थ्रोबॉल चैंपियनशिप की मेजबानी को लेकर आयोजित हुई बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

जूनियर नेशनल थ्रोबॉल चैंपियन की मेजबानी का जिम्मा इस बार हिमाचल प्रदेश के हिस्से में आया है। इसको लेकर रविवार को प्रदेश स्तरीय बैठक का आयोजन जिला ऊना के बंगाणा आशीर्वाद होटल में किया गया। जिसमें जिला ऊना, कांगड़ा, बिलासपुर, मंडी, किन्नौर, हमीरपुर समेत अन्य जिलों की जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों शिरकत की और मई माह में होने वाली जूनियर थ्रोबॉल चैंपियन के सफल आयोजन को



लेकर योजना बैठक की। थ्रो बॉल एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश की बैठक प्रदेश अध्यक्ष अमन शर्मा की अध्यक्षता में हुई। अमन शर्मा ने कहा कि थ्रोबॉल खेल भी दूसरे खेलों की भांति दिलचस्प है। जिसे कोई भी खिलाड़ी बड़ी आसानी से खेल सकता है। शर्मा ने कहा कि इस बार हिमाचल प्रदेश को नेशनल थ्रोबॉल चैंपियनशिप कराने का मौका मिला है, जो कि हमारे लिए गौरव का विषय है। इसी दौरान थानाकलां में होने वाली नेशनल थ्रोबॉल चैंपियनशिप के लिए मुख्य संचालन समिति की घोषणा भी की गई।

# टैंडर अलॉट के तीन साल बाद भी सनौरा-नेरीपुल सड़क बदहाल

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

टैडर अलॉट होने के करीब तीन वर्ष बीत जाने पर भी सनौरा-नेरीपुल रोड़ की हालत में कोई सुधार नहीं आया है। कई स्थानों पर सड़क पर इतने गडडे पड़ चुके हैं कि वाहन धारकों को गाड़ी चलाना मुश्किल हो जाता है। आखिर सनौरा -नेरीपुल रोड़ की हालत कब सुधरेगी । यह यक्ष प्रश्न भविष्य के गर्भ में हैं। बता दें कि सरकार द्वारा 85 किलोमीटर लंबी कुम्हारहटटी-यशवंतनगर-छैला सडक के निर्माण हेतू 46 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई थी। जिसमें से 42 किलोमीटर का हिस्सा राजगढ़ मंडल के अंतर्गत आता है। शेष 43 किलोमीटर



सोलन व ठियोग लोनिवि मंडल के अधीन आता है। इस रोड़ को पक्का करने तथा सुधारीकरण का कार्य बीते जुलाई 2020 में एक निजी कंपनी को सौंपा गया था। करीब तीन वर्ष बीत जाने के बावजूद भी इस रोड़ की हालत जस की तस बनी हुई है। बीते वर्ष अप्रैल माह के दौरान इस रोड़ पर टायरिंग की गई थी जोकि तीन माह बाद उखड़ गई थी जिसके चलते क्षेत्र के लोगों ने घटिया कार्य होने पर पूर्व भाजपा सरकार को शिकायत की गई थी। जिस पर बीते वर्ष 02 सितंबर को पूर्व सीएम जयराम ठाकुर के पझौता घाटी के प्रवास के दौरान रोहड़ी में मंच से तीन माह में टायरिंग उखड़ने के बारे में उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए गए थे जिसकी जांच राजनीतिक दबाव के चलते ठंडे बस्ते में पड़ गई। वाहन धारक सडकों पर पड़े गडडों से परेशान है। लोगों का आरोप है कि लोनिवि के साथ निजी कंपनी का पांच साल का अनुबंध है जिसमें से तीन वर्ष बेहाल सडक में बीत गए है तथा धरालत पर कोई ठोस कार्य नहीं हो पाया है अर्थात सरकार को 46 करोड़ की चपत लग गई है। जिस बारे लोगों ने लोनिवि की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े किए गए है। विभागीय अधिकारियों का नाम न छापने की शर्त में बताया कि सड़क की डीपीआर केवल नौ टन भार के लिए बनाई गई थी।

# सरकारी स्कूलों में घट रही छात्र संख्या पर चिंतन करें शिक्षावादी: भुटटो

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धुंधला में रविवार को सहभागिता जागरूक समारोह कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में कुटलैहड़ के विधायक देवेंद्र भुट्टो ने मुख्यतिथि शिरकत की। वहीं कार्यक्रम में जिला पार्षद सदस्य, प्रधान, उपप्रधान, बीडीसी सदस्य, वार्ड सदस्य, स्कूलो के हैडमास्टर, प्रवक्ताओं के साथ बंगाणा उपमंडल का प्रशासन मौजूद रहे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सरकारी स्कूलों में छात्रों की संख्या कम होने पर जागरूक करना था। विधायक भुटटो ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र के सभी



सरकारी स्कूलों में छात्रों की संख्या कैसे बढ़े, इस पर सभी चिंतिन करें। भुटटो ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र के उत्थान के लिए करोड़ो रुपए का बजट में प्रावधान किया है, लेकिन स्कूलो में छात्रो की संख्या कम होना चिंता का विषय है। पंचायत प्रतिनिधि एवं स्कूल स्टाफ मिलकर अपने गांव पंचायत के स्कूलों में स्कूली छात्रों की संख्या को बढ़ाने पर बल दें। इस दौरान विधायक भुटटो ने कुटलैहड़ के सेली में 12.22 करोड़ की लागत से बनी सैली हिंडोला बाया कम्यून सैली महादेव मंदिर बाया लबोबाल का उद्घाटन किया। भुटटो ने कहा कि कोहडरा से लेकर तुतडू तक, डीहर से लेकर भाखड़ा तक, चताड़ा से लेकर झलेड़ा तक कुटलैहड़ विस क्षेत्र में सोलहसिंगी धार रामगढ़ धार स्थित है। कुटलैहड़ के कई हिस्से अभी भी सडकों की सुविधाओं से वंचित है। हमारा प्रयास है कि कुटलैहड़ के हर घर तक सडक सुबिधा हो।

इस मौके पर कुटलैहड़ कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा, युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष नीरज ठाकुर, जिला पार्षद सदस्य सत्या देवी, पूर्व प्रधान प्रवीण पादा, उपप्रधान भूषण शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

**25 परिवारों को दी 3 लाख की सहायता**

विधायक देवेंद्र भुटटो ने अपनी निजी आय से कुटलैहड़ के 25 परिवारों को करीब 3 लाख की अपनी निजी आय से आर्थिक सहायता प्रदान की। इसमें गरीब परिवारों के बच्चों की पढ़ाई, बुजुर्गों के लिए दवाई का खर्च एवं अन्य गरीब परिवारों को जरूरत के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की। भुटटो ने कहा कि आज जो मेरे सिर और ताज रखा है, यह कुटलैहड़ की समस्त जनता के अशीर्वाद से संभव हुआ है।

कार्यालय ग्राम पंचायत बाड़ी
विकास खण्ड फतेहपुर, जिला कांगड़ा ( हि.प्र. )
प्र.सं. अध्यक्षता दिनांक------
निविदाएं आमंत्रित करने बारे
विषय:
ग्राम पंचायत बाड़ी वर्ष 2023-24 के लिए अधिकृत जीएसटी आपूर्तिकर्ताओं से दिनांक 26-03-2023 तक निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति व सेवाएं प्रदान करने के लिए सीलबंद निविदाएं आमंत्रित करती है, जिसका विवरण इस प्रकार से है: लोकल बजरी, क्रेशर (विभिन्न नाप), लोकल रेत, क्रेशर रेत, रेता फाइन, पत्थर, बोल्डर पत्थर तोड़ा पत्थर, पक्की ईंट प्रति हजार ए-1, शटरिंग, इंटरलॉक टाइल (आईएसआई मार्का), सीटिंग बैंच (सीमिंटड, लोहा), सरिया 6एमएम से 16एमएम तक, पीवीसी पाइप 2 इंच से 12 इंच तक, सीमिंटड पाइप (विभिन्न नाप), लकड़ी व लोहे की चौखट, खिड़की, दरवाजा, सिमिंटड साइन बोर्ड, सिमिंटड ब्लॉक, वाटरकूलर फ्लोर टाइल, वाल टाइल, डिल, पानी टैंक, जेसीबी मशीन प्रति घंटा, ट्रैक्टर मशीन प्रति दिन, झूले, ओपन एयर जिम EQUIPMENTS, डस्टबिन-प्लास्टिक, PREFABRICATED INDIVIDUAL / COMMUNITY TOILET CABIN WITH SEPTIC TANK( IN ALL RESPECT), सीमेंट ढुलाई फतेहपुर से बाड़ी प्रति बोरी आदि। निविदाएं दिनांक 26/03/2023 तक कार्यालय ग्राम पंचायत बाड़ी में बंद लिफाफे में डाक द्वारा पहुँच जानी चाहिए, निविदाएं 27/03/2023 को सुबह 12 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत बाड़ी में उपस्थित कमेटी सदस्यों द्वारा खोली जाएंगी, उच्च दरों वाली निविदाओं को बिना कारण बताये रद्द किया जा सकता है, समान दरों वाली निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अंतिम निर्णय कार्यकारणी कमेटी का होगा। यदि सप्लायर के मैटीरियल की गुणवत्ता सही न हो या सप्लायर सही समय पर मैटीरियल की सप्लाई नहीं करता है तो सप्लायर को बिना बताये कुटेशन को रद्द करके अगले सप्लायर को आपूर्ति आदेश दे दिया जाएगा।
Secretary Gram Panchayat Bari.
Block Fatehpur, Kangra (H.P.)

## न्यूज फ्लैश

### चुनावी आगाज को देखते हुए पार्टी को मजबूत बनाए: सरदार निशान



**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल**
आने वाला वर्ष चुनावी वर्ष होगा तथा पार्टी के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को जमीनी स्तर पर संगठन को और मजबूत करना होगा। यह उद्गार जननायक जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह ने व्यक्त किए। जजपा के जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली ने बताया कि इस मौके पर उनके साथ जजपा के राष्ट्रीय संगठन सचिव एवं खादी बोर्ड के चेयरमैन राजेंद्र लितानी भी थे। वह नगर परिषद की चेयरपर्सन एवं राष्ट्रीय महासचिव कमलेश सैनी के यहां पौता के जन्मोत्सव पर आयोजित समारोह में भाग लेने आए हुए थे। पहले उन्होंने रेवाड़ी रोड स्थित सीएल फार्म में आयोजित समारोह में शिरकत की तथा जितेन सैनी को पुत्र रत्न के जन्म की शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया। इसके उपरांत नरूला रिजोर्ट में पार्टी पदाधिकारियों के साथ मीटिंग की। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष अभिमन्यु राव भी उनके साथ थे ।
प्रदेशाध्यक्ष सरदार निशान सिंह ने कहा कि अब चुनावी समय नजदीक आता जा रहा है तथा पार्टी के समर्पित निष्ठावान कार्यकताओं को पूर्णतया सक्रिय होकर संगठन की मजबूती से कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं तथा उपमुख्यमंत्री दुष्यंत सिंह चौटाला ने सरकार में रहते हुए जनकल्याण के अनेक कार्य करवाए हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता ही किसी भी संगठन की रीढ़ होते हैं, जब कार्यकर्ता मजबूत होंगे तो संगठन भी मजबूत होगा। इसलिए पार्टी के पुराने कार्यकताओं को जोड़ें और रूठों हुओं को मनाकर फिर से संगठन में शामिल करें। उन्होंने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में जो कसर रह गई थी, वह अबकी बार नहीं रहनी चाहिए। हम सबको मिलकर 10 के आंकड़ें को पैंतालीस पार ले जाना है और जब सत्ता की चॉबी हमारे हाथ में होगी तो कार्यकताओं के सभी कार्य भी होंगे तथा उन्हें मान-सम्मान देने में कोई कसर बाकी नहीं रहेगी।

### तेज बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि , किसान आहत

**एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल।** जिले के अनेकों क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ बरसात और ओलावृष्टि होने से जहां लोगों को गर्मी से निजात मिलि , वहीं इस बेमौसम बरसात ओर ओलावृष्टि से किसान वर्ग आहत नजर आ रहा है । एक तरफ सरसों की फसल कटाई के बाद खेत में ही पड़ी है , दूसरी तरफ गेंहू की फसल पकने के कगार पर है । इन हालातों में इंद्र देव का यह प्रकोप किसान तबके को कुछ अधिक परेशान करता दिखाई दे रहा है । अनेकों किसानों ने बताया कि काश यह बरसात यदि समय रहते होती तो आज किसान की मेहनत सोना उगल रही होती , लेकिन राज और राम की दोहरी मार झेलते किसानों पर दोनों की नजर टेढ़ी चल रही है । यहीं कारण है कि एक तरफ महंगे खाद बीज की मार सहते किसान की फसल जब पक कर तैयार है तो राम का डंडा चल पड़ा ओर किसान का पसीना आज खेतों में पानी पानी होता नजर आ रहा है । मालूम हो कि जिला महेन्द्रगढ़ डार्क जोन में शामिल है । यहां का भू जलस्तर दो हजार फिट से भी नीचे नसीब नहीं होता । इन कठिन परिस्थितियों में किसान अपनी किसानी किस हिसाब से करता आ रहा है , इसका अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है । चूंकि पहले ही पाले के कारण सरसों की फसल को अपेक्षा से अधिक नुकसान हो चुका और अब बाकी कसर इस ओलावृष्टि ने पूरी कर दी । लोगों का कहना कि यदि यही बरसात कुछ समय पहले या कुछ समय बाद होती तो किसान को फायदा होता , लेकिन बे मौसम की बरसात ओर ओलावृष्टि ने किसानों के हालात सोचनीय बना दिए हैं । अहीरवाल की अर्थव्यवस्था का मूल आधार इसी सरसों और गेहूं की फसल पर ही आधारित है। वहीं इस फसल के प्रभावित होने से किसान के सामने तो परिस्थितियां विकट बनेगी ही , वहीं पशुधन के लिए चारे का भी संकट पैदा होने का अंदेशा जताया जा रहा है । किसानों का कहना है कि सरकार द्वारा अभी सरसों फसल के खराबे से जुड़ी गिरदावरी पूर्ण हुई भी नहीं कि ओलों और बे मौसम बरसात ने अब हालात बद से बद्तर बना डाले हैं । किसान और समाजसेवी एडवोकेट दुलीचंद गुर्जर ने सरकार से मांग की है कि किसानों की बनी इस दयनीय स्थिति पर नजर रखते हुए जिला महेन्द्रगढ़ में तमाम खराबे की जल्द गिरदावरी करवाते हुए किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए।



# बराड़ा में राष्ट्र जागरण मंच ट्रस्ट द्वारा निशुल्क आंखों का 7वा शिविर लगाया

**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला (मनीष कुमार)**
राष्ट्र जागरण मंच ट्रस्ट की ओर से लाला लाजपत राय वरिष्ठ नागरिक भवन में लगाया गया निशुल्क आंखों का शिविर लाला लाजपत राय वरिष्ठ नागरिक भवन बराड़ा में राष्ट्र जागरण मंच ट्रस्ट द्वारा निशुल्क आंखों का 7वा शिविर लगाया गया। शिविर में मुख्यातिथि के तौर पर बराड़ा के प्रसिद्ध समाजसेवी डा कुलदीप शर्मा एवम वशिष्ठ अतिथि के तौर पर साहिल धीमान ने शिरकत की। नेत्रदान शिविर में मिशन हॉस्पिटल



अंबाला शहर की टीम ने लोगों की आंखों की जांच की ओर इस दौरान आंखों की दवाइयां व चश्मा बांटे गए । शिविर में लगभग 105 लोगों ने अपने नेत्र जांच कराई। शिविर में मुख्य अतिथि डा कुलदीप शर्मा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य के जीवन का अहम अंग नेत्र है। आंखों के जरिए ही सारे जहान को देखा जाता है। निःशुल्क नेत्र शिविर के आयोजन का मुख्य उद्देश्य नेत्र समस्या से जूझ रहे लोगों को स्वस्थ करना है। नेत्र शिविर में आंखों के स्पेसलिस्ट डॉक्टरों की टीम डा नरपिंदर सिंह, डा जाकिर, डा चंद्रपाल, मनप्रीत, मनु, पूजा, तनु ने लोगो के नेत्रों की जांच और उपचार कर रही है। शर्मा ने बताया कि राष्ट्र जागरण मंच पिछले 9 सालों से सामाजिक हित में कम कर रहा है इस ट्रस्ट की जितनी तारीफ की जाए उतनी ही कम है । इस दौरान मौके पर राष्ट्र जागरण मंच ट्रस्ट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुधीर कुमार बिट्टू राष्ट्रीय महासचिव कुलबीर राणा ने मरीजों की जांच की। शिविर में 105लोगों की आंखों की जांच की गई। इनमें जांच के बाद 18 मरीजों का चयन मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए किया गया।इनमें से 12लोग ऑपरेशन के लिए तैयार हुए जिन्हें ऑपरेशन के लिए मिशन हॉस्पिटल अम्बाला शहर ले जाया गया। जहां इन मरीजों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन किए जाएंगे। इस दौरान राष्ट्र जागरण मंच ट्रस्ट के संस्थापक अमरिंदर सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुधीर कुमार बिट्टू, राष्ट्रीय महासचिव कुलबीर राणा, सुरिंदर सिंगला, राजदीप शर्मा, हरजीत सिंह पप्पी मौजूद रहे।

## तुलसी सैपलिंग्स में मनाया गया ग्रेजुएशन डे



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** शहर हिसार रोड़ स्थित तुलसी सैपलिंग्स स्कूल में ग्रेजुएशन डे बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया । इस दौरान बच्चों ने स्कूल एवं शिक्षकों पर विभिन्न प्रशंसा गीत गाकर सबका मन मोह लिया। उन्होंने जीवन पथ की ओर सफलतापूर्वक अग्रसर होने के लिए अपने शिक्षकों का आभार जताया । बच्चों के अभिवावको ने भी स्कूल द्वारा किए गए कार्यक्रम की सराहना की। ग्रेजुएशन डे पर प्रधानाचार्या सहित सभी प्रबंधन के सदस्य द्वारा नन्हें-नन्हें बच्चों को मंच पर पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्या ने सभी अभिभावकों को बधाई देते हुए अभिनन्दन किया और बच्चों को नवीन, श्रेष्ठ और सजनात्मक विचारों के लिए प्रेरित किया।

## डायल 112 पर 20 माह में 86 लाख कॉल आना गंभीर विषय: वरुण चौधरी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
प्रदेश में डायल 112 पर जुलाई 2021 से मार्च 2023 तक 86 लाख से अधिक शिकायतें मिलने पर मुलाना विधायक वरुण चौधरी ने विधानसभा में बजट सत्र के दौरान बोलते हुए इसे प्रदेश हित के लिए बहुत गंभीर विषय करार दिया। विधायक ने सदन में बोलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी डायल 112 पर 86 लाख से अधिक शिकायतें प्राप्त होने को जबरदस्त प्रिक्रया करार दे रहे है लेकिन मुख्यमंत्री जी को यह मालूम होना चाहिए कि 20 महीने में जो 86 लाख शिकायतें डायल 112 पर प्राप्त हुई है वह अपराध या अपराध की श्रेणी से जुड़ी शिकायतें हैं। जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि आज प्रदेश में कानून व्यवस्था कहां पर खड़ी है ये शिकायतें प्रदेश में बढ़ते अपराध को दर्शाने का कार्य करती है कि किस प्रकार आज पूरे प्रदेश में अपराध बढ़ रहे है और मुख्यमंत्री जी सदन में इसे जबरदस्त प्रक्रिया करार देकर खुश जाहिर रहे है जो बहुत गलत है।
विधायक ने कहा कि 20 महीनों में 86



लाख शिकायतें आने का मतलब प्रदेशभर के अलग-अलग स्थानों से 14 हजार से अधिक शिकायतें प्रतिदिन प्राप्त होती है जिससे साफ जाहिर होता है कि पूरा प्रदेश आज अपराध की गिरफ्त में है। उन्होंने कहा कि सरकार को प्रदेश की इस गंभीर समस्या को जबरदस्त प्रक्रिया करार न देकर इन बढ़ते अपराधों पर अंकुश लगाने का काम करना चाहिए ताकि हर प्रदेशवासी राहत से अपना जीवन व्यतीत कर सके।

## 'महिला अपने कार्यक्षेत्र में महारत हासिल करें'

**चंडीगढ़:** 5 एलेम्स वूमेन वेलफेयर ग्रुप ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। कार्यक्रम में हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव रंजीता मेहता मुख्य अतिथि रहीं। एडवोकेट पूजा नागरा, मिली गर्ग, प्रियंका हुड्डा एवं सेक्टर 5 थाना प्रभारी नेहा चौहान विशेष तौर पर मौजूद रहीं। कार्यक्रम में 150 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। रंजीता मेहता ने महिलाओं का आहवान करते हुए कहा कि जो महिला जिस भी क्षेत्र में कार्य कर रहीं हैं, वह उसमें पूरी माहरत हासिल करें। महिलाएं अपने पति, पिता से एक प्यार के शब्द के लिए भूखी होती है, लेकिन मैं मानती हूं कि आप जब कुछ हासिल कर लेती हैं, तो आपको प्यार और सम्मान दोनों मिलता है।

## 7 मई को बड़ी धूमधाम से कुरुक्षेत्र में होगा संगठन का त्रिवार्षिक प्रतिनिधि सम्मेलन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**हरियाणा** संयुक्त कर्मचारी मंच से संबंधित हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन रजिस्टर नंबर 41 कैम्प कार्यालय करनाल मुख्यालय चरखी दादरी कि करनाल में केंद्रीय कार्यकारिणी की मीटिंग राज्य प्रधान सत्यपाल वर्मा की अध्यक्षता में हुई। मंच संचालन राज्य महासचिव धर्मवीर शर्मा ने किया । मीटिंग के उपरांत राज्य चैयरमैन सीता राम सुथार ने चुनाव की घोषणा की और बताया की 7 मई को कुरुक्षेत्र में अग्रवाल धर्मशाला में हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच का त्रिवार्षिक महाप्रतिनिधि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। जिसमें केन्द्रीय कमेटी की नई कार्यकारिणी गठित की जाएगी। जिसमें हरियाणा प्रदेश से सभी जिलों



में से 100 से ज्यादा ब्रांचो के 300 से ज्यादा डेलीगेट्स, जिला कार्यकारिणी व केंद्रीय कमेटी के सदस्य हिस्सा लेंगे। प्रतिनिधि सम्मेलन के समापन पर केन्द्रीय कमेटी के गठन के बाद ही राज्य स्तर पर कर्मचारियों की मांगों को लेकर आंदोलन की तिथि भी रखी जायेगी। मीटिंग में केन्द्रीय कमेटी से वरिष्ठ उपप्रधान सरदार इंद्रजीत सिंह, धर्मराज घणघस,इंद्र सिहाग,प्यारे राम ढांडा, राज्य कोषाध्यक्ष सतपाल शर्मा, धर्मपाल दरियापुर,कार्यलय सचिव विनोद शर्मा, उप प्रधान सत्यवान मेहरा,कुलवंत शर्मा, जिला प्रधान करनाल जसमेर शर्मा,रजिस्टर राणा, राकेश भट्टी राजबीर जांगड़ा आदि सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए।

# संचालित धर्मार्थ होम्योपैथिक डिस्पेन्सरी का किया जाएगा विस्तार

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
संतनाम देव रोहिल्ला टांक सभा द्वारा रोहिल्ला धर्मशाला में बैठक आयोजित की गई। जिसमें दिल्ली, हरियाणा की विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों ने भाग लिया।
इसके अलावा सोनीपत शहर के विभिन्न क्षेत्रों से समाज के गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे। बैठक शुरू करने से पहले रोहिल्ला समाज के लोगों ने संत नामदेव जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। इस दौरान संत नामदेव व राजा रणबीर सिंह रोहिल्ला के जयकारे लगाए गए। बैठक को संबोधित करते हुए सभा के पदाधिकारियों ने बैठक में पहुंचे विभिन्न क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत करते हुए बताया कि नामदेव रोहिल्ला



टांक क्षत्रिय सभा सोनीपत द्वारा गत वर्ष 24 जुलाई को धर्मार्थ होम्योपैथिक डिस्पेन्सरी का शुभारंभ जवाहर नगर ककरोई रोड़ स्थित संत नामदेव रोहिल्ला टांक धर्मशाला में किया गया था। जब से अब तक इस धर्मार्थ डिस्पेन्सरी में होम्योपैथिक पद्धति द्वारा सस्ता एवं कारगर इलाज किया जा रहा है, जिसका भरपूर फायदा समाज एवं आसपास के सभी स्थानीय लोग ले रहे हैं, जो एक बहुत ही सराहनीय कार्य है। धर्मार्थ डिस्पेन्सरी के विस्तार को लेकर समाज के लोगों ने अपनी-अपनी बात रखते हुए सुझाव दिए।
जिन्हें आगे चलकर धरातल पर लागू किया जाएगा, ताकि डिस्पेन्सरी की सेवाओं को और अधिक प्रभावशाली बनाया जा सके। इसके साथ-साथ रोहिल्ला समाज का उत्थान किस प्रकार किया जा सके। रोहिल्ला समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने बैठक में अन्य कई अहम मुद्दों पर भी अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि रोहिल्ला समाज को तरक्की और उत्थान के लिए एकजुटता के साथ आगे बढ़ना होगा, ताकि समाज आज की प्रतिस्पर्धा की दौड़ में पीछे न रहे। इस दौरान प्रधान संतलाल रोहिल्ला, धर्मराज रोहिल्ला, सतनारायण रोहिल्ला, मंगलसैन रोहिल्ला, भाजपा नेता नरेश रोहिल्ला, चतर सिंह रोहिल्ला, श्याम सुन्दर रोहिल्ला, प्रमोद रोहिल्ला, देवेन्द्र, राजबीर सिंह, ललित मोहन, रामधन, एसएन रावल, एडवोकेट जगदीश रोहिल्ला, सुरेश कुमार, राजीव रोहिल्ला, सुरेन्द्र सिंह, सतनारायण रोहिल्ला (चंचल), राजेन्द्र सिंह, नरेश कुमार, दिनेश कुमार रोहिल्ला, संजय रोहिल्ला, विनोद कुमार, रणबीर सिंह रोहिल्ला, रणधीर सिंह, जयबीर सिंह, धर्मबीर, कृष्ण कुमार रोहिल्ला, सचिन रोहिल्ला, प्रेम रोहिल्ला, नरेन्द्र राणा, राजेश, अनिल कुमार, रोशन लाल रोहिल्ला, अशोक कुमार, संजीत, हरिराम, महाबीर सिंह, दिलबाग सिंह रोहिल्ला, वजीर सिंह, रोहिल्ला, एमएस रोहिल्ला, दयानन्द रोहिल्ला, गौरव रोहिल्ला, विश्वास रोहिल्ला, रामनिवास, सत्यबीर सिंह, राजेन्द्र टेलर, श्यामफूल रोहिल्ला, श्रीकृष्ण रोहिल्ला सहित काफी संख्या में रोहिल्ला समाज के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## विजय जैन के लिए जन समर्थन मांगा



**पानीपत : पानीपत** ग्रामीण हलके के नेता पार्षद विजय जैन के नेतृत्व में जनसंपर्क पदयात्रा का दूसरा चरण भावना चौक देवी मंदिर रोड से शुरू हुआ। जिसमें ग्रामीण हलके के सैकड़ों की संख्या में पुरुष और महिलाओं ने घर-घर जाकर विजय जैन के लिए जन समर्थन मांगा और लोगों ने फूल मालाओं से विजय जैन का भव्य स्वागत किया। वहीं जैन ने भी घर-घर जाकर लोगों से संपर्क किया और आशीर्वाद मांगा। वहीं लोगों को संबोधित करते हुए विजय जैन ने कहा है कि उसके मन में पानीपत ग्रामीण हलके की जनता के प्रति गहरी तड़प है वह पहले भी उनके साथ हैं तथा भविष्य में हर समय आपके सुख दु:ख में शामिल रहेंगे। जैन ने कहा है कि हमारी जनसंपर्क पदयात्रा हर घर जाकर के लोगों के दुख दर्द को जानने का प्रयास कर रही है। उनकी इन समस्याओं का समाधान कराने का वह पूरा प्रयास करेगें। इतना ही नहीं अगर आप लोगों के आशीर्वाद और भगवान के आशीर्वाद से उन्हें कोई शक्ति मिलती है तो वह उस ताकत का गरीबों के उत्थान के लिए करेंगे। जैन ने कहा है कि पूरा दिन मेहनत करके गरीब व मेहनतकश व्यक्ति के घर में चूल्हा जलता है। इसलिए उनका प्रथम प्रयास अपने हल्के के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करना है चाहे इसके लिए उन्हें युवाओं को आत्मनिर्भर बनाकर सफल बनाना पड़े। इस अवसर पर पानीपत ग्रामीण विकास मोर्चा के अध्यक्ष सतपाल राणा, डॉक्टर सिताब सैनी, आशु सैनी, विशाल सैनी, अशोक कबीरपंथी, नितिन गर्ग, विकास अग्रवाल, मनोज, पूनम, विरेंद्र, उषा चौहान, सुनीता बंसल, पंडित अभिषेक, पुष्पेंद्र रोड, मनोज सिरोहा, रमेश मौर्य, राजकुमार शर्मा, जयंत शर्मा, पप्पू देशवाल, रमेश मास्टर, ईश्वर रोड़, धर्मपाल, बलराज रोड़, बलराम कौशिक, अशोक जैन, प्रवीण मित्तल, अशोक बंबा, राजेश ठेकेदार, तेलु, विक्रम राणा, रविंद्र शर्मा, अमित शर्मा, उपमन्यु, किशोर शर्मा व अरुण सिंह आदि उपस्थित रहे।

## 21-22 मार्च को सुबह 10 बजे से पुस्तक प्रदर्शनी लगेगी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**डॉ. बी.** आर. अम्बेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, सोनीपत के प्रांगण में मंगलवार से दो दिवसीय 21-22 मार्च को सुबह 10 बजे से पुस्तक प्रदर्शनी लगेगी। पुस्तक प्रदर्शनी का उद्घाटन कुलपति डॉ. अर्चना मिश्रा द्वारा किया जायेगा। पुस्तक प्रदर्शनी को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम पुस्तकालय द्वारा संचालित किया जायेगा। पुस्तकालय अध्यक्ष सीताराम शर्मा ने बताया कि विभिन्न शहरों एवं राज्यों से लगभग 30 से अधिक पुस्तक प्रकाशन अपने स्टॉल लगायेंगे। विश्वविद्यालय में पहली बार विशाल पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है जिसमें लाखों की संख्या में किताबें होंगी। सोनीपत जिले के पुस्तक प्रेमियों को पुस्तकों की खरीदारी करने का अवसर मिलेगा। पुस्तक प्रदर्शनी में मनपसंद लेखक के किताबें देख और खरीद सकते हैं।

## रोटरी क्लब ने जल के संरक्षण के बारे में किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** रोटरी क्लब अम्बाला इंडस्ट्रियल एरिया ने विश्व जल संरक्षण दिवस के उपलक्ष्य में क्लब के सदस्यों के साथ जल के महत्व और संरक्षण के बारे में जागरूकता शिविर का आयोजन क्लब की प्रधान नीलम शर्मा के निवास स्थान 58-59, शकर पार्क, निकट एन मैरी पब्लिक स्कूल, अम्बाला कैंट में किया गया । अधिकांश वक्ताओं, जिनमें मुख्यतया प्रधान नीलम शर्मा, निदेशक क्लब सेवाएँ अशोक कुमार शर्मा, दीक्षित कपूर थे, ने उपस्थित सभी रोटेरियन्स और अन्य एकत्रित पड़ोसियों के



समक्ष जल के लगातार घटते स्तर, बढ़ती जनसंख्या के कारण भविष्य में भावी पीढ़ियों तथा अन्य जीव जन्तुओं के लिए जल की आपूर्ति और आवश्यकता की चिन्ता के बारे में विस्तारपूर्वक विवेचनात्मक विचार रखे । उन्होंने कहा कि "जल ही जीवन है" और इसलिए हम सभी का कर्तव्य है कि यथासंभव जल का समझदारी से प्रयोग किया जाए और जल को व्यर्थ बहने से रोका जाए । जल का समुचित संरक्षण ही इसका सर्वोत्कृष्ट उपचार है और हम सभी को चाहिए कि इस समस्या के समाधान के लिए सभी वर्गों विशेषकर युवा समाज में जागरूकता लाई जाए।
कार्यक्रम में प्रधान नीलम शर्मा के साथ रोटेरियन्स अशोक कुमार शर्मा, निदेशक क्लब सेवाएँ, सचिव एम के जुल्का, पूर्व प्रधान मधुशील अरोडा, दीक्षित कपूर, अनिता कपूर, चांद चावला, डौली चोपड़ा, कमलेश शर्मा, ममता शर्मा, बबली अरोड़ा, सुनीति शर्मा तथा अनुज शर्मा के द्वारा भरपूर सहयोग सराहनीय रहा।

# 'सरकार तुरंत स्पेशल गिरदावरी कर पीड़ित किसानों को दे आर्थिक राहत'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**कांग्रेस** महासचिव और राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा है कि प्रदेश में पिछले तीन दिनों में हिसार, नारनौल, दादरी जिलों में हुई ओलावृष्टि तथा कैथल, जींद, कुरुक्षेत्र, अंबाला व लगभग सभी अन्य जिलों में बारिश और तेज आंधी से गेहूं, सरसों, सब्जियों तथा अन्य फसलों में भारी नुकसान हुआ है, किसानों की छह माह की मेहनत पर पानी फिर गया है।
किसानों को हुए नुकसान के आकलन के लिए तत्काल विशेष गिरदावरी कराने पर जोर देते हुए उन्होंने प्रति एकड़ 25 हजार रुपये का मुआवजा देने की मांग की है।
सुरजेवाला ने कहा कि मंडियों में किसान की फसल पड़ी है, लेकिन मंडियों में फसल के रखरखाव



प्रबंधन और खरीद के कोई इंतजाम नहीं हैं। सरकार द्वारा 15 मार्च से सरसों की फसल की टरढ पर खरीद के दावे भी कागजी और झूठे साबित हुए। प्रदेश की अधिकतर मंडियों में सरकार फसलों की खरीद नहीं कर रही है। फसल खरीद के लिए तैयार किए गए मानकों से किसान हताश है। सरकारी एजेंसियां 8% से अधिक नमी वाली सरसों फसल को नहीं खरीद रही है। एजेंसियां सरसों की फसल में 38% तेल अनिवार्यता की शर्त पर ही खरीद कर रही हैं। मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकृत किसानों की ही फसलों की खरीद हो रही है। इन सभी शर्तों से निराश किसान अपनी फसलों को प्राइवेट एजेंसियों को ओने-पौने दामों पर बेचने पर मजबूर है। उन्होंने कहा कि प्राइवेट एजेंसियां किसानों से ?3800 से 4500 प्रति क्विंटल तक सरसों फसल खरीद कर रही हैं, जिससे किसानों को सीधा 1500 प्रति क्विंटल का नुकसान हो रहा है।
अपनी फसल बेचने के लिए किसानों को हर सीजन में निरंतर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि गेहूं खरीद का समय नजदीक है, बावजूद इसके किसानों को फसल पंजीकरण के नाम पर बार-बार तंग किया जाना बेहद निंदनीय है। प्रदेश में 10 लाख एकड़ फसल का 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पोर्टल पर पंजीकरण अभी भी बाकी है।
प्रदेश के आलू उत्पादक किसान भी सरकार की बेरुखी से बबार्दी की कगार पर हैं। किसानों को आलू की फसल का भाव 300 से 400 प्रति क्विंटल मिल रहा है।

# भगत अस्पताल ने मटेडी में निशुल्क जांच शिविर का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
अंबाला शहर के मटेडी शेखा स्थित राधा कृष्ण मंदिर में भगत हड्डियों व आंखों के अस्पताल द्वारा निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें संचालक डॉ मुकेश कुमार भगत, टइइर, उ्व्हइ (डफ्ळ्लड) ने लगभग 125 मरीजों की जांच की। इस दौरान मरीजों की हड्डियों की मजबूती इटऊकी जांच अत्याधुनिक मशीन द्वारा की गई व जोड़ों के दर्द संबंधित बीमारी की जांच की गयी। इसके अलावा शिविर में मुफ्त




बीपी, शुगर आदि की भी जांच की व मुफ्त दवाइयां वितरित की गई। डॉ मुकेश ने बताया कि पिछले काफी समय से वह निरंतर निशुल्क जांच कैंप लगाते आ रहे हैं ताकि अधिक से अधिक लोग शिविर का लाभ उठा सकें।

# संपादकीय

## चीन और रूस की गहराती मित्रता

**अमेरिका** और यूरोपीय देशों की चिंता का सबब। भारत अब 20 देशों की अध्यक्षता कर रहा है इसका मतलब यह है कि वैश्विक परिदृश्य में चीन और पाकिस्तान अलग-थलग पड़ गए हैं। यदि पुतिन भारत आते हैं तो विश्व में भारत के कद का अलग नजरिया होगा' रूस और चीन की गहराती दोस्ती से भारत के साथ-साथ अमेरिका तथा यूरोपीय देशों को नुकसान होने की संभावना है, चीन भारत का धुर विरोधी है और रूस परंपरागत मित्र ऐसे में यदि चीन के साथ रूस की जुगलबंदी होती है तो भारत को कूटनीतिक तौर पर थोड़ा नुकसान झेलना पड़ सकता है' क्वाड सम्मेलन के बाद अमेरिका, भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान बंगाल की खाड़ी में युद्ध पोतों को भेजकर साझा सैन्य अभ्यास करने में जुट गए हैं। फ्रांस ने तो अपना युद्धपोत तथा लड़ाकू विमान भेज कर इसका आगाज भी कर दिया है। अमेरिका पहले से ही प्रशांत महासागर में अपने बेडें को तैनात कर चुका है। जापान जल्दी बंगाल की खाड़ी और प्रशांत महासागर में अपने युद्धपोत तथा लड़ाकू विमानों की रवानगी करेगा। चीन की विस्तार वादी खतरनाक नीतियों एवं मानव विरोधी हरकतों के कारण विश्व की बड़ी ताकतों को एकीकरण का मौका दे दिया है। चार देश तो किवाड़ सम्मेलन करके उसके खिलाफ अंदरूनी अपने अपने हितों की रक्षा के उपाय भी कर चुके हैं, पर क्वाड सम्मेलन से सबसे ज्यादा तकलीफ चीन तथा रूस को हुई है। ऐसी परिस्थितियों को देखते हुए चीन तथा रूस सामरिक महत्व के कारण एक दूसरे के काफी करीब आ गए और साझा सैन्य अभ्यास करने के मूड में दिखाई दे रहे हैं। अपरोक्ष रूप से चाइना ने रूस की तरफ अपना हाथ मित्रता का बढ़ा कर यह स्पष्ट कर दिया है कि दोनों बड़े देश निकट भविष्य में प्रशांत महासागर मैं ही सैन्य अभ्यास सामरिक महत्व के लिए करने वाले हैं। मूलत क्वाड सम्मेलन पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना और चीन की कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना, अंतर्राष्ट्रीय शांति के लिए दीर्घकालिक परेशानी का सबब बन सकती है। चीन ने अपने देश में जिस तरह आंतरिक उत्पीड़न,तानाशाही और मानवाधिकारों की धज्जियां उड़ाकर कर एक बंद तथा अमानवीय वातावरण निर्मित किया है। उससे वैश्विक रणनीति तथा राजनीति में दूरगामी परिणामों में बहुत ज्यादा फर्क पडने की संभावना बलवती हो सकती है। चीन में सेना में भर्ती होना नौजवानों के लिए स्वैच्छिक ना होकर अत्यंत आवश्यक है वहां हर नौजवान पर सेना में भर्ती होने का भीषण दबाव रहता है इसीलिए नौजवान खुशी से सेना में अपनी सेवाएं देने से घबराकर हिचकिचाते भी हैं। चीन पाकिस्तान को छोड़कर ना सिर्फ भारत बल्कि अन्य पड़ोसी देशों के साथ पूरे विश्व में विस्तार वादी नीतियों के लिए कुख्यात है, और विगत दिनों भारत की लद्दाख की सीमा पर एल,ए,सी पर जो अतिक्रमण किया एवं दीर्घकालिक भारतीय अधिकारियों के साथ वार्ता कर कुछ पीछे जाकर केवल औपचारिकता ही पूरी की हैं। संपूर्ण रूप से वह पीछे नहीं हटा है। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना के पदाधिकारी किसी भी हालात में भारत को चैन से रहने नहीं देने पर अडिग हैं, पर भारत के संदर्भ में यह बात अत्यंत चिंतनीय की चाइना अपने वचन पर कभी भी यू-टर्न ले सकता है ।और चीन का सैन्य रक्षा बजट भारत के बजट से 5 गुना अधिक रखा गया है। इससे चीन के मंसूबे एकदम स्पष्ट हैं कि दक्षिण प्रशांत महासागर में वह कुछ भी सैन्य कार्यवाही कर सकता है। इतने बड़े रक्षा बजट बनाने के पीछे उसकी युद्ध करने की मंशा और संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

# सदन से सड़क तक हंगामेंबाजी

प्रेम शर्मा

"अर्थात जो भी बयान राहुल गांधी ने दिया है आरोप लगाने वाले संसद सदस्य उसका सत्यापन भी करें। मगर राहुल गांधी लोकसभा के साधारण सदस्य हैं। संसद से बाहर वह कोई भी वक्तव्य देने के लिए स्वतन्त्र हैं। यदि विदेश में दिये गये उनके किसी बयान में राष्ट्र अवहेलना का भाव है तो संसद में उसकी तसदीक किये जाने का अधिकार किसी भी अन्य संसद सदस्य को है। मगर यह सिद्ध करने के लिए भी उन्हें संसद में बोलने का अवसर दिया जाना इसलिए जरूरी है जिसके संसद के अध्यक्ष किसी नतीजे पर पहुंच सकें और उन सांसदों की मांग पर विचार कर सकें जो उनसे माफी मांगने की मांग कर रहे हैं। राहुल गांधी के मुद्दे पर सत्तापक्ष और विपक्ष का अपना-अपना राजनैतिक गणित हो सकता है"

सदन से सड़क तक सिर्फ हंगामेबाजी चल रही है। अड़ानी से लेकर पुरानी पेंशन को लेकर विपक्ष और सरकारी कर्मचारी सरकार से रार करने को तैयार है। जनता जर्नादन बीच में केवल तमाशा देख रही है। ऐसे में जो कुछ देश में चल रहा है उससे देश के विकास का रास्ता तो बाधित हो ही रहा है आम जनमानस से जुड़ी समस्याएं जैसे महंगाई और बेरोजगारी, मूलभूत सुविधाओं को नजरअंदाज किया जा रहा है। कुल मिलाकर सदन से सड़क तक जो कुछ भी चल रहा है उसके लिए सत्ता पक्ष और विपक्ष की बराबर जिम्मेदारी बनती है।

संसद का बजट सत्र में दोनों सदनों में हंगामे और नारेबाजी के अतिरिक्त और कुछ नहीं हुआ है। जहां सत्तापक्ष संसद में अपनी इस मांग पर जोर दे रहा है कि राहुल गांधी ने अपनी लंदन यात्रा के दौरान भारतीय लोकतंत्र के बारे में जो कुछ कहा, उसके लिए उन्हें क्षमा याचना करनी चाहिए, वहीं कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दल अदाणी मामले की जांच संयुक्त संसदीय समिति यानी जेपीसी से कराने पर अड़े हुए हैं और संसद नहीं चलने दे रहे हैं। स्पष्ट है कि यदि दोनों पक्ष अपने-अपने रवैये पर अडिग रहते हैं तो संसद का चलना मुश्किल ही होगा। यदि ऐसा होता है तो यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण होगा। ऐसी भी परिस्थिति आ सकती है कि बजट को बिना बहस के पारित कराना पड़े। यह ठीक नहीं होगा, लेकिन संसद तभी चल सकती है, जब दोनों पक्ष अपना-अपना हठ छोड़ेंगे। फिलहाल इसके आसार नहीं दिख रहे हैं। जैसे इसके आसार नहीं कि राहुल गांधी माफी मांगेंगे, वैसे ही इसके भी नहीं कि मोदी सरकार अदाणी मामले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति गठित करने की विपक्ष की मांग मानने के लिए तैयार हो जाएगी। इसका एक कारण तो यह है कि सुप्रीम कोर्ट पहले ही छह सदस्यीय समिति के गठन की घोषणा कर चुका है और दूसरा यह कि वित्तीय मामलों में अब तक गठित संयुक्त संसदीय समितियों ने जांच के नाम पर या तो लीपापोती की है या फिर दलगत राजनीति का शिकार हुई। अदाणी मामले की जांच संयुक्त संसदीय समिति से कराने की विपक्ष की मांग का मुख्य उद्देश्य इस मामले को अगले आम चुनाव तक जिंदा रखना है। चूंकि सरकार विपक्ष के इस इरादे को भांप चुकी है, इसलिए वह उसकी मांग पर ध्यान देने के लिए तैयार नहीं। संसद के इस सत्र में केवल बजट पर ही बहस नहीं होनी है, बल्कि कम से कम तीन



दर्जन विधेयक भी पारित होने हैं। इनमें से कई अत्यंत महत्वपूर्ण विधेयक हैं। यदि सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच जारी गतिरोध के चलते प्रस्तावित विधेयक पारित नहीं हो पाते तो यह एक तरह से राष्ट्र की राह रोकने वाला काम होगा। उचित यह होगा कि सत्तापक्ष और विपक्ष यह समझें कि संसद में गतिरोध की स्थिति पैदाकर वे जनता को निराश करने का ही काम कर रहे हैं। भारत की संसदीय प्रणाली के लोकतन्त्र में संसद इस प्रकार सार्वभौम है कि इसके ऊपर संविधान के मूल ढांचे को बनाये रखने का दायित्व है। अतः लोकतन्त्र के सभी आधारभूत स्तम्भों को सतत जीवन्त बनाये रखने की जिम्मेदारी भी इसके कन्धों पर है। इसलिए जब भी संसद में गतिरोध बनता है तो उसके असर से पूरी लोकतान्त्रिक प्रशासनिक व्यवस्था जड़वत स्थिति में पहुंच जाती है। हमारे संविधान निमार्ताओं ने संसद के भीतरी ढांचे को इसीलिए सत्तारूढ़ सरकार से निरपेक्ष रखने की प्रणाली अपनाई जिससे राजनैतिक आधार पर गठित संसद के भीतर जो भी कार्य हो वह पूर्णतः पारदर्शी तरीके से हों और इसके सदस्य सभी सांसदों के अधिकार एक समान हों। संसद के दोनों सदनों लोकसभा व राज्यसभा के अध्यक्षों को संसद की कार्यवाही को न्यायिक समीक्षा से ऊपर रखने हेतु ही न्यायिक अधिकार भी दिये गये और उन्हें सांसदों के अधिकारों का संरक्षक भी बनाया गया। अपने अधिकारों का प्रयोग करते समय उन्हें सरकार की सत्ता के प्रभाव से भी विमुक्त रखा गया और संसद की कार्यवाही चलाने के नियमों का उन्हें प्रतिष्ठाता बनाया गया। अतः कांग्रेस नेता श्री राहुल गांधी के लन्दन में दिये गये जिस बयान को लेकर संसद में गतिरोध बना हुआ है उसे संसदीय कार्यवाही के नियमों के तहत दोनों सदनों के अध्यक्षों को मिले सर्वाधिकारों से जोड़ कर देखना होगा। संसद के हर सदस्य को इसके भीतर अपने विचार रखने की छूट है, बशर्ते अध्यक्ष इसकी अनुमति प्रदान करें और वह कार्यवाही के नियमों से बंधे होते हैं। इन्हीं नियमों के तहत वह किसी भी सांसद को अपना वक्तव्य या विचार रखने की अनुमति देते हैं। राहुल गांधी के मामले में सत्तारूढ़ पक्ष के सांसदों ने बढ़त ले ली है और उन्होंने दोनों सदनों में उन पर आरोप लगाये हैं कि लन्दन में दिया गया उनका बयान देश की तौहीन करने वाला है अतः वह पहले माफी मांगे। मगर राहुल गांधी मांग कर रहे हैं कि संसद की कार्यवाही की नियमावली के अनुसार उन्हें अपने ऊपर लगाये गये आरोपों का स्पष्टीकरण देने के लिए समुचित अवसर दिया जाये क्योंकि उनके ऊपर आरोप सत्तारूढ़ दल के जिन सदस्यों ने लगाये हैं उनमें चार तो मन्त्री हैं। पेंच यहीं आकर फंसता है क्योंकि राहुल गांधी के बयान की संसद में तसदीक हुए बिना उन्हें दोषी सिद्ध नहीं किया जा सकता और विपक्ष यह मांग भी कर रहा है कि लोकसभा के नियमों के अनुसार इस मामले में कार्रवाई हो। अर्थात जो भी बयान राहुल गांधी ने दिया है आरोप लगाने वाले संसद सदस्य उसका सत्यापन भी करें। मगर राहुल गांधी लोकसभा के साधारण सदस्य हैं। संसद से बाहर वह कोई भी वक्तव्य देने के लिए स्वतन्त्र हैं। यदि विदेश में दिये गये उनके किसी बयान में राष्ट्र अवहेलना का भाव है तो संसद में उसकी तसदीक किये जाने का अधिकार किसी भी अन्य संसद सदस्य को है। मगर यह सिद्ध करने के लिए भी उन्हें संसद में बोलने का अवसर दिया जाना इसलिए जरूरी है जिसके संसद के अध्यक्ष किसी नतीजे पर पहुंच सकें और उन सांसदों की मांग पर विचार कर सकें जो उनसे माफी मांगने की मांग कर रहे हैं। राहुल गांधी के मुद्दे पर सत्तापक्ष और विपक्ष का अपना-अपना राजनैतिक गणित हो सकता है मगर इस मुद्दे पर संसद को ही अप्रासंगिक नहीं बनाया जा सकता क्योंकि अंत में संसद के भीतर ही यह तय हो सकता है कि राहुल गांधी का वक्तव्य किस श्रेणी में रखा जाये। अतः संसद के गतिरोध को तोड़ने के लिए अब दोनों सदनों के अध्यक्षों को ही अग्रणी भूमिका निभानी होगी और सत्तापक्ष व विपक्ष के नेताओं को संसद को सुचारू रूप से चलाने के लिए बाध्य करना होगा। फिलहाल यह मामला जितना लम्बा खिंचेगा उतना ही लोकतन्त्र का नुक्सान होगा और भारत की जनता यह सोचने पर मजबूर होगी कि संसद केवल नारेबाजी का अखाड़ा बनती जा रही है।

संसद की गरिमा को बनाये रखने की जिम्मेदारी सत्तारूढ़ व विपक्ष दोनों की ही है क्योंकि इसी वर्ष के भीतर भारत में जी-20 देशों का सम्मेलन हो रहा है और शंघाई में सहयोग संगठन के देशों की बैठक भी होनी है। हम लगातार यह उद्घोषित करते हैं कि भारत लोकतन्त्र की जननी है अतः भारत के 130 करोड़ से अधिक लोगों की चुनी हुई सबसे बड़ी संस्था संसद से इसकी प्रतिध्वनी की गूंज पूरे विश्व को सुनाई देनी चाहिए। अतः विपक्ष व सत्तापक्ष को अपना विवाद जल्दी से जल्दी समाप्त करना चाहिए। वैसे भी आगामी लोकसभा 2024 के चुनाव जैसे जैसे नजदीक आएगें केन्द्र सरकार की मुश्किले बढ़ना तय है। लम्बे अरसे से पुरानी पेंशन को लेकर छिटपुट प्रदर्शन कर रहे केन्द्र और राज्य सरकार के कार्मिक भी केन्द्र और राज्य सरकारों की धेराबंदी तेज करेगें वैसे भी गैर भाजपाई सरकारों द्वारा पुरानी पेंशन बहाली का टशन कर्मचारियों के सिर चढ़कर बोल रहा है।

देश के सबसे बड़े राज्य में बिजली कार्मिकों की हड़ताल के बाद केन्द्रीय और राज्य कर्मचारी संगठनों के सयुक्त पुरानी पेंशन बहाली मंच द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर खड़े किए जा रहे आन्दोलन को देखते हुए ऐसा लग रहा है कि आने वाले समय में सरकार को विपक्ष के साथ अपने कार्मिकों के विरोध का भी बड़ा सामना करना पड़ सकती है। ऐसे में केन्द्र सरकार को समय रहते बीच का रास्ता तलाशना होगा।

# कविता

## जरा सदाएं मेरी सुनते जाइए

इतने नजदीक आकर इतने दूर न जाइये,
जो ना हुई मुझसे खता वो भी तो बताते जाइए।

गर बेवफा हम मिले, सजा बेशक दे हमें,
जाते-जाते हमारा गुनाहे एलान तो करते जाइए।

इस जुदाई ने जो बेवजह जख्म दिए हमें,
उसका भी जरा मरहम तो लगाते जाइए।

पलों के एहसास में दम ना निकल जाए कहीं ,
उनकी सदाएं भी जरा नजदीक से सुनते जाइए।

उन सांसो की धड़कनों को कैसे भूल पाओगे।
सजदे में झुकी नजरों पर जरा नजरें फरमाइए।

चलो माना हम काबिल नहीं इस कद्र दानी के,
मन की फकीरी पर जरा तो रहम खाइए।

चलो सारी खताओं के गुनाहगार है हम,
सजाये गुनाह का ऐलान तो करते जाइए।

संजीव ठाकुर

## बच्चों पर सोशल मीडिया प्रभावितों का प्रभाव

विजय गर्ग

**बच्चों को** प्रभावित करने वालों के जीवन पर प्रभाव के बारे में जागरूक करना महत्वपूर्ण है क्योंकि वे आसानी से बहकाए जा सकते हैं हाल ही के एक सर्वेक्षण में पाया गया कि 2019 से 2021 तक किशोरों के बीच समग्र स्क्रीन उपयोग में 17% की वृद्धि हुई। इतना ही नहीं, दैनिक स्क्रीन उपयोग के मामले में, यह पाया गया कि 8-12 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए, औसत उपयोग चार घंटे से बढ़ाकर लगभग पांच घंटे कर दिया गया और 13 से 18 साल के किशोरों के लिए औसत सात घंटे से बढ़कर लगभग आठ घंटे हो गया। इसका तात्पर्य क्या है?? पंडित जवाहरलाल नेहरू के शब्दों में, आज के बच्चे कल का भारत बनाएंगे। जिस तरह से हम उन्हें लाते हैं, वह देश का भविष्य तय करता है। हालाँकि, यह सवाल बना हुआ है कि क्या माता-पिता, शिक्षक, सहकर्मी और तथाकथित जेनरेशन अल्फा (जेन अल्फा) के कल्याण और विकास के लिए जिम्मेदार सभी लोग उन्हें भविष्य के लिए तैयार करने के लिए दृढ़ हैं? क्या वे सभी अपने जीवन के उदाहरणों के साथ उन्हें मूल्यों की शिक्षा देकर उनकी क्षमता का एहसास कराने में मदद कर रहे हैं, उन्हें एक ऐसा वातावरण प्रदान कर रहे हैं जो उन्हें रहने के लिए सुरक्षित है और सबसे बढ़कर उन्हें सुनने के लिए अपना कीमती समय दे रहे हैं? ऐसे तमाम सवालों का जवाब शत-प्रतिशत हां नहीं बल्कि बहुमत नहीं होगा। आज, इस तथाकथित तकनीकी रूप से उन्नत, तेजी से आगे बढ़ने वाली दुनिया में, जहां हर कोई काम में बहुत उलझा हुआ है और साथियों के दबाव से राहत पाने की जरूरत है, सबसे अच्छा शॉर्टकट स्क्रीन पर मीडिया की खपत है जो धीरे-धीरे एक लत में बदल रही है। चाहे वह पांच साल का हो या नब्बे साल का, हर किसी को इसके नतीजों को जाने बिना स्मार्टफोन की जरूरत होती है। सरल शब्दों में, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर सोशल मीडिया पर उन उपयोगकताओं को संदर्भित करता है जिन्होंने एक विशिष्ट उद्योग में व्लॉगर्स, ब्लॉगर्स, यूट्यूबर्स, पॉडकास्टर्स या अनबॉक्स जैसे कौशल के माध्यम से विश्वसनीयता स्थापित की है, जिससे बड़े दर्शकों तक पहुंच होती है, खासकर बच्चों के लिए जो खर्च करते हैं। अधिकतम समय सोशल मीडिया देख रहा है। युवा दर्शकों के जीवन पर ऐसे प्रभावकों का प्रभाव सकारात्मक या नकारात्मक हो सकता है और यह बहुत चिंता का विषय है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि प्रभावित करने वालों के पास अपने दर्शकों के साथ बेहतरीन संचार कौशल और जुड़ाव होता है। बच्चे अक्सर इन प्रभावितों से प्रभावित हो जाते हैं क्योंकि वे हास्य, उत्साह, खेल और प्रेरणा से युक्त विभिन्न ऑनलाइन सामग्री इतनी बार पेश करते हैं कि वे इससे संबंधित हो सकते हैं बिना यह महसूस किए कि उनका कीमती समय ऐसी सामग्री को देखने में बर्बाद हो रहा है।

# विचार

## जरूरी है प्रकृति संतुलन के लिए गौरैया का संरक्षण

योगेश कुमार गोयल

**स्वयं** को परिस्थितियों के अनुकूल बना लेने वाली नन्हीं सी प्यारी गौरैया दो दशक पहले तक हर कहीं झुंड में उड़ती देखी जाती थी लेकिन अब यह एक संकटग्रस्त और दुर्लभ पक्षी की श्रेणी में आ गई है। भारत के अलावा यूरोप के कई हिस्सों में भी इनकी संख्या काफी कम रह गई है। तेजी से लुप्त होती गौरैया को नीदरलैंड में तो ह्यदुर्लभ प्रजातिह्न की श्रेणी में रखा गया है। जर्मनी, ब्रिटेन, इटली, फ्रांस, चेक गणराज्य इत्यादि कुछ अन्य देशों में भी गौरैया की संख्या तेजी से घट रही है। पश्चिमी देशों में इनकी आबादी घटकर खतरनाक स्तर तक पहुंच गई है। दुनियाभर में गौरैया की कुल 26 प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनमें से पांच भारत में मिलती हैं लेकिन अब इनके अस्तित्व पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। ब्रिटेन की ह्यरॉयल सोसायटी ऑफ प्रोटेक्शन ऑफ बर्ड्सह्न ने भारत सहित दुनिया के अन्य हिस्सों में भी कई अध्ययनों के आधार पर गौरैया को ह्यरेड लिस्टह्न में डाला है। ह्यरेड लिस्टह्न में उन जीव-जंतुओं या पक्षियों को डाला जाता है, जिन पर विलुप्त होने का खतरा मंडरा रहा होता है। भारतीय उपमहाद्वीप में गौरैया की कुल छह प्रजातियां हाउस स्पैरो, स्पेनिश स्पैरो, डैड सी अथवा अफगान स्क्रब स्पैरो, ट्री स्पैरो अथवा यूरेशियन स्पैरो, सिंध स्पैरो तथा रसेट अथवा सिनेमन स्पैरो पाई जाती हैं। ह्यप्रदूषण मुक्त सांसेंह्न पुस्तक के मुताबिक भारत में गौरैया की आबादी में 60 फीसदी के आसपास कमी आई है। इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च के एक सर्वेक्षण के अनुसार गौरैया की संख्या आंध्र प्रदेश में करीब 80 फीसदी तथा केरल, गुजरात, राजस्थान जैसे राज्यों में 20 फीसदी तक कम हो चुकी है। इसके अलावा तटीय क्षेत्रों में इनकी संख्या 70 से 80 फीसदी तक कम होने का अनुमान है। केन्द्रीय पर्यावरण और वन मंत्रालय का भी मानना है कि देशभर में गौरैया की संख्या में निरन्तर कमी आ रही है। पर्यावरणविदों का कहना है कि अगर गौरैया के संरक्षण के लिए समय रहते ठोस प्रयास नहीं किए गए तो संभव है कि नन्हीं सी चिड़िया गौरैया इतिहास का प्राणी बनकर रह जाए और हमारी आने वाली पीढ़ियों को इसके दर्शन केवल गूगल या किताबों में ही हो पाएं। दरअसल हम पर्यावरण के साथ जिस तरह का खिलवाड़ कर रहे हैं, उसी का नतीजा है कि हमने धरती, जल, वायु प्रकृति के इन सभी तत्वों को इस कदर प्रदूषित कर दिया है कि इसका दुष्प्रभाव अब मनुष्यों के अलावा धरती पर विद्यमान तमाम जीव-जंतुओं और पशु-पक्षियों को भुगतना पड़ रहा है। गौरैया की तेजी से घटती संख्या को देखते हुए गौरैया के अलावा शहरी वातावरण में रहने वाले आम पक्षियों के संरक्षण के प्रति भी जागरूकता लाने के उद्देश्य से वर्ष 2010 से प्रतिवर्ष 20 मार्च को ह्यविश्व गौरैया दिवसह्न मनाया जाता है। गौरैया की तेजी से घटती संख्या को देखते हुए दिल्ली सरकार द्वारा इसे वर्ष 2012 में राज्य-पक्षी घोषित कर दिया गया था, बिहार का भी यह राजकीय पक्षी है। पिछले दो-ढ़ाई दशकों में हमारी जीवनशैली में बहुत बदलाव आया है। अपने निहित स्वार्थों के चलते हमने जंगल उजाड़ दिए, प्रकृति का संतुलन चक्र बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे जीव-जंतुओं और पक्षियों की अनेक प्रजातियों को मारकर, उनका शिकार करके या उनके आशियाने उजाड़कर उनके अस्तित्व पर संकट पैदा कर दिया है। एक समय था, जब सुबह आंख खुलते ही गौरैया की चहचहाहट सुन हमारे दिलोदिमाग को एक अजीब सा सुकून मिलता था किन्तु अब यह चहचहाहट कहीं गायब हो गई है।

पर्यावरण संरक्षण पर प्रकाशित अपनी पुस्तक प्रदूषण मुक्त सांसें में गौरैया को लेकर मैंने विस्तार से यह उल्लेख किया है कि भोजन तथा पानी की कमी, पक्के मकान बनने से घोसलों के लिए उचित स्थानों की कमी, तेजी से कटते पेड़-पौधे, हमारी बदलती जीवनशैली, मोबाइल रेडिएशन का दुष्प्रभाव, तापमान में लगातार होती बढ़ोतरी इत्यादि कई ऐसे प्रमुख कारण हैं, जो गौरैया की विलुप्ति का कारण बन रहे हैं। खेतों में कीटनाशकों के बढ़ते प्रयोग से भी इनके अस्तित्व पर काफी बुरा असर पड़ रहा है। पर्यावरणविदों के मुताबिक गौरैया काकून, बाजरा, धान, पके हुए चावल के दाने इत्यादि खाती है किन्तु अत्याधुनिक शहरीकरण के कारण उसके प्राकृतिक भोजन के स्रोत खत्म होते जा रहे।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**

ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# चिंतन

## 'कानून का राज' बहुत जरूरी

मिथिलेश कुमार सिंह

**लेख** का शीर्षक बहुत सोच समझ कर रखा गया है !इसका सीधा सन्दर्भ यह है कि भोजन नहीं मिलने से आप तुरंत ही मरणासन्न नहीं हो जाएंगे, बल्कि कुछ दिनों तक आप जरूर जीवित रह सकते हैं, किंतु कुछ दिनों के पश्चात अधिकांश लोगों की क्षमता मृत्यु के सामने हार ही जाएगी... अगर उनको भोजन ना मिले!

ऐसी अवस्था में कुछ लोग, कुछ हफ़्तों से लेकर कुछ महीनों तक सरवाइव कर सकते हैं. चूंकि यह अलग-अलग व्यक्तियों की सर्वाइवल (जीवित रहने) की क्षमता पर भी निर्भर करता है. हमारे शास्त्रों - पुराणों में ऐसा वर्णन मिलता है कि कई ऋषि मुनि, तपस्वी बिना कुछ ग्रहण किये वर्षों तक तपस्या कर लेते थे, किंतु सामान्य जनों के लिए तो यह 'अपवाद' ही है. अधिकांश लोगों को तो भोजन चाहिए ही चाहिए... किंतु जरा रूकिये !'कानून का राज' शीर्षक देकर, यह मैं भोजन की बात क्यों करने लगा भला? ऐसे में हकीकत दुहराना आवश्यक है कि अगर 'कानून का राज' समाज में नहीं रहता है, कमजोर कानून रहता है, तो कुछ समय तक वह समाज अवश्य ही सरवाइव कर लेता है, किंतु अंततः ऐसा समाज अराजकता को प्राप्त होते हुए, नष्ट हो जाता है. कुछ लोग अपनी ताकत के बल पर, संगठन के बल पर, सामान्य जनों के मुकाबले कुछ अधिक दिनों तक स्वतंत्र रूप से जरूर सरवाइव कर सकते हैं, किंतु अंततः वह भी गुलामी के रास्ते होते हुए नष्ट हो जाते हैं. आखिर जंगल के 'अराजक' कानून में हर जानवर कभी न कभी शिकार बन ही जाता है. शायद यही कारण है कि 'कानून के शासन' की आवश्यकता किसी भी सभ्य समाज के लिए अत्यावश्यक है.अगर ऐसा नहीं होता, तो आदिमानव धीरे-धीरे प्रगति के पथ पर क्यों बढ़ते भला? क्यों कानून बनते, क्यों संविधान बनते, और भला क्यों संवैधानिक संस्थाओं का निर्माण होता?

यह बेहद बेसिक बात है, किंतु बार-बार दोहराए जाने योग्य बात है. अब प्रश्न उठता है कि इस मूल प्रश्न को दुहराने की आवश्यकता आखिर क्यों जान पड़ रही है? तो चलिये, पहले भारतीय गणराज्य के कुछ राज्यों की बात कर लेते हैं...

पंजाब जैसे राज्य से शुरू करते हैं तो वहां खालिस्तान की मांग से राज्य में एक अलग तरह का माहौल पनपता जा रहा है. पूर्व में पंजाब ने हिंसा का बड़ा दौर देखा है, और दशकों बाद कोई व्यक्ति भारत में ही रहकर भारत के खिलाफ आवाज उठा रहा है.

## सहीराम की श्रद्धांजलि

डॉ. सुरेश कुमार

**दाँतों** के बीच जीभ और बुरों के बीच सही आदमी एक जैसे होते हैं। थोड़ा-इधर हुए कि नहीं धर-दबोच लिए जाते हैं। सही आदमी मित्रता कम शत्रुता अधिक करता है। उनका बीपी हाई और शुगर लेवल आऊट ऑफ कंट्रोल रहता है। माथे की सिलवटें प्रश्न चिह्न के रूप में बदल जाती हैं। उन्हें कौन समझाए कि आज के समय में सामने-सामने लड़ने वाला हमेशा हारता है। आज का समय पीठ पर छुरा घोंपने वालों का है। जो यह कर सकता है वही जीतता है। देश में हजारों मुद्दे हैं और करोड़ों झूठ बोलने वाले हैं। इसीलिए झूठ बोलने वालों के बीच सही आदमी को नहीं जाना चाहिए। यहाँ आज भी बछड़े को गधा बताने का ट्रेंड बड़े धड़ल्ले से चल रहा है। झूठे से झूठे को लड़ना चाहिए तब कहीं जाकर जीत सच की होती है। वह क्या है न कि दो झूठ बोलने वाले अक्सर एक-दूसरे के बारे में सच बक ही देते हैं। ऐसे ही हमारे एक मित्र थे सहीराम। चूँकि खुद को सही आदमी मानते थे इसलिए बाकी सब उनकी दृष्टि में गलत आदमी लगते थे। दो सही आदमी अधिक समय तक मित्र नहीं रह सकते। अलबत्ता दो झूठे मरने के बाद भी नर्क में मिलकर रह सकते हैं। मेरा मित्र आधुनिक समय का रोतू बाबा था। रात भर जागकर रोता था और दिन भर दूसरों को कोसता था। वह बात-बात में लड़ बैठता था। गाली-गलौज पर उतर आता था। उसकी मानें तो दुनिया सही हो ही नहीं सकती। वह पहले गोरा था। झूठ के प्रदूषण से कब काला पड़ गया पता ही नहीं चला। नौकरी उसकी फाइलों पर से धूल झटकने की थी, लेकिन देश में फैले धूल के लिए खीझा हुआ रहता था। उसका बस चले तो देश को एक बार तबियत से झटक दे, लेकिन वह क्या है न कि यहाँ झटकने वाले फर्श पर और धूल फैलाने वाले अर्श पर काबिज हैं। इसलिए उसकी यह इच्छा अंतिम इच्छा ही बनकर रह गई। वह जब भी ऑफिस से लौटता मानो पाप करके आया हो। अधिकारी से, साथियों से, गली वालों से सबसे नफरत करता था। मकान मालिक से इसलिए नाराज था कि उसने चार सौ बीसी करके मकान बनाया था। नगरपालिका से गड्ढों के लिए नाराज था। वह चलना तो हमेशा सड़क पर चाहता था, लेकिन वह बार-बार गड्ढे में गिर जाता था।



# मौनी रॉय

## ने कराया कातिलाना फोटोशूट, हॉट अंदाज देख फैंस ने कहा- स्टाइलिश नागिन

फिल्म एक्ट्रेस मौनी रॉय ने इंस्टाग्राम पर अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की 5 तस्वीरें शेयर की है। इसमें उन्हें बोल्ड अंदाज में पोज देते हुए देखा जा सकता है। खास बात यह है कि मौनी रॉय ने इस अवसर पर एक खूबसूरत बिकिनी पहन रखी है। वहीं, उनके बाल खुले हुए हैं और वह गैलरी में खड़ी होकर बोल्ड पोज देती हुई नजर आ रही हैं। उनके चेहरे की मासूमियत फैंस के दिलों पर बिजलियां गिरा रही है।

**मौनी राय ने तस्वीरें शेयर करते हुए एक मजेदार कमेंट भी किया है**

मौनी राय ने तस्वीरें शेयर करते हुए एक मजेदार कमेंट भी किया है। उनकी तस्वीरों को इंस्टाग्राम पर 21 मिनट में 94 हजार से ज्यादा लाइक्स मिले हैं। वहीं, पर 13 सौ के लगभग कमेंट किए जा चुके हैं। एक फैन ने लिखा है, स्टाइलिश नागिन। एक ने लिखा है, आय-हाय।



एक ने लिखा है, तुमने और दिशा पाटनी ने तो हद कर दी है, हॉट पिक्चर्स अपलोड कर करके। एक ने लिखा है, पतली कमरिया आपके लिए ही बना था। एक में लिखा है, ना जाने आपकी फोटो में क्या जादू है, जब भी देखता हूं, दिल खुश हो जाता है।

**मौनी रॉय ने कई फिल्मों में काम किया है**

मौनी रॉय फिल्म एक्ट्रेस है। उन्होंने कई फिल्मों में काम किया है। उनकी फिल्में काफी पसंद की गई है। इसके अलावा वह टेलीविजन की भी फेमस एक्ट्रेस रह चुकी हैं। उन्होंने टेलीविजन के कई शोज में काम किया था। इसमें नागिन भी शामिल है। इसके चलते उन्हें फैंस नागिन नाम से भी पुकारते हैं।

**मौनी रॉय ने सूरज नांबियार से शादी कर ली है**

मौनी रॉय ने सूरज नांबियार से शादी कर ली है। दोनों सोशल मीडिया पर अक्सर साथ पोज देते हुए नजर आते है। मौनी रॉय जल्द कई फिल्मों में अहम भूमिका निभाते नजर आएंगी। इसे लेकर उनके फैंस भी काफी उत्साहित है। वह अक्सर अपने फैंस से बातचीत भी करती है। उनकी सोशल मीडिया पर काफी बड़ी फैन फॉलोइंग है।

## घर पर क्या बना है? साहब क्या खा रहे हैं..? करीना कपूर को पसंद है सब तय करना, बोलीं- हाउस वाइफ होना...



बॉलीवुड दिवा करीना कपूर खान (Kareena Kapoor Khan) सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर तस्वीरों के जरिए फैंस को अपनी डेली लाइफ से जुड़े अपडेट्स देती रहती हैं. एक्ट्रेस ने हाल ही में अपनी एक तस्वीर साझा की है, जिसमें वह केन्या में सफारी हॉलिडे के मजे लेती नजर आ रही हैं. करीना इन दिनों अपने बच्चों तैमूर (Taimur Ali Khan) और जेह और पति सैफ अली खान (Saif Ali Khan) के साथ सफारी हॉलिडे एंजॉय कर रही हैं. दूसरी तरफ हाल ही में अभिनेत्री ने ये भी बताया कि उन्हें एक वर्किंग वुमन के साथ-साथ हाउसवाइफ बनकर रहना भी अच्छा लगता है.करीना ने एक नए इंटरव्यू में अपनी फैमिली लाइफ के बारे में बात की और कहा कि वह कभी-कभी जब जेह बिना किसी कारण के चिल्लाने लगते हैं तो वह बहुत घबरा जाती हैं. इससे निपटने के लिए उन्हें हर दिन 'वॉकिंग योगा' करना पड़ता है. अभिनेत्री ने Film Companion से बात करते हुए ये भी बताया कि एक बॉलीवुड स्टार होने के बाद भी उन्हें घर के कामों में हिस्सा लेना काफी पसंद है, क्योंकि एक एक्टर होने के साथ-साथ वह एक हाउसवाइफ भी हैं.यह पूछे जाने पर कि क्या घर पर किचन उनका डिपार्टमेंट है? जवाब में करीना ने कहा- 'बच्चे घर पर क्या खाएंगे, क्या नहीं, उनकी क्लासेस. घर पर खाना क्या बनना है? साहब क्या खा रहे हैं, जैसे तमाम कामों की प्लानिंग करना मुझे पसंद है. मुझे मल्टी-टास्किंग पसंद है. मुझे एक स्टार, एक एक्टर होने के साथ-साथ हाउसवाइफ बनना पसंद है, मुझे इससे प्यार है.'

करीना आगे कहती हैं- 'मुझे घर, घर के काम संभालना पसंद है. अगर मैं लोगों से मिल रही हूं तो मुझे ये कहना पसंद है कि मैं खुद ही टेबल साफ कर लूंगी. मुझे ये सब करना पसंद है. और ये मेरा बहुत बड़ा हिस्सा है. ये बताता है कि मैं कौन हूं.' करीना कहती हैं कि उनके दोनों बच्चों तैमूर और जेह को भी काम में हाथ बटाना पसंद है. जब उनके दादा-दादी आ रहे होते हैं और मैं उनसे कहती हूं कि आओ टिम टेबल साफ कराने में मेरी मदद करो. वे सैफ को खाना बनाते हुए देखते हैं, साथ रहना डिज्नी लैंड जाने से ज्यादा बेहतर है.

## कहां हैं आपको भी पहले कहीं देखा है की हसीना,अंडरवर्ल्ड से डरी सुनील शेट्टी की बहन,गुमनाम हुईं साक्षी शिवानंद



करीब 20 साल पहले आई डायरेक्टर अनुभव सिन्हा की फिल्म 'आपको भी पहले कहीं देखा है' (Aapko Pehle Bhi Kahin Dekha Hai) आपको याद है. इस फिल्म के गाने सभी गाने काफी हिट हुए थे. चाहे जगजीत सिंह द्वारा गया हुआ गाना 'ऐसी आंखें नहीं देखी' हो या फिर, 'बाबा की रानी हूं', 'कुछ भी ना कहा' और 'आपको याद आए तो दिल क्या करे' गाना. ये सभी गाने आज भी म्यूजिक प्रेमियों को काफी पसंद है. इन गानों के साथ ही साथ इस फिल्म की लीड एक्ट्रेस साक्षी शिवानंद (Sakshi Shivanand) ने अपनी प्यारी मुस्कान और बोलती हुईं आंखों से सभी का दिल जीत लिया था. लीड एक्टर प्रियांशु चटर्जी (Priyanshu Chatterjee) के साथ साक्षी की केमिस्ट्री काफी शानदार थी. हालांकि आपको जानकर यकीन नहीं होगा साक्षी ने अपना करियर अंडरवर्ल्ड के डर कर छोड़ दिया था. इस बारे में खुद उन्होंने ही बताया था.

साक्षी शिवानंद का जन्म साल 1977 में मुंबई में ही हुआ था. हालांकि, मूल रूप से उनका परिवार कर्नाटक का रहने वाला था. उन्होंने 1995 से 2014 तक हिंदी के अलावा तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम फिल्मों में भी काम किया. साक्षी की छोटी बहन शिल्पा आनंद भी मॉडल हैं और फिल्मों के अलावा टीवी सीरियल्स में भी काम किया है. साक्षी शिवानंद की शादी सागर आनंद से हुई.

**साक्षी की फिल्म में लगा अंडरवर्ल्ड का पैसा**

एक इंटरव्यू के दौरान साक्षी शिवानंद ने खुद बताया था कि अंडरवर्ल्ड के डर की वजह से उन्होंने बॉलीवुड इंडस्ट्री छोड़ दी. करियर के पीक पर हिन्दी सिनेमा को छोड़ने का कारण बताते हुए साक्षी ने कहा था, मैं एक समय में बुरी तरह डर गई थी जब पता चला कि मैं जिस फिल्म में काम करने जा रही हूं वो अंडरवर्ल्ड से है. उन्होंने आगे कहा, मुझे हर किसी ने बताया कि बॉलीवुड और अंडरवर्ल्ड के बीच गहरा कनेक्शन रहा है. साक्षी का कहना है कि ऐसे में वह कुछ सोच नहीं पा रही थी और काफी डर गई थीं.

**अंडरवर्ल्ड का डर हुआ हावी**

जब साक्षी पर अंडरवर्ल्ड का डर हावी हो गया तो उन्होंने साउथ फिल्मों का रुख कर लिया. मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार साक्षी ने जिस प्रोड्यूसर की फिल्म की साइन की थी, उसका कनेक्शन अंडरवर्ल्ड से था.प्रोड्यूसर ने जब साक्षी को कॉल को करना शुरू किया तो उन्होंने अपना नंबर भी बदल लिया. साउथ में साक्षी ने सुपरस्टार चिरंजीवी के साथ 'मास्टर' जैसी सुपरहिट की. हालांकि साक्षी 2014 के बाद से किसी फिल्म में नहीं दिखी हैं. वह पिछले 9 सालों से पर्दे से गायब हैं.



# रवीना टंडन

## ने टिप-टिप बरसा पानी पर द क्विक स्टाइल के साथ किया डांस, वायरल हुआ वीडियो

फिल्म एक्ट्रेस रवीना टंडन ने अपने सुपरहिट गाने टिप-टिप बरसा पानी के रिमिक्स वर्जन पर द क्विक स्टाइल के साथ डांस किया है। दरअसल द क्विक स्टाइल डांस ग्रुप इस समय भारत आया हुआ है और वह बॉलीवुड के कई सुपरहिट गानों पर डांस कर रहा है। अब उन्होंने रवीना टंडन के साथ कोलैबोरेट किया है और उनके सुपरहिट गाने टिप-टिप बरसा पानी पर शानदार डांस किया है।

**रवीना टंडन ने द क्विक स्टाइल के साथ डांस किया है**



टिप टिप बरसा पानी के बारे में आप जब भी सोचेंगे, तब आपको रवीना टंडन याद आएंगी। अब रवीना टंडन ने अपने फैंस के लिए इस गाने पर द क्विक स्टाइल के साथ डांस किया है जो कि काफी पसंद किया जा रहा है। टिप टिप बरसा पानी फिल्म मोहरा का है। इस फिल्म में अक्षय कुमार और सुनील शेट्टी की अहम भूमिका थी। यह 90 के दशक का सुपरहिट गाना था।

**रवीना टंडन को क्रॉप टॉप और ब्लू जींस पहने हुए देखा जा सकता है**

वीडियो में रवीना टंडन को ब्लैक कलर का क्रॉप टॉप और ब्लू जींस पहने हुए देखा जा सकता है। वह मस्ती में डांस करती हुई नजर आ रही है। उनके वीडियो पर क्विक स्टाइल ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने लिखा है, यह अलग हो जाता है, जब आप ओरिजिनल के साथ डांस करते हैं। कई लोगों ने इस पर प्रतिक्रिया दी है। टिप-टिप बरसा पानी को हाल ही में अक्षय कुमार की फिल्म सूर्यवंशी के लिए रीक्रिएट किया गया था। यह 2021 में आई थी। इसे कटरीना कैफ और अक्षय कुमार पर फिल्माया गया था।

**सुनील शेट्टी के साथ द क्विक स्टाइल ने डांस किया था**

इसके पहले सुनील शेट्टी के साथ द क्विक स्टाइल ने डांस किया था। सुनील शेट्टी ने आंखों में बसे हो तुम गाने पर डांस किया था। इसके बाद उन्होंने कहा था, ऐसा लगा जैसे हम बरसों से एक दूसरे को जानते हैं। यह गाना 1995 में आई फिल्म टक्कर का था। इसमें सुनील शेट्टी के अलावा सोनाली बेंद्रे की अहम भूमिका थी।

## अदालत ने IRDA से कहा, विकलांग व्यक्तियों के लिए बीमा पॉलिसी पेश करें कंपनियां

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) से कहा कि वह बीमा कंपनियों से विकलांग व्यक्तियों के लिए पॉलिसी लाने को कहे। अदालत ने कहा कि ऐसी बीमा पॉलिसी के परीक्षण के बाद उन्हें शीघ्रता से मंजूरी दी जानी चाहिए। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह ने कहा कि फरवरी में जारी इरडा के परिपत्र के बाद अब बीमा कंपनियों के लिए यह अनिवार्य है कि वे विकलांग व्यक्तियों के लिए पॉलिसी की पेशकश करें।न्यायमूर्ति सिंह ने पिछले साल नियामक को विकलांग व्यक्तियों के लिए उत्पादों को तैयार करने के लिए सभी बीमा कंपनियों की बैठक बुलाने का निर्देश दिया था। उन्होंने अपने आदेश में कहा, ''परिपत्र के संदर्भ में कंपनियों को विकलांग व्यक्तियों के लिए एक उत्पाद पेश करना है... ऐसा आने वाले वक्त में करना है। हमारी एक सामाजिक जिम्मेदारी है।'' अदालत ने कहा कि उसके पिछले निर्देशों के अनुसार इरडा ने एक बैठक बुलाई और 27 फरवरी, 2023 को एक आदर्श नीति के साथ विकलांग व्यक्तियों के संबंध में परिपत्र जारी किया। अदालत विकलांगता से पीड़ित कुछ व्यक्तियों की याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिन्होंने बीमा प्रदाताओं से स्वास्थ्य बीमा कवरेज की मांग की थी। अदालत ने मामले में शामिल तीन बीमा कंपनियों से कहा कि वे 15 मई तक इरडा के पास अपनी नीतियां जमा करें। इसके साथ ही नियामक से इसपर की गई कार्रवाई पर स्थिति रिपोर्ट देने को भी कहा।

## Tata Consumer ने Bisleri के अधिग्रहण के लिए बातचीत बंद की

नई दिल्ली। टाटा समूह की रोजमर्रा के इस्तेमाल के उत्पाद (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनी टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (टीसीपीएल) की बोतलबंद पानी की कंपनी बिसलेरी इंटरनेशनल के अधिग्रहण के लिए बातचीत 'बंद' हो गई है। कंपनी ने यह जानकारी दी। संभावित अधिग्रहण को लेकर जारी अटकलों पर विराम लगाते हुए टीसीपीएल ने शेयर बाजार को बताया कि बिसलेरी के अधिग्रहण को लेकर उसने कोई समझौता नहीं किया है।टीसीपीएल ने कहा, इस संबंध में कंपनी बताना चाहती है कि उसने बिसलेरी को लेकर बातचीत बंद कर दी है और कंपनी ने इस संबंध में कोई समझौता नहीं किया है। टाटा समूह की कंपनी ने हालांकि कहा कि वह अपने कारोबार के विकास और विस्तार के लिए विभिन्न रणनीतिक अवसरों का मूल्यांकन करती रहेगी। कंपनी का प्रबंधन बिसलेरी इंटरनेशनल सहित विभिन्न पक्षों के साथ चर्चा करता रहेगा। बिसलेरी के मालिक उद्योगपति रमेश चौहान ने पिछले साल कहा था कि 'वह बिसलेरी के लिए खरीदार तलाश रहे हैं और टीसीपीएल समेत कई खरीदारों के संपर्क में हैं।




## Adani group की सात कंपनियों के शेयर चढ़े, तीन में रहा नुकसान

नई दिल्ली। शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख के बीच अडाणी समूह की दस सूचीबद्ध कंपनियों में से सात के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। समूह की प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर भी दो प्रतिशत चढ़ गया। अडाणी एंटरप्राइजेज समेत समूह की सात कंपनियों के शेयर लाभ के साथ बंद हुए, जबकि तीन में नुकसान रहा। बीएसई पर अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 1.88 प्रतिशत बढ़कर 1,877.15 रुपये पर बंद हुआ। इसका बाजार मूल्यांकन बढ़कर 2.13 लाख करोड़ रुपये हो गया।इसके अलावा अडाणी ट्रांसमिशन का शेयर 1,024.85 रुपये और अडाणी ग्रीन एनर्जी 816.80 रुपये पर बंद हुआ। इन कंपनियों के शेयरों में पांच-पांच प्रतिशत की बढ़त हुई। इन कंपनियों के शेयरों ने बीएसई पर अपने ऊपरी सर्किट को छुआ। वहीं अडाणी विल्मर का शेयर 1.52 प्रतिशत उछलकर 427.35 रुपये पर, अडाणी टोटल गैस 1.07 प्रतिशत बढ़कर 897.95 रुपये पर और अडाणी पावर 0.60 प्रतिशत बढ़कर 199.95 रुपये पर बंद हुआ। साथ ही, बीएसई पर अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकॉनमिक जोन का शेयर 0.14 प्रतिशत की बढ़त के साथ 680.10 रुपये पर बंद हुआ। दूसरी ओर, एनडीटीवी 1.63 प्रतिशत गिरकर 205.70 रुपये पर, एसीसी 1.39 प्रतिशत गिरकर 1,728.80 रुपये पर और अंबुजा सीमेंट्स 0.09 प्रतिशत घटकर 378.25 रुपये पर बंद हुआ। इस बीच, शेयर बाजार में बीएसई सेंसेक्स 355.06 अंक यानी 0.62 प्रतिशत चढ़कर 57,989.90 अंक पर बंद हुआ। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 114.45 अंक या 0.67 प्रतिशत बढ़कर 17,100.05 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को सकारात्मक रुख के बीच अडाणी समूह की छह सूचीबद्ध कंपनियों के शेयर लाभ दर्शाते बंद हुए थे, जबकि चार कंपनियां नुकसान में रही थीं।

# देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.4 अरब डॉलर घटकर 560 अरब डॉलर पर

नई दिल्ली। विदेशी मुद्रा भंडार में फिर गिरावट आई है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10 मार्च को समाप्त हुए हफ्ते में 2.4 अरब डॉलर घटकर 560 अरब डॉलर रह गया है। इससे पिछले हफ्ते यह 1.5 अरब डॉलर बढ़कर 562.4 अरब डॉलर पर था। भारतीय रिजर्व बैंक ने जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी है। आरबीआई के मुताबिक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में गिरावट से विदेशी मुद्रा में गिरावट आई है। आंकड़ों के अनुसार 10 मार्च को समाप्त हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार 2.4 अरब डॉलर घटकर 560 अरब डॉलर रह गया। इसके पिछले हफ्ते यह 1.5 अरब डॉलर बढ़कर 562.4 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के



मुताबिक विदेशी मुद्रा भंडार में अहम योगदान देने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां (एफसीए) इस दौरान करीब 2.22 अरब डॉलर घटकर 494.86 अरब डॉलर रह गईं। आंकड़ों के अनुसार देश के स्वर्ण भंडार और एसडीआर में भी गिरावट रही।?सोने का भंडार 11 करोड़ डॉलर की गिरावट के साथ 41.92 अरब डॉलर रह गया है।

वहीं, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 5.3 करोड़ डॉलर घटकर 18.1 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 1.1 लाख डॉलर कम होकर 5.1 अरब डॉलर पर आ गई। उल्लेखनीय है कि इससे पहले लगातार पांच सप्ताह तक गिरावट के बाद तीन मार्च वाले हफ्ते में देश के विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ोतरी दर्ज की गई?थी।?इस दौरान विदेशी मुद्रा भंडार में 1.46 अरब डॉलर की बढ़ोतरी दर्ज की गई?थी। इससे पहले अक्टूबर, 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर था।

## तीन दिवसीय Rajasthan अंतरराष्ट्रीय एक्सपो जोधपुर में 20 मार्च से शुरू होगा

जोधपुर। जोधपुर में 20 मार्च से शुरू हो रहे तीन दिवसीय राजस्थान अंतरराष्ट्रीय एक्सपो में 17 देशों के 95 खरीदार हिस्सा लेंगे। उद्योग मंत्री शकुंतला रावत ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत 21 मार्च को औपचारिक रूप से प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। रावत ने यहां संवाददाताओं से कहा, राजस्थान अंतरराष्ट्रीय एक्सपो की परिकल्पना राज्य के हस्तशिल्प उद्योग को वैश्विक स्तर पर अपना प्रभाव दिखाने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है।राजस्थान लघु उद्योग निगम लिमिटेड (राजसिको) और राजस्थान निर्यात संवर्धन परिषद के अध्यक्ष राजीव अरोड़ा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय एक्सपो में मुख्य रूप से अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, सऊदी अरब, यूएई, स्वीडन और थाईलैंड सहित 17 देशों के 95 खरीदार आएंगे। इसके अलावा 234 भारतीय खरीदार भी प्रदर्शनी में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि एक्सपो में जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, कोटा, बाड़मेर, अजमेर, भीलवाड़ा, जैसलमेर, अलवर, चूरू आदि शहरों से 145 प्रदर्शक भाग लेंगे। ये प्रदर्शक हस्तशिल्प, वस्त्र, कृषि और खाद्य उत्पाद, धातु, चमड़ा, कालीन, रत्न और आभूषण जैसे क्षेत्रों से संबंधित हैं।



# पैन को आधार से 31 मार्च तक लिंक करना जरूरी : आयकर विभाग

नई दिल्ली। पैन कार्ड को आधार नंबर से जोड़ना अनिवार्य है। आयकर विभाग ने इसके लिए अंतिम समय सीमा 31 मार्च, 2023 तय की है। विभाग के मुताबिक समय सीमा गुजर जाने के बाद आधार कार्ड से लिंक नहीं किए गए व्यक्तिगत पैन कार्ड निष्क्रिय घोषित कर दिए जाएंगे।

आयकर विभाग ने ट्वीट कर कहा कि आयकर अधिनियम-1961 के मुताबिक सभी पैन धारकों, जो छूट की श्रेणी में नहीं आते हैं, उनके लिए 31 मार्च 2023 से पहले अपने पैन कार्ड को आधार से जोड़ना अनिवार्य है। बयान के मुताबिक 1 अप्रैल 2023 से जो पैन आधार से नहीं लिंक होंगे, वे पैन कार्ड निष्क्रिय हो जाएंगे। विभाग ने लोगों से ट्वीट कर अपील की है कि पैन नंबर को आधार कार्ड से लिंक करने की आखिरी समय-सीमा बहुत नजदीक




है। ऐसे में कृपया और देर न करें, आज ही अपने पैन को आधार से लिंक करें। गौरतलब है कि 31 मार्च, 2023 तक पैन को आधार से लिंक नहीं करने वालों को कारोबार और टैक्स संबंधी छूट का लाभ नहीं मिल पाएगा। वहीं, पैन निष्क्रिय होने पर बैंकों में 50 हजार रुपये से ज्यादा की रकम जमा और निकासी नहीं होगी। आयकर रिटर्न फाइल करने और सरकारी योजनाओं का फायदा लेने में परेशानी आएगी।

# गवर्नर ने डिजिटल भुगतान में शिकायत निवारण तंत्र की उपलब्धता व सामर्थ्य पर दिया जोर

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने डिजिटल भुगतान में त्वरित शिकायत निवारण तंत्र की उपलब्धता और सामर्थ्य के महत्व पर जोर दिया। कोच्चि में भुगतान प्रणाली ऑपरेटरों (पीएसओ) सम्मेलन में बोलते हुए, गवर्नर ने कहा, +डिजिटल भुगतान में जनता का विश्वास सुनिश्चित करने के लिए त्वरित शिकायत निवारण तंत्र की उपलब्धता और सामर्थ्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। शक्तिकांत दास ने कहा कि पारंपरिक बैंक शाखा मॉडल एक भौतिक स्थान प्रदान करता है जहां ग्राहक अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं, डिजिटल भुगतान में ऐसा नहीं हो पा रहा है। यहां उपयोगकर्ताओं को कभी-कभी अपनी शिकायतों को दर्ज करने के लिए उचित मंच का पता लगाने में



मुश्किल होती है। उन्होंने कहा, 'लोगों को अपनी शिकायतों को हल करने में जितना संघर्ष करना पड़ता है, उससे इस बात की संभावना बढ़ती है कि वे भविष्य में डिजिटल भुगतान का प्रयास करने से बचेंगे।

गवर्नर ने कहा कि पीएसओ की ओर से लेनदेन का त्वरित मिलान ग्राहकों की शिकायतों को दूर करने का एक आसान और त्वरित तरीका है। उन्होंने कहा कि शून्य से न्यूनतम मैनुअल हस्तक्षेप के साथ शिकायतों के नियम-आधारित समाधान का समर्थन करने के लिए नवीनतम तकनीकों का भी लाभ उठाया जा सकता है।

# भारत ने कभी भी पाकिस्तान के साथ व्यापारिक संबंध नहीं तोड़े : Indian diplomat

नई दिल्ली। भारत ने पाकिस्तान के साथ व्यापारिक संबंध कभी भी बंद नहीं किए और देश व्यापारिक संबंधों को सामान्य बनाने की दिशा में आगे बढ़ना चाहता है। समाचार पत्र डॉन की खबर के मुताबिक, पाकिस्तान में भारत के उप उच्चायुक्त सुरेश कुमार ने शुक्रवार को लाहौर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एलसीसीआई) के एक कार्यक्रम में यह बात कही। उन्होंने कहा, भारत हमेशा पाकिस्तान के साथ बेहतर संबंध चाहता है, क्योंकि हम अपना भूगोल नहीं बदल सकते। उन्होंने कहा, हम पाकिस्तान के साथ सामान्य संबंधों की ओर बढ़ना चाहते हैं।हमने पाकिस्तान के साथ व्यापार भी नहीं रोका। पाकिस्तान ने ही ऐसा किया था। कुमार ने कहा, हमें यह सोचना चाहिए कि हम अपनी समस्याओं और स्थितियों को कैसे बदल सकते हैं। नयी दिल्ली के 2019 में जम्मू और कश्मीर की विशेष स्थिति को रद्द करने के बाद पाकिस्तान ने भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार को निलंबित कर दिया था। साथ ही



इस्लामाबाद में भारत के उच्चायुक्त को निष्कासित कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि भारत, पाकिस्तान के साथ सामान्य पड़ोसी संबंधों की इच्छा रखता है, और इस बात पर जोर देता है कि इस तरह के जुड़ाव के लिए आतंकवाद और शत्रुता से मुक्त वातावरण बनाने की जिम्मेदारी इस्लामाबाद की है। पाकिस्तान के साथ भारत का व्यापार 2020-21 में 32.92 करोड़ अमेरिकी डॉलर और 2019-20 में 83.05 करोड़ अमेरिकी डॉलर का था। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान भारतीय दूतावास द्वारा पाकिस्तानियों को जारी किए जाने वाले वीजा की संख्या में कमी आई थी, लेकिन अब यह संख्या अब बढ़ गई है। कुमार ने कहा कि भारत सरकार पाकिस्तानियों को चिकित्सा और खेल वीजा जारी कर रही है। उन्होंने कहा कि आज कूटनीति पर्यटन, व्यापार और प्रौद्योगिकी से प्रभावित हो रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आयात हमेशा गलत नहीं होते हैं और इसके फायदे भी होते हैं। गौरतलब है कि भारत इस समय चीन के साथ 120 अरब अमेरिकी डॉलर का व्यापार कर रहा है, जिसमें व्यापार संतुलन चीन की ओर है।

## सरकार की विशेष इस्पात के लिए पीएलआई 2.0 पेश करने की योजना: Scindia

नई दिल्ली। सरकार की देश में मूल्यवर्धित इस्पात के उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष इस्पात के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का दूसरा संस्करण शुरू करने की योजना है। केंद्रीय इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने राष्ट्रीय राजधानी में 'विशेष इस्पात समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कार्यक्रम के दौरान यह जानकारी दी। इस कार्यक्रम में 6,322 करोड़ रुपये की योजना के तहत निवेश के लिए चुनी गई कंपनियों ने हिस्सा लिया। सिंधिया ने विशेष इस्पात के लिए पीएलआई के पहले संस्करण के भागीदारों से कहा, ''इस्पात उद्योग के इतिहास और भविष्य में आज एक महत्वपूर्ण दिन है। पीएलआई 1.0 पूर्ण विराम नहीं है, यह यात्रा की शुरुआत है। हमारा मंत्रालय पहले से ही पीएलआई 2.0 पर विचार कर रहा है।'' मंत्री ने आगे उद्योग के हितधारकों से अपने सुझाव और प्रतिक्रिया साझा करने के लिए भी कहा ताकि विशेष इस्पात के लिए अगली पीएलआई योजना जल्द से जल्द तैयार की जा सके। इस्पात राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि इस योजना को इच्छुक पक्षों से जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिली है और यह उद्योग के परिदृश्य को बदलने वाली साबित होगी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जुलाई, 2021 में देश में विशेष इस्पात के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए पीएलआई योजना को मंजूरी दी थी।



# Rajasthan में 6,994 करोड़ रुपये निवेश के पांच प्रस्तावों को मंजूरी

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य में कुल 6,994 करोड़ रुपये निवेश वाली पांच परियोजनाओं को मंजूरी दी। मुख्यमंत्री आवास पर 'बोर्ड ऑफ इन्वेस्टमेंट' की चौथी बैठक में इन प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। एक बयान के मुताबिक इन परियोजनाओं से करीब 5,415 लोगों को रोजगार मिलने का अनुमान है। बयान में गहलोत के हवाले से कहा गया कि राज्य सरकार प्रदेश में नयी औद्योगिक इकाइयों की स्थापना और निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में निवेश बढ़ाने के लिए राज्य सरकार द्वारा गत चार वर्षों में कई महत्वपूर्ण नीतियां एवं कार्यक्रम लागू किए हैं। राजस्थान में एमएसएमई नीति, राजस्थान निवेश प्रोत्साहन



योजना, राजस्थान औद्योगिक विकास नीति एवं 'वन स्टॉप शॉप सिस्टम' से निवेशकों को सुविधाएं दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में जारी 'रिप्स 2022' को निवेशकों द्वारा काफी सराहा गया है। इन्हीं नीतियों से अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के प्रस्ताव लगातार मिल रहे हैं। इससे औद्योगिक विकास को और मजबूती मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागों को निर्देश देते हुए कहा कि निवेश में आने वाली बाधाओं को पूरी प्रतिबद्धता से दूर कर परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से शुरू करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने प्राप्त प्रस्तावों पर विस्तृत अध्ययन के लिए मुख्य सचिव को विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करने के निर्देश दिए। बैठक में वंडर सीमेंट लिमिटेड, जेके सीमेंट लिमिटेड, फोर्टेलिया इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, बढ़वे समूह और माया हिल रिसॉर्ट एलएलपी की परियोजनाओं को मंजूरी दी गई।

# मोटे अनाज के उत्पादन के लिए 200 एकड़ जमीन की पेशकश की: मोहम्मद इरफान अली

जयपुर। गुयाना के राष्ट्रपति मोहम्मद इरफान अली ने कहा कि उनके देश ने मोटे अनाज के उत्पादन के लिए 200 एकड़ जमीन की पेशकश की है और बदले में भारत इसके उत्पादन को बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी सहायता प्रदान करेगा। यहां आयोजित वैश्विक मोटा अनाज सम्मेलन (ग्लोबल मिलेट्स कॉन्फ्रेंस) के लिए अपने वीडियो संदेश में इरफान अली ने कहा कि दुनिया भर में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मोटे अनाज महत्वपूर्ण हैं। दक्षिण अमेरिकी देश गुयाना ने राष्ट्रीय और क्षेत्रीय खाद्य सुरक्षा बढ़ाने के लिए मोटे अनाज का उत्पादन बढ़ाने की योजना बनाई है।देश का लक्ष्य वर्ष 2025 तक अपने खाद्य आयात व्यय को कम करना है, और इस दिशा में मोटा अनाज आत्मनिर्भरता बढ़ाने



का एक आदर्श समाधान है। उन्होंने कहा, ''गुयाना भारत के साथ अपने सहयोग को मजबूत करने के लिए तत्पर है। इसके तहत, गुयाना ने मोटे अनाज के विशेष उत्पादन के लिए 200 एकड़ भूमि की पेशकश की है और बदले में भारत इसके उत्पादन के लिए प्रौद्योगिकी और तकनीकी सहायता प्रदान करेगा।'' इरफान अली ने कहा कि मोटा अनाज न केवल एक किफायती और पौष्टिक विकल्प है, बल्कि जलवायु परिवर्तन की अनिश्चितताओं का मुकाबला भी कर सकता है।

उन्होंने 17 कैरेबियाई देशों में मोटे अनाज के उत्पादन और प्रचार में हर संभव मदद का वादा किया। एक अन्य वीडियो संबोधन में, इथियोपिया की राष्ट्रपति साहले-वर्क जेवडे ने कहा कि मोटे अनाज न केवल इथियोपिया जैसे उप-सहारा देश बल्कि पूरे अफ्रीकी महाद्वीप और दुनिया की खाद्य सुरक्षा चुनौतियों का समाधान करने की दिशा में एक लंबा रास्ता तय करेगा। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन के विचार वर्ष 2030 के सतत विकास लक्ष्यों को आकार देने में भी मदद करेंगे।

# CESTAT में 80,000 मामले लंबित, सरकार गठित करेगी समिति

जयपुर। राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने कहा कि सीईएसटीएटी के सामने 80,000 मामले लंबित हैं। उन्होंने साथ ही जोड़ा कि सरकार कर संबंधी मुकदमों को कम करने और पुराने मुकदमों के शीघ्र निपटान के उपाय सुझाने के लिए एक समिति का गठन करेगी। सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (सीईएसटीएटी) के 40 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में मल्होत्रा ने कहा कि कर कानूनों और नियमों में स्पष्टता लाने से मुकदमेबाजी को कम करने में मदद मिलेगी। मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि न्यायाधिकरण के समक्ष लंबित मुकदमे हमेशा एक चुनौती रहे हैं। मल्होत्रा ने कहा, 'हम सरकार में क्या करेंगे और हम सीईएसटीएटी से समर्थन मांगेंगे और सीबीआईसी हमारे साथ है। हम एक समूह का गठन कर विचार करेंगे कि लंबित मुकदमों को कम कैसे कर सकते हैं। चाहे वह कानून को सरल और स्पष्ट बनाने या प्रशिक्षण (अधिकारियों) के जरिए हो... उन तरीकों पर विचार किया जाएगा, जिनसे हम नए मुकदमों को कम कर सकते हैं और लंबित मामलों का शीघ्र निपटान कर सकते हैं।' उन्होंने बताया कि सीईएसटीएटी इस समय पूर्ण क्षमता के साथ संचालित है और पिछले साल की रिक्तियां भरी जा चुकी हैं। हालांकि, न्यायाधिकरण के समक्ष अभी भी 80,000 मामले लंबित हैं। उन्होंने कहा, 'प्रत्येक साल लगभग 20,000 मामले दर्ज होते हैं। हम इन्हें निपटा रहे हैं, लेकिन इन्हें खत्म करने में सक्षम नहीं हैं। मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि न्यायाधिकरण के समक्ष लंबित मुकदमे हमेशा एक चुनौती रहे हैं। मल्होत्रा ने कहा, 'हम सरकार में क्या करेंगे और हम सीईएसटीएटी से समर्थन मांगेंगे और सीबीआईसी हमारे साथ है। हम एक समूह का गठन कर विचार करेंगे कि लंबित मुकदमों को कम कैसे कर सकते हैं। चाहे वह कानून को सरल और स्पष्ट बनाने या प्रशिक्षण (अधिकारियों) के जरिए हो... उन तरीकों पर विचार किया जाएगा, जिनसे हम नए मुकदमों को कम कर सकते हैं और लंबित मामलों का शीघ्र निपटान कर सकते हैं।' उन्होंने बताया कि सीईएसटीएटी इस समय पूर्ण क्षमता के साथ संचालित है और पिछले साल की रिक्तियां भरी जा चुकी हैं। हालांकि, न्यायाधिकरण के समक्ष अभी भी 80,000 मामले लंबित हैं। उन्होंने कहा, 'प्रत्येक साल लगभग 20,000 मामले दर्ज होते हैं। हम इन्हें निपटा रहे हैं, लेकिन इन्हें खत्म करने में सक्षम नहीं हैं।उन्होंने कहा कि न्यायाधिकरण के समक्ष लंबित मुकदमे हमेशा एक चुनौती रहे हैं। मल्होत्रा ने कहा, 'हम सरकार में क्या करेंगे और हम सीईएसटीएटी से समर्थन मांगेंगे और सीबीआईसी हमारे साथ है। हम एक समूह का गठन कर विचार करेंगे कि लंबित मुकदमों को कम कैसे कर सकते हैं। चाहे वह कानून को सरल और स्पष्ट बनाने या प्रशिक्षण (अधिकारियों) के जरिए हो... उन तरीकों पर विचार किया जाएगा, जिनसे हम नए मुकदमों को कम कर सकते हैं और लंबित मामलों का शीघ्र निपटान कर सकते हैं।' उन्होंने बताया कि सीईएसटीएटी इस समय पूर्ण क्षमता के साथ संचालित है और पिछले साल की रिक्तियां भरी जा चुकी हैं। हालांकि, न्यायाधिकरण के समक्ष अभी भी 80,000 मामले लंबित हैं। उन्होंने कहा, 'प्रत्येक साल लगभग 20,000 मामले दर्ज होते हैं। हम इन्हें निपटा रहे हैं, लेकिन इन्हें खत्म करने में सक्षम नहीं हैं।

# बांग्लादेश ने आयरलैंड को 183 रन से हराया

**ढाका।** बांग्लादेश ने सिलहट के मैदान पर आयरलैंड के खिलाफ खेला गया पहला मुकाबला 183 रन से जीत लिया। यह रनों के लिहाज से बांग्लादेश की सबसे बड़ी जीत है। पहले खेलते हुए बांग्लादेश ने शाकिब अल हसन के 93 तो तौहिद के 92 रनों की बदौलत आठ विकेट खोकर 338 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी आयरलैंड की टीम 155 रन ही बना पाई। बांग्लादेश की ओर से इबादत हुसैन 42 रन देकर चार विकेट निकालने में सफल रहे। बहरहाल, पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश को शुरूआती ओवर्स में झटका लगा जब कप्तान तमिम इकबाल 9 गेंदों में 3 रन बनाकर आऊट हो गए। इसके बाद लिटन दास ने 31 गेंदों में 26 तो हुसैन शंटो ने 34 गेंदों में 25 रन बनाकर स्कोर आगे बढ़ाया।

शाकिब ने 89 गेंदों में 9 चौकों की मदद से 93 रन बनाए जबकि तौहिद ने 85 गेंदों में 8 चौके और दो छक्कों की मदद से 92 रन बनाकर स्कोर 300 पार लगा दिया। तौहिद का यह डैब्यू मुकाबला है। उन्हें मुशफिकुर रहीम से कैप मिली।



बांग्लादेश को रहीम का भी सहारा मिला जिन्होंने 26 गेंदों में 3 चौके और 3 छक्कों की मदद से 44 रन बनाए। आयरलैंड की ओर से ग्राहम हुम चार विकेट निकालने में सफल रहे। बांग्लदेश ने बीते दिनों ही इंगलैंड को तीन टी-20 मैचों की सीरीज में हराया था। अब आयरलैंड के खिलाफभी उन्होंने जोरदार शुरूआत कर बताया है कि घरेलू परिस्थितियों में उनसे टक्कर लेना आसान नहीं है।

आयरलैंड की ओर से जॉर्ज डकरेल ने सर्वाधिक 45 रन बनाए। इसके अलावा स्टेफन 34 तो पॉल स्टर्लिंग 22 रन बनाने में सफल रहे। श्रीलंका की ओर से तस्कीन अहमद ने 15 रन देकर दो, नसुम अहमद ने 43 रन देकर चार, शाकिब ने 23रन देकर एक तो इब्बादत हुसैन ने 42 रन देकर चार विकेट लिए।

**दोनों देशों की प्लेइंग 11**

**आयरलैंड :** पॉल स्टर्लिंग, स्टीफन डोहेनी, एंड्रयू बालबर्नी (कप्तान), हैरी टेक्टर, जॉर्ज डॉकरेल, कर्टिस कैम्फर, लोरकन टकर (विकेटकीपर), गैरेथ डेलानी, एंडी मैकब्राइन, मार्क अडायर, ग्राहम ह्यूम

**बांग्लादेश :** तमीम इकबाल (कप्तान), लिटन दास, नजमुल हुसैन शान्तो, मुशफिकुर रहीम (विकेटकीपर), शाकिब अल हसन, तौहीद ह्रदोय, यासिर अली, तस्किन अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, एबादत हुसैन, नसुम अहमद।

## 1 रन से फाइनल जीती Lahore Qalandars, शाहीन अफरीदी का हरफनमौला प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में पाकिस्तान सुपर लीग के फाइनल मुकाबले में लाहौर कलंदर्स एक बार फिर से अपना टाइटल बचाने में सफल रही। आखिरी गेंद तक चले मुकाबले में लाहौर को जीत मिली। मैच में लाहौर के कप्तान शाहीन अफरीदी पूरी



तरह से छाए रहे। पहले बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने 45 रन बनाए और बाद में गेंदबाजी करते हुए चार विकेट भी लिए। लाहौर कलंदर्स ने पहले खेलते हुए छह विकेट खोकर 200 रन बनाए थे। जवाब में मुलतान की टीम 199 रन ही बना सकी। अफरीदी ने 15 गेंदों में 44 रन बनाए और स्कोर 200 तक ले गए।

## यार्कर को सात विकेट से हराकर सेमी फाइनल में पहुंचा क्रिएटर्स

**लखनऊ।** श्रीमती फुलमन ओम प्रकाश सक्सेना मेमोरियल प्राइजमनी क्रिकेट टूर्नामेंट में क्रिएटर्स क्रिकेट क्लब ने यार्कर क्रिकेट क्लब को सात विकेट से हराकर सेमी फाइनल में प्रवेश कर लिया। यार्कर की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 160 रन बनाकर पवेलियन वापस लौट गयी। सलामी बल्लेबाज यश नेगी ने 34 रन का योगदान दिया। वहीं सर्वाधिक 44 रन कार्तिकेय ने बनाये, जबकि देवांश सिंह ने 15 रन का योगदान दिया। वहीं क्रिएटर्स क्रिकेट क्लब ने तीन विकेट गवांकर ही 165 रन बना लिये और सात विकेट से मैच को जीत लिया। हिमांशु ने सर्वाधिक 54 रन बनाये। वहीं ललित कुमार ने 32 रन बनाया। सलामी बल्लेबाज सुंदरम शुक्ला ने 27 रन का योगदान दिया।

## कमलेश सिंह ने खेली धुआंधार पारी, एसजीपीजीआई ने सेतु निगम को हराया

**लखनऊ।** इंटर आफिस क्रिकेट टूर्नामेंट में एसजीपीजीआई ने सेतु निगम को 102 रनों से हरा दिया। वहीं एसआरएम ने एचसीएल को पांच विकेट से हराया।एसजीपीजीआई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट गवांकर 177 रन बनाये। कमलेश सिंह ने सर्वाधिक 54 रन बनाया। यह रन उन्होंने पांच चौका और एक छक्का की मदद से 42 बालों



पर बनाये। वहीं सलामी बल्लेबाज रफत ने 33 रन का योगदान दिया, जबकि अनुपम ने 44 रन बनाया और अंत तक क्रीज पर जमे रहे। सेतु निगम की टीम मात्र 44 रन बनाकर 14वें ओवर में ही पवेलियन वापस लौट गयी। जग्देव ने सर्वाधिक 34 रन बनाया और अंत तक क्रीज पर डटे रहे। वहीं दूसरे मैच में एचसीएल की टीम 93 रन बनाकर पवेलियन वापस लौट गयी। इसमें सर्वाधिक 24 रन प्रोसनजीत ने बनाया। वहीं सलामी बल्लेबाज अर्पण दो रन बनाकर पवेलियन लौट गये। वहीं एसआरएम की टीम पांच विकेट पर ही 95 रन बना ली और मैच को पांच विकेट से जीत लिया।

## बेगूसराय में अप्रैल में होगा एम्पायरिंग सेमिनार एवं पिंक टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट

**बेगूसराय।** जिला क्रिकेट संघ की महत्वपूर्ण बैठक सिंघौल स्थित एक शो रूम में अध्यक्ष विश्वजीत कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में बिहार जिला क्रिकेट संघ एवं बेगूसराय क्रिकेट संघ की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की गई। संघ के अध्यक्ष विश्वजीत कुमार ने बताया कि बेगूसराय जिला क्रिकेट संघ की मजबूती के लिए अप्रैल के प्रथम सप्ताह में जिला स्तरीय एक दिवसीय एम्पायरिंग सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बिहार स्टेट पैनल तथा बीसीसीआई पैनल के एम्पायर, जिले के स्थानीय एम्पायर को प्रशिक्षण देंगे।

## सोफी की 99 रनों की पारी, बैंगलोर ने गुजरात को 8 विकेट से रौंदा

**नई दिल्ली।** वीमेंस प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने गुजरात जायंट्स को 8 विकेट से करारी मात दी। गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 189 रनों का लक्ष्य रखा था, जिसके जवाब में बैंगलोर ने इसे 15वें ओवर की तीसरी गेंद में हासिल कर लिया। बैंगलोर की ओर सोफी डिवाइन ने 36 गेंदों में 99 रनों की तूफानी पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से 9 चौके और 8 छक्के निकले।

सोफी के अलावा बैंगलोर की कप्तान स्मृति मंधआन ने 31 गेंदों में 37 रनों की पारी खेली।

अंत में एलिस पेरी ने नाबाद 19 और हीथर नाइट ने नाबाद 22 रनों की पारी खेल बैंगलोर को जीत दिलाई। इससे पहले गुजरात ने 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 188 रन बनाए थे। गुजरात की ओर से लौरा वोल्वाईट ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिखाया। उन्होंने 42 गेंदों में 9 चौके और 2 छक्कों की मदद से 68 रनों की पारी खेली। गुजरात की सलामी बल्लेबाज सोफिया डंकले कुछ खास नहीं कर पाई और मात्र 16 रन बनाकर आउट हो गई। इसके बाद लौरा वोल्वाईट के साथ सबहिनेनी मेघना ने पारी को संभाला, लौरा के अर्धशतक के अलाव मेघना ने 32 गेंदों में 31 रनों की पारी खेली। चौथे नंबर पर एशले गार्डनर ने 26 गेंदों में 6 चौके और एक छक्के की मदद से 41 रनों की तूफानी पारी खेली। अंत



में दयानल हेमलता ने नाबाद 16 और हरलीन देओल ने नाबाद 12 रनों की पारी खेली। बैंगलोर की ओर से श्रेयंका पाटिल ने सर्वश्रेष्ठ 2 विकेट चटकाए।

## शाई होप ने युवराज सिंह का रिकॉर्ड किया बराबर, 105वें वनडे में जड़ा 14वां शतक

**नई दिल्ली।** ईस्ट लंदन के बफैलो पार्क में विंडीज टीम ने सलामी बल्लेबाज शाई होप के शतक की बदौलत द. अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे में 8 विकेट गंवाकर 335 रन बना लिए। होप का यह 14वां शतक है। इसी के साथ वह विंडीज की ओर से वनडे फॉर्मेट में सर्वाधिक शतक लगाने वाले प्लेयरों की सूची में चौथे स्थान पर आ गया है। यही नहीं, होप ने शतक लगाकर भारतीय स्टार युवराज सिंह की बराबरी भी कर ली। युवराज ने 304 वनडे में 14 शतक लगाए थे लेकिन शाई होप ने 105वें वनडे में ही यह उपलब्धि अपने नाम कर ली।

**विंडीज की ओर से सबसे ज्यादा शतक**

25 क्रिस गेल
19 ब्रायन लारा
17 डेसमंड हेंस
14 शाई होप
11 गार्डन ग्रीनिज

शाई होप ने 115 गेंदों में पांच चौके और सात छक्कों की मदद से 128 रन बनाए। उन्होंने निकोल्स पूरण और रोवमैन पॉवेल के साथ साझेदारियां की और टीम को 335 तक पहुंचा दिया। मैच में द. अफ्रीका के गेंदबाज दिशाहीन नजर आए। उन्होंने 17 वाइड गेंदें फेंकी। लुंगी नगिड़ी ने 10 ओवर में 76 तो मार्को जेन्सन ने 77 रन दे दिए। गेराल्ड कोएट्जी सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 57 रन देकर तीन विकेट लिए। फॉर्च्यून और शम्सी ने 2-2 विकेट लिए।

उधर, शतक बनाने के बाद शाई होप ने कहा कि



यहां हम अच्छा स्कोर बनाने में सफल रहे। मैंने पाया कि शुरूआत में यहां रन बनाना मुश्किल था। मुझे खुद पर विश्वास है। मुझे लगता है कि अगर आप बल्लेबाजी कर सकते हैं तो कहीं भी बल्लेबाजी कर सकते हैं। मैं सिर्फ अपने कौशल पर भरोसा कर रहा हूं। मुझे लगता है कि हमारे गेंदबाजों में डिफेंड करने की क्षमता है।

## एशिया लायंस फाइनल में, इंडिया महाराजास को चटाई धूल

**दोहा।** दोहा के इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में लीजेंड्स क्रिकेट लीग 2023 के तहत एशिया लायंस के खिलाफ खेले गए क्वालिफायर मुकाबले में इंडिया महाराजास को हार झेलनी पड़ी। एशिया लायंस ने पहले खेलते हुए पांच विकेट खोकर 191 रन बनाए थे। थरंगा ने 31 गेंदों में 50 तो असगर अफगान ने 34 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी इंडिया महाराजास की टीम 106 रनों पर ही ऑल आऊट हो गई। इंडिया की ओर से कप्तान गौतम गंभीर ने सर्वाधिक 32 रन बनाए।

इस जीत के साथ ही एशिया लायंस फाइनल में पहुंच गई है जहां उनका मुकाबला वर्ल्ड जायंट्स के साथ होगा। इससे पहले एशिया लायंस ने इंडिया महाराजास के गेंदबाज की जमकर पिटाई करते हुए 191 रन बनाए थे। उन्हें उपल थरंगा और दिलशान ने शानदार शुरूआत दी थी। थरंगा ने जहां 31 गेंदों में 50रन बनाए तो वहीं, दिलशान 27 रन बनाकर ओझा का शिकार हुए। मोहम्मद



हफीज ने 24 गेंदों में 38 तो असगर अफगान ने 24 गेंदों में 34 रन बनाए। थिसारा परेरा ने 12 गेंदों में तीन छक्कों की मदद से 24 रन बनाकर स्कोर तेजी से आगे बढ़ाया। अब्दुल रज्जाक ने 2 तो कप्तान शाहिद अफरीदी ने 1 रन बनाया। जवाब में खेलने उतरी इंडिया महाराजास की टीम 106 रन ही बना पाई। हलांकि इंडिया की शुरूआत अच्छी रही थी। रॉबिन उथप्पा ने 10 गेंदों में 15 तो गौतम गंभीर ने 17 गेंदों मे सात चौकों की मदद से 32 रन बनाए थे। लेकिन इसके बाद इंडिया का मध्यक्रम बुरी तरह से बिखर गया। कैफ 14, सुरेश रैना 18, युसुफ पठान 9, इरफान पठान 3, बिस्ला 8 ही रन बना पाए। एशिया की ओर से सोहेल तनवीर ने 25 रन देकर दो, अब्दुल रज्जाक ने 27 रन देकर 2, मोहम्मद हफीज ने 21 रन देकर दो विकेट लिए।

बता दें कि तीन टीमों के इस टूर्नामेंट में इंडिया महाराजास को सिर्फ एक ही जीत हासिल हुई थी। इंडिया के कप्तान गौतम गंभीर ने पहले तीन मैचों में लगातार अर्धशतक लगाया लेकिन वह अपनी टीम को फाइनल में पहुंचाने से चूक गए। वर्ल्ड जायंट्स चार में से तीन मुकाबले जीतकर फाइनल में है। अब उसका मुकाबला एशिया लायंस के साथ होगा।

## सीएएल को हराकर फाइनल में पहुंची एनसीआर, यूपीसीए ने हरियाणा को हराया

**लखनऊ।** चौधरी आशिफ अली मेमोरियल टूर्नामेंट में यूपीसीए और एनसीआर दिल्ली के बीच फाइनल मैच होगा। सेमी फाइनल में एनसीआर ने सीएएल 70 रन से हरा दिया। वहीं यूपीसीए ने हरियाणा एकेडमी को सात विकेट से हराया। हरियाणा क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 149 रन बना पायी। सर्वाधिक 47 रन विवेक यादव ने बनाया। वहीं अमन ने 29 रन बनाया, जबकि कपिल ने 26 रन का योगदान दिया। यूपीसीए की टीम ने तीन विकेट गवांकर ही 152 रन बना लिये और मैच को सात विकेट से जीत लिया। राहुल राजपाल ने



सर्वाधिक 92 रन बनाये। दूसरे मैच में एनसीआर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट गवांकर 230 रन बनाये। इसमें सर्वाधिक 77 रन का योगदान योगेश ने दिया। उन्होंने चार चौका और छह छक्का की मदद से 52 बाल पर ये रन बनाये। वहीं सलामी बल्लेबाज अलहान ने 41 रन का योगदान दिया। सीएएल की टीम 160 रन बनाकर ही पवेलियन वापस लौट गयी और एनसीआर की टीम ने 70 रन से मैच को जीत लिया।

## एटीपी मास्टर्स 1000 का खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने रोहन बोपन्ना

**इंडियन वेल्स ।** भारत के रोहन बोपन्ना यहां बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपने ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैट एबडेन के साथ पुरुष युगल का खिताब जीतकर एटीपी मास्टर्स 1000 प्रतियोगिता जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। बोपन्ना अभी 43 वर्ष के हैं। उन्होंने और 35 वर्षीय एबडेन ने फाइनल में वेस्ले कूलहोफ और ब्रिटेन के नील स्कूपस्की की नीदरलैंड की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी को 6-3, 2-6, 10-8 से हराया। अपने 10वें एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल में खेल रहे बोपन्ना ने कहा, 'वास्तव में विशेष। इसलिए इसे टेनिस का स्वर्ग कहा जाता है। मैं बरसों से यहां आ रहा हूं और लोगों को यहां खिताब जीतते हुए देख रहा हूं। मैं वास्तव में बहुत खुश हूं कि मैं और मैट यहां खिताब जीतने में सफल रहे। उन्होंने कहा, 'हमने कड़े और करीबी मैच खेले। आज



हमारा सामना यहां मौजूद सर्वश्रेष्ठ टीम से था। मैं वास्तव में बहुत खुश हूं कि हम ट्रॉफी जीतने में सफल रहे।'

बोपन्ना ने इस तरह कनाडा के डेनियल नेस्टर को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 2015 में सिनसिनाटी मास्टर्स में 42 साल की उम्र में खिताब जीता था। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, 'मैंने डैनी नेस्टर से बात की और मैंने उनसे कहा कि मुझे खेद है कि मैं उनका रिकॉर्ड तोड़ने जा रहा हूं। यह खिताब हमेशा मेरे साथ रहेगा और मैं वास्तव में इससे बहुत खुश हूं।' बोपन्ना का का यह कुल पांचवा और 2017 में मोंटेकार्लो ओपन के बाद पहला मास्टर्स 1000 युगल खिताब है। भारत और ऑस्ट्रेलिया की जोड़ी का यह इस साल तीसरा फाइनल था। बोपन्ना अब तक टूर स्तर पर कुल 24 खिताब जीत चुके हैं। बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी ने सेमीफाइनल में गत चैंपियन और दो बार के खिताब विजेता जॉन इस्नर और जैक सॉक को हराया। इससे पहले क्वार्टर फाइनल में उन्होंने कनाडा के फेलिक्स ऑगर अलीसिमे और डेनिस शापोवालोव को पराजित किया था। भारत और ऑस्ट्रेलिया की इस जोड़ी ने अपने शुरुआती मैच में राफेल माटोस और डेविड वेगा हर्नांडिज को हराया था। विश्व में पूर्व नंबर तीन खिलाड़ी बोपन्ना इस जीत से एटीपी युगल रैंकिंग में चार पायदान चढ़कर 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

## चेन्नईयिन एफसी के सहायक कोच नियुक्त हुए पूर्व भारतीय स्ट्राइकर रमन विजयन

**चेन्नई।** चेन्नईयिन एफसी ने भारत के पूर्व स्ट्राइकर रमन विजयन को पहली टीम के सहायक कोच के रूप में नियुक्त किया है। तमिलनाडु के 49 वर्षीय खिलाड़ी के पास काफी अनुभव है और वह मुख्य कोच थॉमस ब्रदरिक और बाकी कोचिंग स्टाफ के साथ मिलकर काम करेंगे। विजयन ने सैयद साबिर पाशा का स्थान लिया। सह-मालिक वीटा दानी ने विजयन की नियुक्ति पर कहा, हम रमन विजयन को बोर्ड पर पाकर बेहद खुश हैं। उनके प्रबंधकीय अनुभव के साथ संयुक्त रूप से उनकी प्रतिभा तराशने वाली योग्यता सीएफसी के लिए बहुत महत्वपूर्ण होगी। विजयन को भी इसी तरह की भूमिका का अनुभव था जब उन्होंने इंडियन सुपर लीग के 2015-16 सत्र के दौरान दिल्ली डायनामोज के साथ काम किया था। उन्होंने दो स्थानीय संगठनों - चेन्नई एफसी, चेन्नई यूनाइटेड और बेंगलुरु से साउथ यूनाइटेड के साथ भी प्रबंधकीय भूमिकाएँ निभाई हैं। सीएफसी के सहायक कोच के रूप में अपनी नई भूमिका पर विजयन ने कहा, मैं चेन्नईयिन परिवार का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं। एक स्थानीय



खिलाड़ी होने के नाते, सीएफसी के साथ काम करना एक बड़ा सम्मान है।

उन्होंने कहा,मेरी दृष्टि दीर्घकालिक लक्ष्यों की है, विशेष रूप से जमीनी स्तर पर विकास पर। मेरे लिए युवा विकास और जमीनी स्तर के लिए एक मजबूत सेट-अप बनाना अधिक महत्वपूर्ण है। मुख्य टीम के लिए युवा विकास कार्यक्रम से हमें हर साल अधिक प्रतिभाओं को सामने लाना चाहिए। आने वाले वर्षों में यह हमारा बड़ा विजन होगा। तमिलनाडु से अधिक स्थानीय प्रतिभाओं को लाने के लिए हमारे पास उचित स्काउटिंग और संरचना कार्यक्रम होगा। 30 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले विजयन कोचिंग में आने से पहले अपने शानदार पेशेवर करियर के दौरान ईस्ट बंगाल, मोहम्मडन एससी, डेम्पो एससी, एफसी कोचीन और महिंद्रा यूनाइटेड सहित देश के कुछ शीर्ष क्लबों के लिए खेल चुके हैं। नेशनल फुटबॉल लीग (2007 में आई-लीग के रूप में पुन-ब्रांडेड) में ग्यारह साल के अस्तित्व में विजयन बाइचुंग भूटिया के साथ दो शीर्ष भारतीय गोल स्कोरों में से एक थे। चेन्नईयिन एफसी वर्तमान में हीरो सुपर कप 2023 की तैयारी कर रहा है, जहां वे 11 अप्रैल को केरल में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।

## एबी डिविलियर्स, क्रिस गेल द्वारा पहने जाने वाले जर्सी नंबर 17 और 333 को रिटायर करेगी आरसीबी

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) एबी डिविलियर्स और क्रिस गेल द्वारा पहनी जाने वाली जर्सी नंबर 17 और 333 को रिटायर करेगी। क्रिकेट के दो दिग्गजों - गेल और डिविलियर्स को 26 मार्च को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया जाएगा। आरसीबी ने ट्वीट किया, जर्सी नंबर 17 और 333 एबी डिविलियर्स और क्रिस गेल के सम्मान में हमेशा के लिए रिटायर हो जाएंगे, जब हम आरसीबी के दिग्गजों को हॉल ऑफ फेम में शामिल करेंगे।

जर्सी नंबर 17 डिविलियर्स का पर्याय बन गया था, जिन्होंने आरसीबी के लिए 11 सीजन (2011-2021) खेले और फ्रेंचाइजी के लिए 156 मैचों में 4,491 रन बनाए। करिश्माई दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर ने 2015 में नाबाद 133 के उच्चतम स्कोर के साथ आरसीबी के लिए 37 अर्धशतक और दो शतक भी लगाए हैं। डिविलियर्स, जिन्होंने नवंबर 2021 में क्रिकेट के सभी रूपों से संन्यास लेने की घोषणा की, उनका आरसीबी के लिए स्ट्राइक



रेट 152 का था।

विराट कोहली के साथ, डिविलियर्स ने आरसीबी के लिए पांच 100 से अधिक की साझेदारी की और दो 200 से अधिक की साझेदारी की, ऐसी दो साझेदारी करने वाली यह दुनिया की इकलौती जोड़ी है। वेस्टइंडीज के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज क्रिस गेल सात सीजन (2011-2017) आरसीबी के लिए खेले और उनकी जर्सी नंबर 333 विरोधी टीमों के लिए सबसे खतरनाक बन गई। 2013 के आईपीएल सीजन के दौरान, जमैका के इस खिलाड़ी ने आरसीबी के लिए 16 मैचों में 708 रन बनाए, जिसमें नाबाद 175 रन भी शामिल है। गेल ने आरसीबी में जाने से पहले 2009 में कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ अपना कार्यकाल शुरू किया, जहां उन्होंने आईपीएल फेंचाइजी के साथ सबसे लंबे समय तक काम किया। उन्हें 2018 में पंजाब किंग्स ने खरीदा था, जहां उन्होंने चार सीजन खेले थे।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 20 मार्च 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

न्यूज फ्लैश

## रंजिश में हिस्ट्रीशीटर की हत्या

**जोधपुर:** शहर के निकटवर्ती राजीव गांधी नगर हलका स्थित बोंबे विस्तार योजना में शनिवार देर रात हिस्ट्रीशीटर की कुछ बदमाशों ने हमला कर हत्या कर दी। धारदार हथियारों से किए गए हमले में उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस को सूचना मिलने पर आलाधिकारी मौके पर पहुंचे। बाद में बदमाशों की धरपकड़ के लिए पुलिस ने शहर भर में सर्च चलाया। दोपहर तक दो बदमाशों को दस्तयाब कर लिया। जिनसे पूछताछ चल रही है। मृतक के भाई की तरफ से राजीव गांधी नगर थाने में मामला दर्ज करवाया गया है। पुलिस ने शनिवार दोपहर में शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजन के सुपुर्द कर दिया। एसीपी प्रतापनगर प्रेमधणदे ने बताया कि बोंबे विस्तार योजना राजीव गांधी नगर निवासी रमेश पुत्र विश्वंभर सिंधी राजीव गांधी नगर थाने का हिस्ट्रीशीटर था। रात नौ से दस बजे के बीच में कुछ लोग धारदार हथियार कुल्हाड़ी, लोहे के पाइप आदि लेकर आए। इन लोगों ने घर के बाहर टहल रहे हिस्ट्रीशीटर रमेश सिंधी पर हमला किया। जिससे वह बुरी तरह जख्मी होने के साथ लहूलुहान हो गया। उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बाद में पुलिस को सूचना मिलने पर डीसीपी वेस्ट गौरव यादव, एडीसीपी हरफूलसिंह, एसीपी प्रेम धणदे, थानाधिकारी सहित कई लोग मौके पर पहुंचे। डॉग स्क्वाइयड को भी बुलाया गया। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों की तलाश में रात से लेकर सुबह तक सर्च चलाया। पुलिस ने काफी लोगों को दस्तयाब किया। जिसमें दो आरोपित होना बताया जाता है। मृतक के भाई ने अयान और रहमान नाम के शख्स पर हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया है। हत्या की वजह आरंभिक तौर पर रंजिश होना माना जाता है। फिलहाल अपराधियों से पड़ताल की जा रही है।

## बदमाशों ने की लाखों की लूट

**उज्जैन:** शहर के इंदौर गेट स्थित होटल कलश में नकाबपोश बदमाशों ने रविवार तड़के जमकर लूटपाट की। बदमाशों ने दो कमरों में परिवार के साथ सो रहे लोगों को जगाकर उनके आभूषण और नगदी लूट लिए। बदमाशों ने भागते समय होटल के रिसेप्शन पर मौजूद कर्मचारी से भी लूटपाट की। सनसनीखेज घटना से उज्जैन पुलिस सकते में आ गई। आरोपितों को पकड़ने के लिए अलग अलग टीम बनाई गई है।
महाकाल थाना पुलिस के अनुसार रविवार तड़के 3:30 से 4:00 बजे के बीच होटल कलश में तीन नकाबपोश बदमाश घुस आए। उन्होंने यहां पर रिसेप्शन में सो रहे कर्मचारी कुंदन सिंह को जगाया और पिस्टल चाकू दिखाकर धमकाया। बदमाशों ने कुंदन के दोनों हाथ बांध दिए और उसे होटल के अंदर ले गए।

# मौसम का कहर: फसलों को भारी नुकसान....

18 राज्यों में बेमौसम बारिश और कई जगह ओले



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/भोपाल/जयपुर**
**कई** राज्यों में बेमौसम बारिश और ओले की मार गेहूं, चना, सरसों की तैयार फसलों पर पड़ी है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक और तमिलनाडु में कहीं-कहीं ओले गिरे। कुल 18 राज्यों में बारिश हुई है। मध्य प्रदेश के 22, यूपी के 33 से ज्यादा जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश और ओले का दौर चला। इससे गेहूं, सरसों, चने और खेत में तैयार आलू पर 25% तक प्रभाव पड़ा है।
फल अनुसंधान केंद्र, भोपाल के प्रिंसिपल साइंटिस्ट डॉ आरके जायसवाल ने बताया कि प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में गेहूं की 50% कटाई हो चुकी है, जो फसल खेत में खड़ी है, उसमे बेमौसम बारिश से गेहूं के दाने में काले धब्बे पड़ रहे हैं। जहां ओले गिरे हैं, वहां 50% नुकसान होगा। चने की भी करीब 40% फसल नहीं कटी हैं। आशंका यह है कि चने के दाम पर प्रति क्विंटल 300 रुपए तक कम हो सकते हैं।
**महाराष्ट्र-** कई जिलों में 33% तक फसलें खराब हुईं। गेहूं, मक्का और प्याज को भारी नुकसान। मराठवाड़ा के आठ जिलों में 4,950 हेक्टेयर पर खड़ी फसल चौपट।
**गुजरात-** महाराष्ट्र और गुजरात के जीरा उत्पादक क्षेत्रों में खड़ी 5-7% फसल खराब।
**राजस्थान-** राज्य में 14 मार्च को पहली बार बारिश-ओले पड़े। इसके बाद फिर से बेमौसम बारिश से राज्य में गेहूं, सरसों, जीरा की फसलों को 50% तक नुकसान का अनुमान है।
**उत्तर प्रदेश-** 33 से ज्यादा जिलों में 15 मार्च से मौसम खराब है। ललितपुर समेत कुछ जिलों में ओलों से खेत पट गए। सोनभद्र में नाले में बहे 5 लोगों की मौत हुई।
**संभावना-** मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिनों तक देश के 18 राज्यों में बारिश और ओले के आसार बने रहेंगे।

## बिहार: 26 जिलों में ऑरेंज अलर्ट...

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
**बिहार में** मौसम ने अचानक करवट ली है। प्रदेश के कई जिलों में बादल गरजने, आकाशीय बिजली और ओला गिरने का पूवार्नुमान है। पटना मौसम विज्ञान केंद्र ने बिहार के 26 जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 12 जिलों में हल्की बारिश और आकाशीय बिजली को लेकर अलर्ट जारी किया है। प्रदेश में 50 किलो मीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने के आसार हैं। मौसम विभाग ने इसको देखते हुए 20 मार्च तक के लिए अलर्ट जारी किया है। मौसम में आए इस अचानक बदलाव से अधिकतम तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने बताया कि बांग्लादेश के पास साइक्लोन का क्षेत्र बना है, जिससे आसमान में बादल छाने के साथ साथ हल्की बारिश हो रही है। वहीं बीते 24 घंटे में सबसे गर्म शहर औरंगाबाद रहा, जहां अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पटना में भी बादल छाए रहने की संभावना जताई जा रही है। दोपहर 12 बजे के आसपास बादल छाए रहेंगे।

## बीते 24 घंटे में बिजली गिरने से तीन की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**
**मार्च के** महीने में अमूमन गर्मी का मौसम शुरू हो जाता है, लेकिन मध्य प्रदेश में बीते चार दिनों से लगातार बेमौसम बारिश का दौर जारी है। एक साथ कई स्ट्रांग कई सिस्टम बनने से प्रदेशभर में जोरदार बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हो रही है। राजधानी भोपाल में शनिवार को रातभर पानी बरसने के बाद सुबह से ही आसमान में बादल छाए हुए हैं। भोपाल के अलावा बीते 24 घंटों में मंदसौर, आगर-मालवा, गुना, हरदा और पन्ना समेत कई जिलों में ओले गिरे और तेज आंधी के साथ बारिश हुई। खंडवा में आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। इंदौर में भी बिजली गिरने से 17 साल के 12वीं के छात्र की मौत हो गई। प्रदेश में सबसे ज्यादा बारिश खजुराहो में 1.29 इंच रिकॉर्ड की गई है। मौसम विभाग की मानें दो मध्य प्रदेश में बीती 14 मार्च को दो सिस्टम एक्टिव हुए थे, जो 16-17 मार्च को ज्यादा स्ट्रॉन्ग हो गए। इसीलिए प्रदेश के अधिकांश इलाकों में बारिश और ओलावृष्टि हो रही है। रविवार को भी सुबह भोपाल में तेज बारिश के साथ कई जगह हल्की बूंदीबांदी हुई। मौसम विभाग ने 20 मार्च तक आधे से ज्यादा मध्यप्रदेश में ओलावृष्टि होने और तेज आंधी चलने की संभावना भी जताई है। राजधानी भोपाल में शनिवार को दिनभर मौसम साफ रहने के बाद शाम को अचानक बादल छा गए और तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। इस दौरान कई जगह ओले भी गिरे।



गुजरात में एक कार्यक्रम में शिरकत करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह।

## ट्रेनी विमान हादसे में दोनों पायलटों के शव बरामद



**टीम एक्शन इंडिया/बालाघाट/भोपाल**
**मध्य** प्रदेश के बालाघाट जिले में शनिवार को क्रैश हुए ट्रेनी विमान में सवार दोनों मृतक पायलटों के शव बरामद कर लिए गए हैं। दोनों शवों का रविवार को पोस्टमार्टम होगा। महाराष्ट्र के गोंदिया से एक जांच दल बालाघाट पहुंच रहा है। उत्तर प्रदेश के अमेठी में स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी का दल भी मामले की जांच के लिए घटनास्थल पहुंचेगा। किरनापुर के भक्कूटोला के जंगल में शनिवार दोपहर को ट्रेनी एयरक्राफ्ट हादसे में एक पायलट और एक महिला प्रशिक्षु पायलट की मौत हो गई थी। इस हादसे में विमान पूरी तरह जलकर खाक हो गया था। इस हादसे के संबंध में बालाघाट पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने बताया कि पुलिस को शाम चार बजे घटना की सूचना मिली थी।

## 'हम सभी को मिलकर योग को घर-घर तक पहुंचाना है'



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**योग** और ध्यान के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और पारंपरिक चिकित्सा पद्धति के द्वारा उपचार के उद्देश्य से ड्रीम वैली, इंदिरा डैम, लखनऊ में एक मुक्ताकाशी योग एवं ध्यान केंद्र का शुभारंभ, प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा किया गया गया। इस अवसर पर बृजेश पाठक ने योग और ध्यान को स्वस्थ्य जीवन का आधार और उपचार का बेहतर व प्राकृतिक माध्यम बताते हुए कहा कि हम सबको जुट कर इसे घर-घर तक पहुंचाना है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बहुत पहले से योग को बढ़ावा देने के लिए जोर देते रहे हैं। हमें खुशी है कि आज पूरी दुनिया योग के प्रति जागरूक हो चुकी है। हमारा भी कर्तव्य है कि इसे घर-घर तक पहुंचाएं और लोगों को इसके फायदों को बताएं। स्वास्थ्य खराब होने पर हम दवा का प्रयोग करते हैं, लेकिन योग ऐसी विधा है, जिसको अपनाने से स्वास्थ्य खराब नहीं होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश के सूचना आयुक्त नरेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने इस पहल को सार्थक बताते हुए कहा कि पारंपरिक पद्धतियों के द्वारा जन सामान्य का उपचार कम खर्च में किया जा सकता है।

## खनन माफियाओं न पुलिस को रौंदने की कोशिश की

अवैध खनन

अवैध खनन पर जब अंकुश लगाने की कोशिश होती है तो माफिया पुलिस-अधिकारियों को निशाने पर लेने से बाज नहीं आते

**टीम एक्शन इंडिया/अररिया**
भारत नेपाल सीमाई इलाकों में खनन माफियाओं के मनोबल लगातार बढ़ रहे हैं। सरकारी नहर ,नदी के किनारे मिट्टी का अवैध खनन खुलेआम किया जाता है और उस पर जब अंकुश लगाने की कोशिश होती है तो माफिया पुलिस और विभागीय अधिकारियों को निशाने पर लेने से बाज नहीं आते। इसी कड़ी में शानिवा बथनाहा ओपी थानाध्यक्ष अध्यक्ष नंदकिशोर नंदन को गुप्त सूचना मिली कि कजरा धार के किनारे अवैध खनन का काम हो रहा है। जिसके सत्यापन के लिए थानाध्यक्ष ने मिले सूचना के आधार पर एएसआई मनोज सिंह,जवान सुनील कुमार स्थानीय चौकीदार पप्पू पासवान को को कजरा धार भेजा गया। पुलिस अधिकारी मनोज सिंह ने बताया कि दो बाइक से तीनों लोग रास्ते से गुजर रहे थे।

## उत्तराखंड-हिमाचल बॉर्डर पर टोंस नदी में गिरी कार



**टीम एक्शन इंडिया/उत्तरकाशी**
**उत्तराखंड**-हिमाचल बॉर्डर पर एक कार के टोंस नदी में गिरने से हुए हादसे में मारे गए चारों युवकों की पहचान हो गई है। इसमें से दो युवकों की पहचान पहले ही हो गयी थी। कार में कुल चार युवक सवार थे। एसडीआरएफ और पुलिस ने रेस्क्यू कर सभी शवों को नदी से बाहर निकाल लिया है। हालांकि स्थानीय ग्रामीणों ने अपने स्तर पर राहत कार्य शुरू कर दिया था। रविवार सुबह विकासनगर से मीनस की ओर जा रही मारुति कार संख्या एचपी08 ए 4323 क्वानू- मीनस मार्ग पर हिमाचल और उत्तराखंड बॉर्डर के समीप अनियंत्रित होकर खाई में गिरकर टोंस नदी में समा गई थी। कार सवार लोग विकासनगर से हिमाचल के चौपाल (शिमला) जा रहे थे। इस हादसे की जानकारी ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन को दी। इस सूचना के बाद एसडीएम चकराता युक्ता मिश्रा के निर्देशन में राजस्व पुलिस और एसडीआरएफ की टीम रेस्क्यू के लिए घटनास्थल पर भेजी गई। एसडीआरएफ की टीम पहुंचने से पहले ही स्थानीय ग्रामीणों ने राहत अभियान शुरू कर दिया था।

## कैलादेवी के दर्शन को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**टीम एक्शन इंडिया/करौली**
**राजस्थान** के प्रसिद्ध शक्तिपीठों में शुमार कैला देवी का लक्खी मेला-2023 रविवार से विधिवत शुरू हो गया है। पूर्वी राजस्थान के करौली जिले में स्थित प्रसिद्ध शक्तिधाम कैलादेवी के लक्खी मेले में श्रद्धालुओं का आगमन शनिवार से ही शुरू हो गया था। मेले में राज राजेश्वरी कैला माता के दर्शनों के लिये प्रतिवर्ष उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, दिल्ली व हरियाणा सहित कई राज्यों से लाखों की तादाद में श्रद्धालु पैदल आते हैं। रविवार को हिण्डौन-करौली मार्ग पर पैदल यात्रियों की संख्या में भारी इजाफा हो गया, जो हाथों में विशाल पताकाएं लिए व कैला मैया के जयकारे लगाते हुए मंदिर की ओर निरंतर बढ़ रहे हैं। इससे पूरे इलाके की सड़कें व गलियां श्रद्धालुओं व कैला मैया के जयकारे से गुंजायमान है। पैदल यात्रियों की सुविधा के लिए शहर के सामाजिक संगठनों ने दर्जनों निशुल्क भंडारे, ठहराव स्थल व चिकित्सा शिविर भी जगह जगह लगाये हैं, जिनमें भक्तों को सेवाएं निशुल्क मुहैया कराई जा रही है।

केंद्र बनकर उभरेगा

अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में मजबूत पकड़ के लिए 5 एफ के जरिए आगे बढ़ने का लक्ष्य रखा गया

## पीएम मित्र योजना: अमरावती टेक्सटाइल पार्क मुख्य केंद्र बनेगा



**टीम एक्शन इंडिया/पुणे**
**प्रधानमंत्री** मित्र योजना के तहत देशभर में बनने वाले सात टेक्सटाइल पार्कों में से एक अमरावती का इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क मुख्य केंद्र बनकर उभरेगा। इन सभी पार्कों के जरिये इक्कीस लाख लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के अनुसार हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में कई बड़े फैसले लिए गए हैं, जिसमें पीएम मित्र योजना को मंजूरी देना बड़ा फैसला है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु, पंजाब, ओडिशा, आंध्रप्रदेश, गुजरात, राजस्थान, असम, कर्नाटक, मध्यप्रदेश और तेलंगाना सरकार ने मित्र पार्क विकसित करने में रुचि दिखाई है। इस नई मंजूरी के जरिए सात लाख को प्रत्यक्ष और चौदह लाख लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा।
**फाइव एफ के जरिये आगे बढ़ा जाएगा:** अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में मजबूत पकड़ के लिए 5 एफ के जरिए आगे बढ़ने का लक्ष्य रखा गया है।
5 एफ यानी फार्म से फाइबर, फाइबर से फैक्ट्री, फैक्ट्री से फैशन और फैशन से फॉरेन यह सभी कड़ियां मिलकर वैल्यू चैन को मजबूत करेंगी, जो अभी सब अलग-अलग है।

### रैलियां होंगी जोरदार

फाइबर, फाइबर से फैक्ट्री, फैक्ट्री से फैशन और फैशन से फॉरेन यह सभी कड़ियां मिलकर वैल्यू चैन को मजबूत करेंगी

